सूर्योदय 6:44 सूर्यास्त 5:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.6 न्यू | 19.4 अधि |
| धर्मशाला | 10.8 न्यू | 24.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77580.31 |
| निफ्टी | 23532.70 |
| सोना | 75,760 |
| चांदी | 91,773 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




हमारी समृद्ध संस्कृति को बचाने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी की : राज्यपाल

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 16 नवंबर 2024 | 1 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 330, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुक्खू मंत्रिमंडल की बैठक में आज होंगे अहम फैसले

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की शनिवार को होने वाली बैठक में कई अहम फैसले लिए जाएंगे। करूणामूलक आधार पर नियुक्ति देने के लिए नियमों में सुधार के मामले पर फैसला हो सकता है। करूणामूलक आधार पर सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नौकरी देने के 3,234 मामले लंबित पड़े हैं। शिक्षकों की भर्ती राज्य चयन आयोग की बजाय शिक्षा बोर्ड से करवाने पर फैसला लिया जा सकता है। बैठक में हाईकोर्ट की ओर से सीपीएस को लेकर दिए गए फैसले के अलावा कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। वहीं, विधानसभा शीतकालीन सत्र की तारीख पर भी निर्णय लिया जाएगा। विभागों में रिक्त पड़े पदों, सरकार के दो साल पूरे होने पर भी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श होगा।

### पीओके में नहीं होगा चैंपियंस ट्रॉफी टूर

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी-2025 को लेकर बड़ी खबर आ रही है। पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा है। दरअसल आईसीसी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके के किसी भी क्षेत्र में चैंपियंस ट्रॉफी टूर को रद्द कर दिया है। आईसीसी ने आदेश जारी करते हुए पीसीबी को चैंपियंस ट्रॉफी का दौरा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के किसी भी विवादित क्षेत्र में ले जाने से मना कर दिया है।

### ओडिशा के 24 तटीय गांव 'सुनामी रेडी' घोषित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा राज्य के 24 तटीय गांव सुनामी रेडी (सुनामी की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार) घोषित किए गए हैं। यूनेस्को के 'इंटर गवर्नमेंटल ओसीनोग्राफिक कमीशन' ने भी इन 24 गांवों को सुनामी रेडी होने की मान्यता दे दी है। 11 नवंबर को इंडोनेशिया में दूसरे ग्लोबल सुनामी सिम्पोसियम का आयोजन किया गया। इसी आयोजन के दौरान यूनेस्को ने ओडिशा के 24 गांवों को सुनामी रेडी होने का प्रमाण पत्र जारी किया। बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी और गंजम जिले के गांवों को सुनामी के लिए तैयार रहने का प्रमाणपत्र नवीनीकरण किया है। इन दो गांवों को साल 2020 में ही सुनामी के लिए तैयार घोषित कर दिया गया था।

### महाराष्ट्र में ईसी ने ली शाह के बैग की तलाशी



**हिंगोली।** गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को महाराष्ट्र के हिंगोली में चुनाव प्रचार के लिए आए थे। इस दौरान चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकारियों ने हेलिकॉप्टर में रखे बैग की जांच की। अधिकारियों ने इसकी वीडियोग्राफी भी करवाई।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति की पार्टी को संसदीय बहुमत



**कोलंबो।** राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की पार्टी 'नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) ने संसद में बहुमत हासिल कर लिया। एनपीपी ने 123 सीट जीतीं, जबकि 171 सीटों पर परिणाम की घोषणा हो चुकी है। कुल 196 सीटों में से 25 सीटों के परिणाम घोषित होने बाकी हैं।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- देवठन पर ढूंठ में हजारों लोगों ने किए देव जुग्गा के दर्शन -पेज 2
- इस माह 4,500 राशन डिपुओं में नहीं पहुंचा तेल और दालों का कोटा -पेज 3
- पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आज होगा आगाज -पेज 4
- मनोज बाजपेयी की फिल्म 'द फैबल' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार -पेज 13
- चीन के खिलाफ हॉकी मैच में भारत के लिए कठिन चुनौती -पेज 14


# एक परिवार के लिए आदिवासियों के योगदान की अनदेखी : मोदी

## कहा- भारत की आजादी के लिए सिर्फ एक दल को श्रेय देने की हुई राजनीति

**एजेंसी, जमुई**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी नेताओं के योगदान को कमतर आंकने का प्रयास किया, ताकि केवल एक पार्टी और एक परिवार को श्रेय मिल सके।

पीएम मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर बिहार के जमुई जिले के खैरा गांव में 'जनजातीय गौरव दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों के योगदान को मिटाने की कोशिश की है। आज जब हम जनजातीय गौरव वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं, तब यह समझना भी बहुत जरूरी है कि आयोजन की आवश्यकता क्यों हुई। यह इतिहास के एक बहुत बड़े अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास है। आजादी के बाद आदिवासी समाज के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया गया, जिसका मेरा आदिवासी समाज हकदार था।

> स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर कांग्रेस पर साधा निशाना

आदिवासी समाज वह है, जिसने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैकड़ों वर्षों की लड़ाई को नेतृत्व दिया, लेकिन आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के इस अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिशें की गईं, इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति यह कि भारत की आजादी के लिए सिर्फ एक ही दल को श्रेय दिया जाए।

### बिरसा मुंडा के नाम पर 150 रुपए का सिक्का और स्मारक डाक टिकट किया जारी

**पीएम** ने बिरसा मुंडा के नाम पर 150 रुपए का सिक्का और 5 रुपए का स्मारक डाक टिकट जारी किया है। पीएम ने यह स्मारक सिक्का और डाक टिकट बिरसा मुंडा के वंशज को भेंट किया। सिक्के के एक तरफ बिरसा मुंडा की तस्वीर है। दूसरी तरफ अशोक स्तंभ और सत्यमेव जयते लिखा है। इस दौरान पीएम ने 6,640 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा दो जनजातीय फ्रीडम फाइटर म्यूजियम और दो जनजातीय रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी किया।

### आदिवासियों ने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया

**पीएम** मोदी ने कहा कि 'आदिवासी समाज वह है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज ने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए, सैकड़ों सालों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के योगदान को मिटाने के लिए कोशिश की गई। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। पीएम परिवारवाद और आदिवासियों की अनदेखी को लेकर पिछली सरकारों को घेरा। नीतीश कुमार की तारीफ भी की।

### जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी ने पूजा

**कार्यक्रम** में सीएम नीतीश कुमार ने फिर से कहीं और न जाने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि 'हम लोग हमेशा से साथ में थे। 1995 से हम लोग साथ रहे हैं। इसलिए हम लोग कहीं भी इधर-उधर नहीं जाएंगे। दो बार गलती हुई, लेकिन अब हमेशा साथ रहेंगे।' करीब 40 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासियों पर फोकस किया। पीएम मोदी ने कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, मोदी उनको पूजता है।


# जिस दिन जातीय जनगणना हो गई देश का चेहरा बदल जाएगा: राहुल

## गरीबों की कीमत पर अरबपतियों के हितों की पूर्ति कर रहे मोदी

**एजेंसी, महगामा ( झारखंड )**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को झारखंड के गोड्डा जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने पीएम मोदी पर भारत के गरीबों की कीमत पर अरबपतियों के हितों की पूर्ति करने का आरोप लगाया।

राहुल ने दावा किया कि विपक्ष संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहा है, जबकि भाजप उसे कूड़ेदान में डालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी कहते हैं कि राहुल गांधी 'लाल किताब' दिखा रहा है। मोदी जी, इस किताब का रंग जरूरी नहीं है। इसमें जो लिखा है, वह जरूरी है। अगर आपने इसे पढ़ा होता तो आप लोगों में नफरत नहीं फैलाते, सबको एक दूसरे से नहीं लड़ाते। राहुल ने कहा



कि जिस दिन जातीय जनगणना हो गई, उस दिन से देश का चेहरा बदल जाएगा। दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों को उनकी असली ताकत का पता चलेगा और इसके बाद एक नई राजनीति की शुरुआत हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा भले ही जातीय जनगणना की मांग नकार दे, लेकिन कांग्रेस पार्टी लोकसभा में इसका प्रस्ताव पास करेगी। उन्होंने कहा कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, गरीबों की सही संख्या सामने आते ही हम आरक्षण की 50 प्रतिशत की दीवार को झारखंड से लेकर दिल्ली तक तोड़कर दिखाएंगे।

### बोले- हमारे सामने विचारधारा की लड़ाई

**राहुल** ने कहा कि हमारे सामने विचारधारा की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी के लोग और गठबंधन संविधान को बचाने का काम कर रहे हैं। भाजपा-आरएसएस, अंबेडकर जी के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वे हिंसा फैला रहे हैं और जाति, पंथ और धर्म के आधार पर समाज को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं।'' वह मोदी या उनके '56 इंच के सीने' से नहीं डरते। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) अरबपतियों की कठपुतली हैं।

# झारखंड में पीएम मोदी के विमान में आई तकनीकी खराबी, राहुल गांधी भी गोड्डा में डेढ़ घंटे तक फंसे

**एजेंसी, देवघर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के विमान में तकनीकी खराबी आने से देवघर हवाई अड्डे पर रोका गया।

प्रधानमंत्री ने बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। उनका विमान देवघर एयरपोर्ट पर उतरा और इसके बाद वह हेलिकॉप्टर से जमुई पहुंचे थे। इसके बाद उन्हें वापस दिल्ली लौटना था, लेकिन विमान तकनीकी दिक्कत की वजह से उड़ान नहीं भर पाया है। इसके बाद दिल्ली से उनके लिए स्पेशल प्लेन भेजा गया। इसके बाद शाम 4.55 बजे दिल्ली रवाना हो गए। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की भी उड़ान रोकी गई। राहुल मेहरमा में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। जब वह वापसी के लिए हेलिकॉप्टर पर बैठे तो उड़ान की स्वीकृति नहीं दी गई।

# आगामी बजट में दूध के खरीद मूल्य में होगी वृद्धि

## सीएम सुक्खू ने रामपुर में किया दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन

## भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद, शराब ठेकों की नीलामी से हुआ 600 करोड़ का राजस्व



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को शिमला जिले के रामपुर में 16 करोड़ रुपए से बने 50,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता के दत्तनगर दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि अब पशुपालक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र में अब पहले से ज्यादा दूध बेच सकेंगे।

उन्होंने आगामी बजट में दूध के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी का भरोसा दिया। यहां अभी तक 20 हजार लीटर क्षमता का मिल्क प्लांट था। अब 50 हजार लीटर की क्षमता का प्लांट शुरू हो गया है।

इस मौके पर कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री सुक्खू पदम पैलेस भी गए। इस दौरान मंत्री विक्रमादित्य सिंह मौजूद रहे। सीएम ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट के जरिए दी। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद किए। हमारी सरकार में शराब ठेकों की एक ही नीलामी पर 600 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। मिल्क सेस के रूप में 120 करोड़ रुपए कमाए हैं। प्राकृतिक खेती सेस भी लिया जाएगा।

### प्रदेश के सबसे बड़े प्लांट में फ्लेवर वाला दूध होगा तैयार

**प्लांट** में पहली बार फ्लेवर वाला दूध भी तैयार किया जाएगा। यह प्रदेश का सबसे बड़ा प्लांट है। चार जिलों शिमला, मंडी, कुल्लू और किन्नौर के लिए वर्ष 2012 में यहां 20,000 लीटर की क्षमता वाला मिल्क प्लांट स्थापित किया गया था। रोज क्षेत्र के पशुपालकों से 70,000 लीटर दूध एकत्रित करके प्रोसेस किया जाता था। मिल्क प्लांट की क्षमता बढ़ने से पशुपालकों को फायदा होगा। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। निकट भविष्य में यहां दूध से बनने वाले विभिन्न उत्पादों को तैयार करने की भी योजना है।

# हमीरपुर डीसी ऑफिस की एचपीटीडीसी पर 5 लाख की देनदारी

## पर्यटन निगम के लाखों रुपए पर सरकारी विभागों ने मारी है कुंडली

**शुभम राही, बिलासपुर**

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम यानी एचपीटीडीसी के होटलों को खाने-पीने के बिलों के भुगतान अभी तक कई जिलों के मुखिया नहीं कर रहे हैं।

हमीरपुर डीसी ऑफिस की ओर से पर्यटन निगम की 5 लाख की देनदारी एक साल चार महीने से नहीं दी जा रही है। पर्यटन निगम की ओर से तीन बार पत्राचार भी किया गया, लेकिन बड़े अधिकारी इन देनदादियों पर कुंडली मारकर बैठे हुए हैं। हमीरपुर डीसी ऑफिस के अलावा डीसी ऑफिस कुल्लू, डीसी ऑफिस बिलासपुर, एम्स बिलासपुर, सीएमओ बिलासपुर, गर्ल्स स्कूल बिलासपुर की भी काफी देनदारी पेंडिंग है। अब पर्यटन निगम बिलासपुर ने सभी विभागों को पत्राचार कर कहा कि जल्द से जल्द पेंडिंग पेमेंट दे दी जाए।

> पेंडिंग पेमेंट के लिए बार बार किया पत्राचार

गौरतलब है कि प्रदेश हाईकोर्ट ने पर्यटन विकास निगम के पेंडिंग बिलों का भुगतान 48 घंटे के भीतर करने के आदेश जारी किए हैं। हिमाचल हाईकोर्ट के 12 नवंबर के आदेशों के तहत निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने सभी होटल यूनिट प्रबंधकों को आदेश जारी किए हैं। उन्होंने आदेशों में स्पष्ट कहा कि सरकारी विभागों, बोर्ड और निगमों से जो पैसे की रिकवरी करनी है, उसे 30 नवंबर तक पूरा करें। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर के अलावा 5 और जगह से नहीं हुआ भुगतान

**डीसी** ऑफिस हमीरपुर की एक साल चार महीने से 5 लाख की राशि पेंडिंग है। 19 अक्तूबर को डीसी कुल्लू ऑफिस के आदेशानुसार, 8 लोगों को लेक व्यू में लंच करवाया गया, जिसकी पेमेंट 4935 रुपए थी, जो पेंडिंग है। 29 अक्तूबर को एम्स बिलासपुर की 26 हजार की पेमेंट नहीं दी गई। सीएमओ बिलासपुर की 26 अक्तूबर की 12,196 रुपए व गर्ल्स स्कूल बिलासपुर के 10,302 रुपए और डीसी ऑफिस बिलासपुर की ओर से 45,360 रुपए नहीं चुकाए गए।

> सभी होटल यूनिट मैनेजर को आदेश जारी किए हैं कि जहां-जहां पर भी पेमेंट अभी तक पेंडिंग है, उनको पत्राचार करके पेमेंट करवाई जाए। निगम का घाटा पूरा करने के लिए पेंडिंग पेमेंट का आना जरूरी है।
>
> **-राजीव कुमार, पर्यटन निगम, प्रबंध निदेशक।**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### कर्मचारियों व पेंशनर्स पर निगम की देनदारी

**पर्यटन** विकास निगम के होटलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के एवज में देनदारियां न चुकाने से निगम का घाटा बढ़ता जा रहा है। इस कारण निगम अपने कर्मचारियों व पेंशनर्स की देनदारी नहीं कर पा रहा। पर्यटन निगम बिलासपुर के मैनेजर व डीडीओ तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि सभी विभागों के मुखियाओं को पत्राचार किया गया है। सभी पेंडिंग पेमेंट को जल्द पूरा करने के लिए कहा है। पर्यटन निगम की लाखों रुपए की राशि अभी तक पेंडिंग है।

# ननकाना साहिब जा रहे हिंदू तीर्थयात्री की गोली मार हत्या

**एजेंसी, लाहौर**

**पाकिस्तान** के ननकाना साहिब में गुरु नानक देव की 555वें प्रकाश पर्व समारोह में भाग लेने जा रहे एक पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्री की लुटेरों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि सिंध प्रांत के लरकाना शहर के मूल निवासी राजेश कुमार अपने दोस्त और एक रिश्तेदार के साथ कार से लाहौर से ननकाना साहिब जा रहे थे, तभी लाहौर से लगभग 60 किलोमीटर दूर मानांवाला-ननकाना साहिब रोड पर तीन बंदूकधारियों ने उनका रास्ता रोक लिया। बंदूकधारियों ने साढ़े चार लाख रुपए और चालक से 10,000 रुपए छीन लिए। विरोध



करने पर उन पर गोलियां चला दीं और भाग गए। डकैती और गोलीबारी की घटना के बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। वहीं, ननकाना साहिब में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर भारत से 2,500 से अधिक सिखों और बड़ी संख्या में स्थानीय व विदेशी श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

# गोद लिए बच्चे की आयु 3 माह से अधिक महिला को मातृत्व अवकाश क्यों नहीं?

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा, अवकाश के प्रावधान का बताना होगा औचित्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मातृत्व अवकाश के मामले में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने केंद्र से उस प्रावधान के पीछे का औचित्य बताने को कहा है, जिसके तहत महिलाओं को मातृत्व अवकाश का लाभ लेने का अधिकार दिया गया है। केंद्र सरकार के वर्तमान नियमों के मुताबिक, केवल तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिलाओं को ही मातृत्व अवकाश का लाभ लेने का अधिकार है। याचिकाकर्ता ने मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के इस



प्रावधान की संवैधानिक वैधता पर सवाल खड़े किए हैं। कानूनी प्रावधान को चुनौती देने वाली इस याचिका पर जस्टिस जेबी पारदीवाला और पंकज मिथल की पीठ ने आदेश पारित किया।

### 3 हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश

**मातृत्व** अवकाश मामले की सुनवाई करने के दौरान सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि केंद्र ने तीन महीने की उम्र निर्धारित करने को उचित ठहराते हुए अपना जवाब दाखिल किया है। हालांकि, सुनवाई के दौरान कई मुद्दे सामने आए हैं, जिन पर विचार करना जरूरी है। तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि सरकार आज सुनवाई के दौरान उठे मुद्दे पर एक और जवाब दाखिल करेगी।

**रिपोर्ट** दुनियाभर की बड़ी कंपनियां, ग्लोबल एजेंसियों और वर्ल्ड बैंक ने माना भारत की आर्थिक तरक्की का लोहा

# भारत 2031 तक बनेगा 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** की अर्थव्यवस्था तमाम चुनौतियों के बावजूद तेज रफ्तार के साथ भाग रही है। भारत की आर्थिक तरक्की का लोहा दुनियाभर की बड़ी कंपनियों से लेकर ग्लोबल एजेंसियों और वर्ल्ड बैंक तक ने माना है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा।

इस दौरान देश की जीडीपी की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत होगी। वित्त वर्ष 2025 से लेकर वित्त वर्ष 2031 तक की वार्षिक वृद्धि दर महामारी से पहले के दशक की औसत विकास दर 6.6 प्रतिशत के जैसी ही होगी। बढ़त की वजह पूंजीगत खर्च और उत्पादकता में इजाफा होना है।





### महंगाई दर 2024-25 में औसत 4.5 फीसदी रहने का अनुमान

**उपभोक्ता** मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई दर 2024-25 में औसत 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि पिछले साल के औसत 5.4 प्रतिशत से कम है। मौसम की स्थिति और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को विकास और महंगाई के लिए मुख्य जोखिम माना गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस वर्ष खरीफ की बुआई अधिक हुई है, लेकिन अधिक और बेमौसम बारिश के प्रभाव का पता लगाने की जरूरत है।

### 2025-2027 में भारत की जीडीपी सालाना 6.5-7 प्रतिशत बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** अगले तीन वित्त वर्षों 2025-2027 में भारत की जीडीपी सालाना 6.5-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और देश की अच्छी आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता को भी मजबूत करेगी। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी लेटेस्ट वैश्विक बैंक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च और निजी खपत मजबूत आर्थिक वृद्धि को समर्थन देंगे। आरबीआई की नियामकीय सख्ती से मध्यम अवधि में वित्तीय प्रणाली मजबूत होगी।'

### रिटेल लोन के लिए अंडरराइटिंग मानक काफी बेहतर

**रिपोर्ट** के मुताबिक, भारतीय बैंकिंग सेक्टर के खराब कर्ज 31 मार्च, 2025 तक घटकर कुल कर्ज का लगभग 3.0 प्रतिशत रह जाएंगे, जो 31 मार्च, 2024 तक अनुमानित 3.5 प्रतिशत से कम है। भारत में रिटेल लोन के लिए अंडरराइटिंग मानक काफी बेहतर हैं।

# गुजरात के पोरबंदर में करोड़ों की 700 किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**गुजरात** एटीसए और एनसीबी ने मिलकर बड़ी कामयाबी हासिल की है। भारतीय नौसेना की मदद से पोरबंदर के पास से 700 किलो से ज्यादा ड्रग्स पकड़ी है। आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह ऑपरेशन अरब सागर में चलाया गया था।

भारतीय एजेंसियों को सूचना मिली थी कि एक ईरानी नाव ड्रग्स लेकर भारत आ रही है। आईएमबीएल रडार ने इस नाव को भारतीय समुद्री सीमा में घुसते हुए देखा और उसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया। एनसीबी ने कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर 'सागर मंथन-4' नाम से एक अभियान शुरू किया गया था। नौसेना ने एक जहाज की पहचान की और उसे रोक दिया। एनसीबी ने कहा कि भारतीय जलक्षेत्र में लगभग 700 किलोग्राम 'मेथामफेटामाइन' की बड़ी खेप जब्त की गई। आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### विकासनगर में ऊना नंबर 1 की 8 बोतलें बरामद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** छोटा शिमला के तहत विकासनगर में पुलिस ने एक जनरल स्टोर से ऊना नंबर 1 की 8 बोतलें बरामद की है। पुलिस को यह कामयाबी गश्त के दौरान मिली है। पुलिस की टीम जब विकासनगर में गश्त पर थी तो उन्हें गुप्त सूचना से पता चला कि यहां पर शराब रखी गई है। पुलिस ने वीरेंद्र सिंह गांव कोरग जिला सिरमौर उम्र 37 साल से उसकी दुकान राणा जनरल स्टोर विकासनगर शराब बरामद की। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### पहाड़ी नाटी पर झूमे बायचड़ी स्कूल के छात्र



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शहीद वेद प्रकाश राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बायचड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह से मनाया गया। कार्यक्रम का आगाज समारोह के मुख्यातिथि समाजसेवक पूर्व प्रधानाचार्य और राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व राज्य समन्वयक दिलीप ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजेंद्र बंसल ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। मुख्यातिथि द्वारा शैक्षिक व सह शैक्षिक क्षेत्र में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे। विद्यालय के विद्यार्थी नमन को स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया।

### रितिका और रोहित बने वेस्ट स्वयंसेवी

**दशमी रावत, रोहड़ू।** वीरभद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अढाल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष जादौन बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे, इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूषण शर्मा मौजूद रहे। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा एवं स्थानीय पाठशाला के सभी अध्यापक वर्ग ने मिलकर इस सात दिवसीय शिविर को चार चांद लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस अवसर पर छात्रा वर्ग में स्वयंसेवी रितिका शर्मा को एवं छात्र वर्ग में रोहित ठाकुर वेस्ट स्वयंसेवी घोषित किए गए।

### राजधानी में सब्जियों के दामों में उछाल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी में अब सब्जियों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। मटर, टमाटर और प्याज के दाम विल्कुल भी नहीं घट रहे हैं। सब्जि मंडी शिमला में मटर 130 से 160 रूपए प्रतिकिलों में बिक रहा है। वहीं प्याज 60 और टमाटर भी 60 रुपए प्रतिकिलों बिक रहा है। उप नगरों में इससे 20 रूपए तक अधिक दाम वसूले जा रहे है। टमाटर व मटर की आपूर्ति कम होने के चलते आए दिन दामों में बढ़ोतरी हो रही है। आम आदमी पहले ही महंगाई के बोझ से दबा पड़ा है। अब टमाटर और प्याज के बढ़े दामों ने गृहिणियों का आर्थिक बजट बिगाड़ के रख दिया है। इसके अलावा शिमला मिर्च 60 से 180 रुपये प्रतिकिलोग्राम, फूल गोभी 40 से 60, फ्रांसबिन 80, बंदगोभी 40 रूपए प्रतिकिलोग्राम मिल रही है। उप नगरों में इससे भी ज्यादा दाम वसूले जा रहे है। सब्जि मंडी के विक्रेताओं का कहना है कि आगामी दिनों में दाम ज्यादा भी बढ़ सकते है।

### सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा में मनाया 'गुरु पर्व'



**कोटखाई, भरत ठाकुर।** सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा, कोटखाई में 'गुरु पर्व' का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें बच्चों व स्टाफ की समस्त सदस्याओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्ले स्कूल की प्रधानाचार्य शैलजा अमरेईक ने सभी प्रदेशवासियों को 'गुरु पर्व' की बधाई । प्रधानाचार्य शैलजा अमरेईक ने कहा कि सनरॉक प्ले स्कूल इस प्रकार के उत्सवों का आयोजन करता ही रहता है जिससे कि बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत करवाया जा सके।

# देवठन पर ठूंड में हजारों लोगों ने किए देव जुन्गा के दर्शन

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**



देवठण पर्व पर ठूंड में लोग देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए ।

देवताओं के स्थान ठूंड में देवोत्थान, जिसे स्थानीय भाषा में देवठण कहते हैं, के पर्व पर हजारों लोगों ने देव जुन्गा के दर्शन करके आर्शिवाद प्राप्त किया। इस वर्ष काफी अंतराल के उपरांत देवता जुन्गा के जागरण में करियाला का आयोजन किया जिसमें प्रसिद्ध लोकगायक किशन वर्मा सहित अन्य कलाकरों ने पूरी रात लोगों का एक पहाड़ी नाटी प्रस्तुत करके मनोरंजन किया गया । इस मौके पर भंडारा का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुंओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।

देवोत्थान पर्व बारे जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी नंदलाल शर्मा ने कहा कि ठूंड को रियासतकाल से 22 देवताओं का स्थान माना जाता है जहां पर हर वर्ष देवशयनी और देवोत्थान के अवसर पर देव जुन्गा का आर्शिवाद पाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु आते हैं। देव जुन्गा देवचंद की मान्यता सोलन जिला के स्पाठू, सिरमौर के शरगांव , नेईनेटी, शिमला के जुन्गा, शोधी, न्यू शलोठ, पीरन-ट्राई, बलोग इत्यादि क्षेत्रों में पाई जाती हैं और लोग देव जुन्गा को अपना कुलईष्ट मानते हैं।

उन्होंने बताया कि देवठन और दसूणी के अवसर पर पूरे क्षेत्र के देवता देवचंद, पंजाल के कुंथली देवता, धार के मनूणी देवता, भनोग के जुन्गा देवता सहित 22 देवता एकत्रित होते है जहां पर लोग मनौती पूर्ण होने पर देवता को भेंट अर्पित करते हैं।

उन्होंने बताया कि देव जुन्गा देवचंद के कलैणे में कनोगू, रोहाल, शलोंठी, भौंठी, टकराल, छिब्बर, बलीर, सराजी सहित 22 गौत्र अर्थात खैल कहते हैं, के लोग आकर परंपरा को निभाते हैं। देवठण की रात्रि को लोग डोम देवता के प्रांगण में 22 देवता का जागरण किया जाता हैं और अगले दिन देवता के गुर की देववाणी से आर्शिवाद प्राप्त करते हैं।

जुन्गा देवता के कलैणे मनोहर सिंह ठाकुर ने बताया कि जुन्गा देवता का इतिहास क्योंथल रियासत के राजा परिवार से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जुन्गा देवता की मान्यता समूची तत्कालीन क्योंथल रियासत में पाई जाती है । इस क्षेत्र के लोग परिवार में बेटा होने व अन्य शुभ कार्यों होने पर देवता को अपने घर पर आमंत्रित करते हैं।

## स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में अन्नकूट उत्सव 17 को

**शिमला।** राजधानी के न्यू शिमला स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर (अक्षरधाम) में दीपावली पर्व के बाद मनाया जाने वाला अन्नकूट का उत्सव (छप्पन भोग) रविवार यानि 17 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। 5 हजार वर्ष पहले भगवान श्रीकृष्ण जी के द्वारा यह सुन्दर परंपरा स्थापित हुई थी और भगवान स्वामीनारायण के द्वारा यह परंपरा सुदृढ़ हुई।

बीएपीएस स्वामी नारायण संप्रदाय के प्रकट गुरुदेव परमपूज्य महंतस्वामी महाराज के मार्गदर्शन में संपूर्ण विश्व के 1500 से अधिक स्वामीनारायण मंदिरों में अन्नकूट उत्सव सहित सभी हिंदू पर्व और त्यौहार भक्तिभाव, भाईचारे और सौहार्द्र के साथ भव्यतापूर्वक मनाए जाते हैं। भक्तों ने एक महीने पहले से अन्नकूट की तैयारियां शुरू कर दी थीं। शहर के कई घरों से भगवान को को निवेदित करने के लिए प्रसाद बनाकर लाया जाएगा।

इस वर्ष लगभग 300 परिवारों से 400 के आसपास व्यंजन बनाकर लाए जाएंगे। अन्नकूट उत्सव के दिन भक्तों द्वारा भगवान को निवेदित करने के लिए सभी व्यंजनों को भोग के रूप में बड़े ही आकर्षक तरीके से भगवान के आगे सजाया जाएगा।

# गुरु नानक के प्रकाश पर्व पर संगत को कीर्तन से किया निहाल



कीर्तन करते हुए रागी जत्थे और मौजूद संगत।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजधानी शिमला में गुरु नानक का 555वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिमला में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा शिमला द्वारा सुबह 4:45 बजे गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया। इसके साथ ही नितनेम पाठ, सुखमनी साहिब, अखंड पाठ, सहज पाठ साहिब किया गया। लुधियाना से आए रागी बलजीत सिंह ने कीर्तन संगत को निहाल किया।

इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा शिमला के अध्यक्ष जसविंद्र सिंह ने कहा कि गुरु नानक जयंती पर शिमला के गुरुद्वारा में पहुंची संगत के लिए गुरु नानक देव के कई उपदेश दिए।

गुरु नानक देव जी ने समाज सुधार के लिए ज्ञान का प्रकाश फैलाया था। यही कारण है कि उनकी जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। गौरतलब है कि गुरु नानक जी का जन्म 1469 को पंजाब के तलवंडी में कार्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ था।

यह स्थान अब पाकिस्तान में है। इस जगह को ननकाना साहिब भी कहा जाता है। इनके पिता का नाम कल्याण चंद और माता का नाम तृप्ता था। 16 साल की उम्र में नानक जी ने दौलत खान लोदी के अधीन काम करना शुरू किया।

# क्लस्टर कमेटी ने महाविद्यालय कुपवी का दौरा कर जानी समस्याएं

**दशमी रावत, रोहड़ू**



कमेटी सदस्य असेसमेंट रिपोर्ट का सत्यापन करते हुए।

क्लस्टर स्तर की एक टीम जिसमें अध्यक्ष डॉ. पीपी चौहान प्राचार्य, एलबीएस कॉलेज, सरस्वती नगर व उपाध्यक्ष डॉ. ललिता रावत प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सीमा सहित सदस्य डॉ. अनिल चौहान व लोकींदर ठाकुर सुपरिटेंडेंट ग्रेड -2 महाविद्यालय सीमा शामिल रहे, उन्होंने राजकीय महाविद्यालय कुपवी का दौरा किया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट का भौतिक सत्यापन करना और कॉलेज के बुनियादी ढांचे और शिक्षकों के सामने आने वाली समस्याओं का जायजा लेना था। निरीक्षण के बाद कमेटी ने कॉलेज स्टाफ के साथ एक बैठक की, जिसमें सीमित संसाधनों और बुनियादी ढांचे की जरूरतों सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जो शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं।

कमेटी द्वारा किए गए निरीक्षण और उनके सुझावों के आधार पर भविष्य में कॉलेज में सुधार की दिशा में कदम उठाए जाने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## सुक्खू सरकार को बेनकाब कर रहे जयराम : बलदेव

**शिमला।** भाजपा प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री के बचाव में दलील देने वाले नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि वह विपक्ष पर आरोप लगाने की बजाय अपने मुख्यमंत्री से कहें कि वह जहां भी जाएं हिमाचल का सच बताएं या फिर प्रचार करने ही न जाएं।

एक तरफ जब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में प्रदेश की सुक्खू सरकार की कारगुजारियों की वजह से हर दिन किरकिरी हो रही हो, सरकार की हर नाकामी को देश के लोग दिन रात देख रहे हों तो देशभर में मुख्यमंत्री को जाकर अपनी तारीफ करने और झूठ बोलने से बाज आना चाहिए। बलदेव तोमर ने कहा कि भाजपा के नेता सुक्खू सरकार को बेनकाब करेंगे।

# किसानों-बागवानों के साथ अन्याय कर रही कांग्रेस सरकार : चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सोलर फेसिंग पर मिलने वाली सब्सिडी को बंद कर किसानों-बागवानों के साथ अन्याय किया है, ये बात प्रदेश प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने कृषि विभाग के माध्यम से किसानों के फल और फसलो के बचाव के लिए सोलर फेसिंग योजना शुरू की थी। जिस योजना के मुताबिक किसानों- बागवानों को उनके खेतों के बाहर सोलर फेसिंग लगाने के लिए 1500 रनिंग फुट तक के लिए 70 प्रतिशत की सब्सिडी किसानों को मिल रही थी। जिससे बागवानों-किसानो को बहुत लाभ मिल रहा था। चेतन ने कहा कि सोलर फेसिंग लगने से किसान-बागवान जंगली जानवरों की वजह से अपनी फसलो को हो रहे नुकसान से बचा पा रहे थे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस योजना को क्यों बंद किया ये उनकी समझ से परे है जबकि किसान इस योजना से लाभान्वित हो रहा था।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि ये सरकार बागवान विरोधी है। जब से हिमाचल प्रदेश मे ये सरकार काबिज हुई है तब से आज तक इस सरकार ने बागवानी विरोधी निर्णय लेकर बागवानों और किसानों को हताश-निराश किया है। बागवानों के साथ हो रहे अन्याय को रोकना चाहिए।

## लाखों की ज्वेलरी सहित 43 हजार रुपए चोरी

**शिमला।** शिमला के सुन्नी थाना के तहत एक घर से चोरी का मामला सामने आया है। यहां पर शातिरों ने एक घर से ज्वेलरी सहित नगदी चोरी की है। सुन्नी थाना में शिकायतकर्ता राम लाल पुत्र किंटू राम निवासी गांव घरयाणा डाकघर एवं तहसील सुन्नी, जिला शिमला उम्र 62 वर्ष ने शिकायत दर्ज करवाई है कि सोने का जेवर जिसमें तीन सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी बालियां, एक जोड़ी झुमका, एक जोड़ी टॉप्स और दो सोने की नाक की बालियां, एक सोने का मंगल सूत्र, एक चांदी का मंगल सूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल और 43,000 रुपए नकदी चोरी हो चुके थे। ज्वेलरी की किमत 2 लाख रुपए के आसपास की आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# अब कुठेड़ा से घुमारवीं होते हुए एम्स पहुंचेगी बस

## कुठेड़ा से सुबह 6:40 बजे करेगी प्रस्थान, 10 पंचायतों के हजारों लोगों को मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि घुमारवीं से एम्स तक चलने वाली बस सेवा के रूट में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। घुमारवीं से सुबह 7:40 बजे एम्स जाने वाली बस अब कुठेड़ा से प्रस्थान करेगी।

यह बस सुबह 6:40 बजे कुठेड़ा से चलकर घुमारवीं होते हुए एम्स पहुंचेगी। सुबह 6:40 बजे कुठेड़ा से प्रस्थान करने के बाद यह बस सुबह 7:40 बजे घुमारवीं बस स्टैंड और सुबह 8:30 बजे एम्स पहुंचेगी। वहीहं, शाम 5: 05 बजे एम्स से प्रस्थान करने के बाद शाम 6 बजे घुमारवीं और शाम 7 बजे कुठेड़ा पहुंचेगी। मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि इस बस सेवा के मार्ग और समय सारणी में बदलाव से कुठेड़ा से घुमारवीं के बीच स्थित 10 पंचायतों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

यह निर्णय इन पंचायतों के निवासियों के अनुरोध पर लिया गया है, जिन्होंने हाल ही में मंत्री से भेंट कर इस बस सेवा को उनके क्षेत्रों से संचालित करने की मांग की थी। मंत्री ने जनता की जरूरतों को समझते हुए इस प्रस्ताव को मंजूरी दी।

### इन पंचायतों को मिलेगा सीधा लाभ

**इस** नए बस रूट से कुठेड़ा, तलवाड़ा, पटेर, भुलस्वाएं, मोर सिंघी, कोठी, त्यून खास, लद्दा, मैहरी, और काथला, दावला पंचायतों के करीब 20,000 निवासियों को सुविधा मिलेगी। एम्स जैसे प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंच अब इन क्षेत्रों के लोगों के लिए अधिक सुगम हो जाएगी। इस बस सेवा का प्राथमिक उद्देश्य यह है कि परिवहन सुविधा न केवल स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनाएगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी सहायक होगी। मंत्री ने बताया कि यह बस सेवा खासतौर पर एम्स में उपचार के लिए जाने और वापस आने वाले यात्रियों को ध्यान में रखकर समयबद्ध की गई है। यह कदम ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए यात्रा को सरल, सुगम और अधिक सुविधाजनक बनाएगा।

## निहाल में मृत मिला बारहसिंगा



**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के निहाल सेक्टर में शुक्रवार सुबह के समय एक मृत बारहसिंगा मिला है। निहाल सेक्टर में स्थित एक घर की दिवार के साथ यह बाहरसिंगा मृत पड़ हुआ था। ऐसे में स्थानीय लोगों द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस थाना में दी गई। पुलिस की टीम द्वारा वन विभाग को सूचित किया गया और उसके बाद वन विभाग के डीएफओ बिलासपुर भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से बाहरसिंघा को बाहर निकाला गया और वन विभाग की गाड़ी से उसे पशु चिकित्सालय बिलासपुर पहुंचाया गया। जहां पर बाहरसिंघा को पोस्टमार्टम किया गया है। उधर, बिलासपुर डीएफओ राजीव कुमार ने बताया कि फोन के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली थी। मौके पर जाकर देखा गया तो बाहरसिंघा मृत है।

# बिरसा मुंडा के दिखाए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा महान आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष मनाने के लिए आज हरोली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीटन में एक विशेष ग्राम सभा-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष ग्राम सभाएं देशभर के 54202 गांवों में आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों और जनजातीय समुदाय को वन अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त अधिकारों और अवसरों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे अपने अधिकारों की बेहतर समझ रख सकें और समुदाय की भलाई के लिए सशक्त कदम उठा सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने की। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले में हुआ था। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश राज के दौरान आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और उन्हें अपने समुदाय के लोगों के बीच 'धरती बाबा' के नाम से जाना जाता है। बिरसा मुंडा की जयंती पर हमें उनके योगदान को याद करना चाहिए और उनके सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर श्रवण कुमार ने वन अधिकार अधिनियम (एफआरए)) के तहत प्राप्त अधिकारों, पंचायत विशेषकांक सूचकांक (पीडीआई) तथा ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 के बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया। इसके उपरांत बीडीओ हरोली वीरेंद्र कौशल ने भी अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करवाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां करवाई गईं। सबसे पहले, सभी प्रतिभागियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया गया, जिससे उन्हें देश के मूल्यों और सिद्धांतों की याद दिलाई गई। इसके बाद, स्वच्छता और नशा-मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत मुख्यातिथि द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आंवला का एक पौधा भी लगाया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और पेड़ों के महत्व को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बच्चों को बताया शुद्ध जल का महत्व

**राजगढ़।** बाल दिवस के अवसर पर जल शक्ति विभाग राजगढ़ और यूथ एवं व ईको क्लब गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जलशक्ति विभाग की तरफ से आए ब्लॉक रिसोर्स को-ऑर्डिनेटर नीरज ठाकुर तथा उनके साथ आए डिंपल तथा शिवांगी ने बच्चों को पानी की शुद्धता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पानी की जांच के आठ पैरामीटर बताए। उन्होंने बताया कि वाटर टेस्टिंग किट हर एक पंचायत के वार्ड तथा एनएसी राजगढ़ के प्रत्येक वार्ड में दी गई है, ताकि हम लोग वहां जाकर पानी की जांच करवा सकें।

## बिलासपुर में आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय प्रेस दिवस

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में 16 नवंबर 2024 को होटल लेक व्यू, बिलासपुर में सायं 7:00 बजे जिला स्तरीय राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला लोक संपर्क अधिकारी मीणा बेदी ने दी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त, बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक और विशेष अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर संदीप धवल उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा अतिरिक्त उपायुक्त, बिलासपुर डॉ. निधि पटेल और उप-मंडल अधिकारी सदर, बिलासपुर अभिषेक गर्ग भी इस आयोजन में हिस्सा लेंगे। समारोह का विषय प्रेस का बदलता स्वरूप रखा गया है, जिसमें प्रेस की बदलती भूमिका और लोकतंत्र में इसके योगदान पर चर्चा की जाएगी। जिला लोक संपर्क अधिकारी ने जिला के सभी मीडिया कर्मियों जिला स्तरीय प्रेस दिवस में भाग लेने की अपील की है।

# एसीसी बरमाना और आसपास एनएच पर जंगली जानवर हो रहे हादसों का शिकार

## कैंचीमोड़ के पास एक गाय के बछड़े को किसी अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एसीसी बरमाना और आसपास के क्षेत्र में आए दिन राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर जंगली जानवर हादसों का शिकार हो रहे हैं। ग्राम पंचायत उपप्रधान अवधेश भारद्वाज ने बताया कि बुधवार प्रात: भी एक जंगली जानवर के घायल होने का मामला सामने आया है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों और वार्ड नंबर 4 के सदस्य राकेश संख्यान ने फोन पर उन्हें सूचित किया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग कैंचीमोड़ के पास एक गाय के बछड़े को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही वह घटनास्थल पर गए और उन्होंने दुर्घटना में घायल गाय के बच्चे को देख और तुरंत प्रभाव से एसडीएम सदर अभिषेक कुमार गर्ग को फोन पर सूचना दी तथा एसडीएम ने तुरंत वन विभाग को मौका पर पहुंचकर कार्रवाई करने के आदेश दिए।

इस आदेश का अनुकरण करते हुए बिलासपुर से वन विभाग की टीम बरमाना पहुंची तथा गाय के बछड़े को उपचार के लिए ऑटो द्वारा बिलासपुर एनिमल एंड हसबेंडरी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां पर घायल बेजुबान का उपचार किया गया।

### सीमेंट कंपनी माइनिंग क्षेत्र में पेड़ तो काट रही, पर नहीं कर रही पौधरोपण : अवधेश

**ग्राम** पंचायत उपप्रधान अवधेश भारद्वाज ने बताया कि सीमेंट कंपनी द्वारा माइनिंग क्षेत्र में खनन के दौरान पेड़ों का अंधाधुंध कटान हो रहा है और उसकी एवज में एसीसी प्रबंधन द्वारा पौधरोपण न के बराबर है। हालांकि कंपनी को बरमाना एसीसी से प्रभावित क्षेत्रों में 10 गुना पौधरोपण करना चाहिए था, ताकि जो एक व्यापक मात्रा में जंगली जानवर पलायन कर रहे हैं उन पर कुछ रोकथाम लगे तथा पर्यावरण संतुलन भी बना रहे और साथ में एनटीपीसी एक महारत्न अवॉर्ड से सम्मानित कंपनी है तो इस आधार पर एनटीपीसी प्रबंधन को एक उच्च स्तर पर पौधरोपण का काम करना चाहिए।

**मांग** | बिलासपुर में ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट संगठन का जनरल हाउस आयोजित

# चीफ लैब टेक्नीशियन के पदों को बढ़ाकर 95 करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर में आयोजित ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट के जनरल हाउस में भाग लेते सदस्य।

शुक्रवार को बिलासपुर के भाषा एवं कला विभाग के सभागार में ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट संगठन का जनरल हाउस आयोजित किया गया। इसका आयोजन ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट संगठन, बिलासपुर इकाई ने किया। इसमें सभी जिलों व मेडिकल कॉलेज की इकाइयों से प्रधान, वरिष्ठ उप प्रधान व महासचिवों ने बढ़.-चढ़कर भाग लिया। इस जनरल हाउस को ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट संगठन हिमाचल प्रदेश के प्रधान राजन भीमटा मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने लैब टेक्नीशियन की पोस्टें भरने के लिए, चीफ लैब टेक्नीशियन की प्रमोशन के लिए और लैब असिस्टेंट की प्रमोशन के लिए मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री का संगठन की ओर से आभार व्यक्त किया। हाउस में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई और प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज व सभी जिलों से आए हुए सदस्यों ने अपने-अपने विचार व मांगे भी रखी। इसमें चीफ लैब टेक्नीशियन के पदों को 45 से 95 करने की मांग प्रमुख रही। क्योंकि उनका कहना है कि 95 प्रतिशत लैब टेक्नीशियन बिना किसी प्रमोशन के सेवानिवृत्त हो जाते हैं।

### जनरल हाउस में प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों की इकाइयों ने लिया भाग

इसी के साथ प्रदेश इकाई ने जनरल हाउस के सफल आयोजन के लिए ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट संगठन बिलासपुर इकाई के प्रधान मनोज कुमार, वरिष्ठ प्रधान रविंद्र ठाकुर व समस्त कार्यकारिणी का धन्यवाद किया। इसमें मंडी, कांगड़ा, सोलन, ऊना, चंबा, हमीरपुर, बिलासपुर, कुल्लू, शिमला व प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज की इकाइयों के सदस्य शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकानदार पवन शर्मा को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विश्राम गृह डाडासीबा में शुक्रवार को व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा की अगुवाई में सभी व्यापारियों ने दुकानदार पवन शर्मा का टोपी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर का मान सम्मान किया गया पवन शर्मा पिछले 32 वर्ष से डाडासीबा बाजार में मनियारी की दुकान कर रहे थे। अब उन्होंने अपनी दुकान सयूलखड में स्थानांतरित कर दी है। पवन शर्मा व्यक्तिगत तौर पर बहुत ही मिलनसार हंसमुख ईमानदार व्यक्तित्व के मालिक है। इस मौके पर डाडा सीबा के पूर्व प्रधान धर्मचंद, व्यापार मंडल के उप प्रधान सूरज वर्मा, दंगल कमेटी के प्रधान रितेश शर्मा ,नवजीत सिंह, गुरमीत, रमेश कुमार, रजत सूद, काका, प्रवीण मेहता, जितेंद्र सिंह, कृष्ण दत्त शर्मा, आकाश शर्मा, काका रिंकू, राजू मैहरा, नवीन मेहता, रमेश मेहता व सोनू मेहरा इस मौके पर उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवियों ने राधा-कृष्ण मंदिर में की सफाई



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा काशीराम राजकीय उत्कृष्ट बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन डाडासीबा बाजार के तालाब तथा राधा-कृष्ण मंदिर में स्वयंसेवियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। यी अभियान एनएसएस प्रभारी अश्वनी सपेहिया तथा देवना भारती के नेतृत्व में चलाया गया। कांग्रेस नेता ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया एवं समस्त व्यापार मंडल के स्वयंसेवियों ने कार्य को सराहा। मनकोटिया ने स्वयंसेवियों को समोसा तथा चायपान भी वितरित किया। इस शिविर में 61 स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं। राकेश मेहता डीपी, नीरज मैहरा अवतार सिंह चतुर्थ श्रेणी शिक्षा एंवम बच्चों के साथ सुमन देवी मौजूद थी।

### रेबीज बीमारी के कारण और लक्षण बताए



**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कड़ोआ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवियों ने योगा अभ्यास से दिन शुरू किया। प्रधानाचार्य श्याम मुरारी की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस में बतौर चीफ गेस्ट डॉक्टर दीपक शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को रेबीज बीमारी के लक्षण तथा रेबीज की रोकथाम बारे जागरूक किया। स्कूल प्रधानाचार्य श्याम मुरारी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा सतत प्रक्रिया है ये जीवन पर्यंत चलती रहती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक अच्छे भवन, अच्छे कपड़े, अच्छा भोजन आवश्यक है ठीक उसी प्रकार अच्छी शिक्षा भी महत्वपूर्ण होता है जो हमें व्यक्ति से मानव बना देती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ है शिक्षा हमें ज्ञान, समझ, सोचने की शक्ति प्रदान करती है।

# हिमाचल की समृद्ध संस्कृति से पर्यटकों को करवाएंगे रू-ब-रू: आरएस बाली

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष ने धर्मशाला कॉलेज के सभागार में आयोजित नुआला संध्या में की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति से पर्यटकों को अवगत करवाया जाएगा। इसके लिए राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन विभाग की ओर से मेगा इवेंट आयोजित किए जाएंगे ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

धर्मशाला कॉलेज के सभागार में वीरवार देर रात आयोजित नुआला उत्सव में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एशियन विकास बैंक की मदद से हिमाचल में पर्यटन विकास के लिए 2500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, प्रारंभिक तौर पर 1300 करोड़ की राशि स्वीकृत भी हो चुकी है।



धर्मशाला कॉलेज में आयोजित नुआला उत्सव में शिरकत करने पहुंचे आरएस बाली।

पर्यटन विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पर्यटन निगम के अधिकारियों को तीव्र गति के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पालमपुर के मैंझा में वैडिंग रिसॉर्ट, हेलीपोर्ट निर्माण, जिले में धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कन्वेंशन सेंटर, बनखंडी में जूलॉजिकल पार्क, नगरोटा बगवां में ओल्ड एज वेलनेस रिजॉर्ट एवं हाई एंड फाउंटेन, परागपुर में गोल्फ कोर्स मैदान, धर्मशाला में धौलाधार बायोडायवर्सिटी पार्क, जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही नगरोटा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर म्यूजिक फाउंटेन भी स्थापित किया जाएगा जो कि पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल में पर्यटन की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए साहसिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन अधोसंरचना को विकसित करने के दृढ़ प्रयास कर रही है और भविष्य में सालाना पांच करोड़ पर्यटकों के स्वागत का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर धर्मशाला कॉलेज के प्रिंसिपल पठानिया, खाद्य आपूर्ति निगम में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के सदस्य पुनित मल्ली, विजेंद्र कर्ण, पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू सहित विभिन्न लोग उपस्थित थे।

### हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ है पर्यटन

**आरएस** बाली ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ है और इसके माध्यम से प्रदेश के हजारों परिवारों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से आजीविका प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास और अपनी प्राकृतिक सुंदरता को और बेहतर ढ़ंग से प्रदर्शित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए नई प्रतिबद्धता के साथ, हिमाचल प्रदेश एक उत्कृष्ट वैश्विक पर्यटन स्थल बनने की राह पर अग्रसर है। दूर-दूर से यात्री यहां के मनमोहक नजारों का आनंद लेने आते हैं, जिससे प्रदेश के पर्यटन उद्योग का भविष्य पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल नजर आता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व में पर्यटकों के लिए सबसे सुरक्षित पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर कर सामने आया है।

## पूर्व भाजपा प्रत्याशी बलदेव ने सरकार को लिया आड़े हाथ

**फतेहपुर।** तहसीलदार फतेहपुर दीपक शर्मा को नंगल-तलवाड़ा रेल लाइन भूमि अधिग्रहण अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस पर पूर्व विस प्रत्याशी भाजपा बलदेव ठाकुर ने शुक्रवार को मीडिया के माध्यम से सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पहले सरकार तहसील कार्यलय फतेहपुर में चल रहे खाली पदों को तो भर लेती। तहसील कार्यालय फतेहपुर में पहले ही कई पद खाली चल रहे हैं। इस कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है तो वहीं अब तहसीलदार फतेहपुर को नंगल-तलवाड़ा रेलवे लाइन भूमि अधिग्रहण अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया है। इस कारण लोगों की परेशानी और बढ़ेगी। उन्होंने कहा यही नहीं राजस्व विभाग के अतिरिक्त और भी कई विभाग ऐसे हैं जहां पर भी काफी रिक्तियां चली हुई हैं। उन्होने स्थानीय विधायक पर भी तंज कसते हुए कहा कि वह भी लोगों की समस्याओं का समाधान करने की तरफ कोई भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जो कि चिंतनीय है।



## पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आज होगा आगाज

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला में नरवाणा स्थित पैराग्लाइडिंग साइट पर धौलाधार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आगाज शनिवार को होगा। चारदीवसीय प्रतियोगिता के लिए देश तथा विदेश के 107 पायलट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यह आयोजन 16 से 20 नवंबर तक होने वाला है। आयोजकों की ओर से नरवाणा रोड के करीब नई लैंडिंग साइट भी विकसित की जा रही है। नरवाणा पैराग्लाइडिंग साइट की वर्तमान लैंडिंग साइट लोगों के खेतों में हैं। यही नहीं लैंडिंग साइट के साथ लोगों के घर भी हैं। ऐसे में साल भर मौसम साफ होने पर पैराग्लाइडिंग एक्टिविटी का संचालन सुनिश्चित करने के इरादे से अब नई लैंडिंग साइट पर भी काम शुरू हो चुका है।

### 13 देशों के 107 पायलटों ने करवाया पंजीकरण

जानकारी के अनुसार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप शुभारंभ व्यावसायी राजविंदर सिंह करेंगे, जबकि समापन समारोह में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा 20 नवंबर को करेंगे। अब तक भारत, नेपाल, अमरीका, मेक्सिको, चीन, सऊदी अरब, मंगोलिया, कजाकिस्तान, स्पेन तथा फ्रांस आदि 13 देशों के 107 पायलट प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## मारपीट करने पर मामला किया दर्ज

**डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत वीरवार को गरला देई में स्वाति निवासी पनेहड (सन्हूं), अरुणा देवी निवासी डरोह, सरिता देवी निवासी भंगूह (वाहे दा पट्ट), अनीता निवासी कुरल, पवना देवी निवासी कस्वा पुन्नर, कविता देवी निवासी नडैल (जयसिंहपुर) ने पवना कुमारी निवासी पन्तेहड डाकघर गरला देई तहसील पालमपुर के घर पर आकर इसकी बेटी दीक्षा देवी व दोते के साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट की। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 115(2), 190, 191(2) व 332(C) भारतीय न्याय संहिता में पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है। मामले की पुष्टि थाना प्रभारी भवारना केहर सिंह ने की है।

# स्कूल की सुस्त कार्यप्रणाली से अधर में लटका छात्रा का भविष्य

**अनिल, छांगू, जवाली**

उपमंडल जवाली के अधीन एक सरकारी स्कूल की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण छात्रा का भविष्य अधर में लटक गया है। हुआ यूं कि एक छात्रा ने सीबीएसई बोर्ड में दसवीं की परीक्षा दी लेकिन उसकी कंपार्टमेंट आ गई। उसके बाद छात्रा के अभिभावकों ने सरकारी स्कूल में जमा एक में दाखिला करवा दिया। छात्रा की कंपार्टमेंट के चलते स्कूल में उसकी प्रोविजनल एडमिशन कर ली गई। छात्रा ने कंपार्टमेंट की परीक्षा दी, लेकिन पास न कर सकी, परंतु स्कूल प्रबंधन की अनदेखी ने छात्रा का जमा एक का परीक्षा परिणाम रोकने की बजाए परीक्षा परिणाम में छात्रा को पास करके जमा दो में फिर दाखिला दे दिया। छात्रा जमा दो में स्कूल जाती रही, लेकिन अब जमा दो पेपर भरते समय स्टाफ ने छात्रा को दसवीं कक्षा की मार्कशीट में पास न होने पर दसवीं कक्षा के लिए वापस भेज दिया। इससे छात्रा तनाव में आ गई। हालांकि, नियमानुसार जमा एक का परीक्षा परिणाम निकालने से पहले छात्रा की दसवीं कक्षा की मार्कशीट देखनी चाहिए थी। अगर ऐसा किया होता तो छात्रा के तीन साल बर्बाद न हो पाते। हर कोई स्कूल की इस सुस्त कार्यप्रणाली को देखकर स्तब्ध है तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व शिक्षा निदेशक से स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं स्कूल के प्रिंसिपल

**इस** बारे में स्कूल प्रिंसिपल ने कहा कि उपरोक्त छात्रा का विद्यालय प्रवेश अस्थायी तौर पर है। अभिभावकों को इसके मूल दस्तावेज उपलब्ध करवाने को कहा था, जिस पर अभिभावकों द्वारा जो दस्तावेज उपलब्ध करवाए गए थे वह सही नहीं पाए गए हैं। अतः स्कूल प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। छात्रा को दसवीं के लिए रिवर्स कर दिया है।

# किशोरी लाल ने भट्टू में एजुकेशन लिविंग वाटर साइकिल बिल्डिंग का किया शुभारंभ

## कहा, लोगों को प्रचुर मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

विधायक किशोरी लाल ने शुक्रवार को बैजनाथ विधानसभा के पालपुंग शेरबिलिंग मोनेस्ट्री भट्टू में एजुकेशन लिविंग वाटर साइकिल बिल्डिंग का शुभारंभ किया। पालपुंग शेरबिलिंग मोनेस्ट्री भट्टू पहुंचने पर उनका 12वें शैमगोन केंटिंग ताई सितुपा द्वारा खतक पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश के लोगों को प्रचुर मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पेयजल की शुद्धता और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रदेश में रियल टाइम ड्रिंकिंग वॉटर मॉनिटरिंग सिस्टम लगाये जा रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं को भरपूर पेयजल आपूर्ति के साथ साथ पेयजल की शुद्धता पर भी फोकस किया जा सके। उन्होंने कहा कि जलजनित संक्रमण से कई प्रकार के रोगों के फैलने की आशंका बनी रहती थी। ऐसी समस्यों पर अंकुश लगाने के लिए जलशक्ति विभाग द्वारा प्रदेश में रीयल टाइम ड्रिंकिंग वाटर मॉनीटरिंग सिस्टम स्थापित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के लिए स्वस्थ जीवन देने वाला पानी सुनिश्चित करने में विफलता वैश्विक सद्भाव और शांति के लिए खतरा पैदा करती है। जलवायु परिवर्तन जल संरक्षण की आवश्यकता को बढ़ाता है। इस अवसर पर रविंद्र बिट्टू , मिलाप राणा , शलभ अवस्थी , अजय गौड़ सहित पालपुंग शेरबलिंग मठ के लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



## जनता पर बोझ थे सीपीएस : राकेश

**धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता राकेश शर्मा ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा सीपीएस की नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले को जनहित में बताते हुए कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा जो 6 सीपीए बनाए थे वे जनता पर बोझ थे।



हाईकोर्ट ने गैर कानून ढंग से बनाए गए इन पदों को तत्काल प्रभाव से खत्म किया है। उन्होंने कहा कि सीपीएस की फौज सुक्खू सरकार की मनमानी से खड़ी की गई थी। प्रदेश भाजपा ने जनहित के साथ इस मुद्दे को भी उठाया था। भाजपा बार-बार सीपीएस नियुक्तियों का विरोध करती रही, परंतु सुक्खू सरकार अपनी मनमानी पर अड़ी रही। अब सीपीएस को लेकर प्रदेश हाईकोर्ट का जो निर्णय आया है उसका भाजपा स्वागत करती है।

# सीयू एचपी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चिन्हित

## प्रोजेक्ट के तहत विश्वविद्यालय को आठ करोड़ रुपए ग्रांट मिलने की उम्मीद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चिन्हित किया गया है। सेंटर आफ एक्सीलेंस के तहत सीयू को मिलने वाले प्रोजेक्ट के अंतर्गत करीब 8 करोड़ रुपए की ग्रांट मिलने की संभावना है। ट्राइबल विषय पर प्रस्तुत प्रेजेंटेशन के आधार पर सीयू एचपी को सेंटर आफ एक्सीलेंस के लिए चिन्हित किया गया है।



गौरतलब है कि सीयू एचपी को ए प्लस यूनिवर्सिटी के बाद इस संस्थान को रिसर्च यूनिवर्सिटी में कन्वर्ट करने का लक्ष्य रखा गया था। इसके चलते संस्थान रिसर्च पर फोकस किया। संस्थान को लगातार प्रोजेक्ट मिल रहे हैं, पिछले दो साल में सीयू को करीब 8 करोड़ के प्रोजेक्ट मिले हैं। केंद्रीय विवि के इंटरनेशनलाइजेशन की ओर भी संस्थान आगे बढ़ रहा है। रिसर्च में सीयू के पेटेंट बढ़ रहे हैं, अब तक टूरिज्म विषय में 8 पेटेंट सीयू के हो चुके हैं, जबकि अन्य विषयों में पेटेंट बढ़ रहे हैं। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चिन्हित होने पर केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश को करीब 8 करोड़ रुपए ग्रांट मिलने की संभावना है। ट्राइबल एरिया में सीयू एचपी की ओर से किए जा रहे कार्यों में फायनांस की कमी से जो गैप रह गया था, उसके इस प्रोजेक्ट के तहत पूरा होने की उम्मीद है।

### ऐसे हुआ चयन

**केंद्रीय** पंचायती राज और शिक्षा मंत्रालय ने मिलकर ट्राइबल और शिक्षा विषय पर देश भर की 16 सेंट्रल यूनिवर्सिटीज से ट्राइबल एरिया में क्या नया किया जा सकता है, के संबंध में प्रपोजल मांगी थी। इसमें सीयू एचपी ने भी प्रपोजल भेजी थी। इन प्रपोजल की पहली स्क्रीनिंग के आधार पर 8 यूनिवर्सिटीज को चिन्हित किया गया था, जबकि दूसरी स्क्रीनिंग के आधार पर 4 यूनिवर्सिटीज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चिन्हित की गई हैं। देशभर की सेंट्रल यूनिवर्सिटीज द्वारा भेजे गए प्रपोजल उपरांत दिल्ली में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सीयू एचपी के वीसी प्रो. सत प्रकाश बंसल विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने ट्राइबल एरिया में सीयू की ओर से किए जा रहे कार्यों का हवाला दिया। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश की प्रपोजल पंचायती राज व शिक्षा मंत्रालय को अच्छी लगी, जिस पर देशभर के 4 केंद्रीय विश्वविद्यालयों को 25 अक्तूबर को प्रेजेंटेशन के लिए बुलाया था, जिसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश ने भी अपनी प्रेजेंटेशन दी। इसके आधार पर सीयूएचपी को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चिन्हित कर लिया गया है।

## फतेहपुर में 64 अभ्यर्थियों ने दी संस्कृत विषय की टेट परीक्षा

**फतेहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फतेहपुर में शुक्रवार को सायंकालीन सत्र में शिक्षा विभाग द्वारा संस्कृत विषय की टेट परीक्षा का आयोजन किया गया। 64 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस बारे जानकारी देते हुए सुपरिटेंडेंट प्रकाश सिंह ने बताया शिक्षा विभाग की तरफ से 66 अभ्यर्थियों की सूची भेजी गई थी, जिनमें से 2 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कुल 64 अभ्यर्थियों ने टेट की परीक्षा दी।



## फतेहपुर स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**फतेहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फतेहपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद राणा व अरुणा कुमारी की उपस्थिति में किया गया। इसमें प्रिंसिपल मदन लाल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए मुख्यतिथि ने कहा ऐसे शिविरों से बच्चों को अनुशासन में रहने की शिक्षा मिलती है साथ ही निस्वार्थ देश व समाज की सेवा करने का जज्बा पैदा होता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहकर शिविर की गरिमा बनाए रखने का भी आह्वान किया। वहीं, कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया शिविर में 62 स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 30 लड़कियां व 32 लड़के हैं।

## गगल में जल्द हो आईटी पार्क का निर्माण

**कांगड़ा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व कांगड़ा सदर के विधायक पवन काजल ने कहा हिमाचल सरकार कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से पहले पूर्व भाजपा सरकार द्वारा निर्माणाधीन गगल में आईटी पार्क, धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण करवा कर युवाओं को रोजगार, शिक्षा मुहैया करबाए। काजल ने कहा कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव दौरान एक वर्ष में एक लाख बेरोजगारों को रोजगार देने और महिलाओं को 15 -15 सौ रुपए देने का चुनावी वायदा किया था। दो साल बीतने के बावजूद सरकार बेरोजगारों को रोजगार और महिलाओं को प्रति महीना पंद्रह सौ रुपए देने में नाकाम रही है।

# प्रदेश में अब कर्मचारियों की जीपीएफ के तहत जमा पूंजी भी नहीं निकल पा रही : प्रवीण शर्मा

## कहा, हिमाचल में हाईकोर्ट के फैसलों की भी हो रही अवहेलना

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

राष्ट्रीय यूनियन न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब कर्मचारियों की जीपीएफ के तहत जमा पूंजी भी नहीं निकल पा रही है। जीपीएफ से आप मात्र दस हजार रुपए ही निकाल सकते हैं। एनपीएस में जमा फंड आप नहीं निकाल सकते क्योंकि उसे पिछले साल ही सीज कर दिया था।

हिमाचल प्रदेश में हाईकोर्ट के फैसलों की अवहेलना हो रही है। फैसले के अनुसार विभागों के निदेशक फैसलों की अवहेलना कर अपने तरीके से अधिसूचनाएं जारी कर रहे हैं । पूरे देश के कार्मिक ओपीएस के लिए लड़ रहे हैं उसे भी दरकिनार किया जा रहा है । राष्ट्रीय सयोंजक प्रवीण शर्मा ने कहा कि हमारा संघ किसी भी कर्मचारी से किसी प्रकार का फंड नही लेता । संघ चाहता है कि कार्मिक अपनी लड़ाई खुद लड़ें। संघ ने कहा कि बहुत से प्रदेशों में कार्मिकों के हक मारे जा रहे है ।हर साल कर्मचारियों की सैलरी पर टैक्स बढ़ाए जा रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट व प्रांतो के फैसलों को नजरअंदाज कर हमारे राजनेता विकसित भारत की बात करते दिखाई देतें हैं, जबकि आज भी लोगों की काबलियत को ठेकेदारों के अधिकार क्षेत्र में रखकर उनका शोषण हो रहा है मसलन आउटसोर्स कर्मी कहा कि अब यह लोग बूढ़े हो रहे हैं पर इन पर आज भी सरकारों के चंद ठेकेदार राज कर रहे हैं।

कर्मचारियों के टैक्स का दुरुपयोग हो रहा है। कारण यही है कि देश के कार्मिक अपने हकों के लिए जागरूक नहीं हैं। राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि जब तक इस देश में कर्मचारियों व अधिकारियों का शोषण होगा तब तक यह देश विकसित नही हो सकता क्योंकि आज कर्मचारियों के बलबूते पर देश खड़ा है क्योंकि हमारे राजनेता बड़े-बड़े पूंजीपतियों के बलबूते पर राज कर रहे हैं।

**चिल्ड्रन डे** अरनी यूनिवर्सिटी में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बच्चों के प्रति प्रेम को किया याद

# बाल दिवस पर अरनी विवि में खेलों, नृत्य और संगीत की धूम

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अरनी विश्वविद्यालय में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में छात्रों के रोजमरा के तनाव को कम करने के लिए विभिन्न प्रकार के मजेदार खेलों का आयोजन किया गया, ताकि छात्र फिर से अपने बचपन की यादों को दोबारा जी सकें तथा इंटरनेट व फोन को छोड़कर दोबारा से खेलों के माध्यम से जीवन के विभिन्न तनावों को दूर करें।

कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के चांसलर डॉक्टर विवेक सिंह के द्वारा किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के अरनी विश्वविद्यालय में छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रमों में भाग लिया।



अरनी विश्वविद्यालय में बाल दिवस पर मुख्यातिथि का स्वागत करता स्टाफ।

इस विशेष दिन पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल और भाषणों का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों के महत्व और पंडित जवाहरलाल नेहरू की बच्चों के प्रति प्रेम को याद किया गया। इन आयोजनों के माध्यम से छात्रों को एकजुट होकर सीखने, खेलने और समुदाय की भावना को प्रोत्साहित किया गया। इस के साथ ही हमें अपने अंदर के बच्चे को मरने नहीं देना चाहिए व अपने जीवन को खुलकर जीना चाहिए।

इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने बच्चों को बताया कि बाल दिवस क्यों मनाया जाता है। इस मौके पर दस तरह के विभिन्न प्रकार के मजेदार खेलों, नृत्य और संगीत का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्कूलों के छात्रों ने जमकर भाग लिया। अपने हर दिन की मानसिक तनाव से अपने आप को दूर रखा और साथ ही विश्वविद्यालय के सभी अध्यापकों ने खेलों में भाग लेकर अपना बचपन जिया।

इस अवसर पर विवि के रजिस्ट्रार त्रिलोचन सिंह और डायरेक्टर ऑपरेशन मेहर शाह, अरनी स्कूल ऑफ फार्मेसी डॉ. नीरज भंडारी, डीन छात्र कल्याण डॉ. सुनीता महाजन, डीन ऑफ इंजीनियरिंग डॉ. गुरविंदर, डॉ. नेहा सलारिया हेड ऑफ पैरामेडिकल साइंस ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा भड़ाई। इस अवसर पर छात्रों ने न केवल आनंद लिया, बल्कि अपने भविष्य के प्रति जिम्मेदारी और नेतृत्व के गुणों पर भी चिंतन किया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विशेष शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जिया में 14 नवंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन राहुल चौहान स्थानीय निवासी द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने बारहवीं कक्षा के बाद भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रकाश वर्धन ने एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा सात दिनों में किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी अश्विनी कटोच व कविता के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने इन सात दिनों में विद्यालय परिसर की सफाई, झाड़ियां का काटना, गोद लिए गांव में सफाई, पानी के स्रोत की सफाई की। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विशेष शिविर का समापन हुआ। इस मौके पर एसएमसी प्रधान बीना देवी, पूर्व पंचायत प्रधान झोंफी राम, रणजीत चौहान व विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### गुरुद्वारा सिंह सभा कुटवासी ने मनाया प्रकाश पर्व



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के कुटवासी स्थित श्री गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा शुक्रवार को कुटवासी स्थित गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसमें सैकड़ों की तादाद में संगत ने पहुंचकर गुरुद्वारा में शीश झुकाते हुए आशीष मांगा। इस मौके पर गुरु नानक देव की महिमा का गुणगान किया गया। इससे पूर्व ध्वजारोहण करते हुए सिखों के पहले गुरु नानक देव जी को नमन किया गया। वहीं, कीर्तन उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जानकारी देते हुए गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी ने बताया हर वर्ष गुरु नानक देव जी को नमन करते हुए प्रकाश पर्व सभी लोगों के सहयोग से धूमधाम से मनाया जाता रहा है। इस दौरान भजन-कीर्तन उपरांत अटूट लंगर का भी आयोजन किया जाता है। साथ ही गुरु नानक देव जी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लिया जाता है।

### एंजल स्कूल भवारना में मनाया प्रकाशोत्सव

**राकेश डोगरा, डरोह।** जीसीएम एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अध्यापिका सोनू कटोच ने गुरु नानक देव जी के जीवन-चरित पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके बताए आदर्शों तथा सच्चाई के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत स्कूल के बच्चों अथर्व आर्य, प्रखर, शिवांश तथा संगीत अध्यापक अंकित कुमार ने शबद-कीर्तन कर सबको आत्मविभोर कर दिया। प्रधानाचार्य समीर शोध ने प्रकाश उत्सव की सभी को बधाई दी। इस मौके पर स्कूल का स्टाफ भी मौजूद रहा। (अनंत ज्ञान)



# सरकार शिक्षा को दे रही विशेष महत्व : गोमा

## आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने डीएवी स्कूल आलमपुर में नवाजे होनहार

**अजीत वर्मा, जयसिंहपुर**



आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा ने डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलमपुर के वार्षिकोत्सव में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मंत्री ने इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। गोमा ने डीएवी संस्थान, अध्यापकों, अभिभावकों और छात्रों को वार्षिक उत्सव की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में वार्षिक उत्सव का विशेष महत्व और इसका छात्र वर्षभर इंतज़ार करते हैं। उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव एक वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों को सम्मानित करने और आत्मावलोकन का अवसर होता है। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्थान पूरे भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थानों में हैं और जयसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र के आलमपुर में भी यह संस्थान बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान के लिए गौरव की बात है इसमें शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने विद्यालय को जाने वाले संपर्क मार्ग के शेष कार्य को पूरा करने, विद्यालय में पानी की समस्या को दूर करने, रिटेनिंग वॉल के लिए 5 लाख तथा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए 51 हजार देने की घोषणा की।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विक्रम सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में एसडीएम संजीव ठाकुर, नायब तहसीलदार राजीव शर्मा, बीडीओ सिकंदर कुमार, जसवंत डढवाल, ओपी धीमान, विद्यालय के प्रबंधक बी के यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, छात्र,अभिभावक और अध्यापक उपस्थित रहे। इससे पहले मंत्री ने जयसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत टटरोड़ा स्तिथ गुरुद्वारा में श्री गुरु नानक देव जी की जयंती पर शीश नवाया और प्रदेशवासियों को सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती पर शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### बच्चों का भविष्य निखारने में शिक्षकों की अहम भूमिका

**मंत्री** गोमा ने कहा कि छात्र अपने प्रति ईमनदार रहे, केवल कठोर परिश्रम और आत्मविश्वास से ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और बच्चों को निखारने में शिक्षकों का ही सबसे बड़ा योगदान होता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और कर्तव्यों का भी अवश्य ज्ञान दें। उन्होंने बच्चों में छिपी प्रतिभा की पहचान कर अध्यापकों से छात्रों की रुचि के अनुरूप आगे बढ़ाने के लिये मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। गोमा ने कहा कि प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

## हैप्पी बर्थडे



खुखनियाड़ा के मानविक को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### हवन से किया प्रभात फेरी का समापन



**जवाली।** हर वर्ष की तरह इस बार भी कार्तिक मास पूर्णिमा 17 अक्तूबर संक्रांति के दिन शनि सेवा सदन फारियां की अध्यक्ष बचनी देवी व प्रभात फेरी कमेटी की प्रधान अंजू वाला की अगुवाई में सैकड़ों महिलाओं द्वारा 1 महीने तक सुबह 4 बजे शिव मंदिर फारियां से प्रभात फेरी निकालकर हर रोज सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं द्वारा भीष्म पंचक पूर्णिमा के दिन शुक्रवार सुबह 4 बजे मिनी हरिद्वार जवाली देहर खड्ड में महिलाओं ने स्नान कर दीप प्रज्वलित कर भजन-कीर्तन किया। तदोपरांत महिलाओं ने शनि मंदिर के प्रांगण में हवन यज्ञ करके प्रभात फेरी का समापन कर विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बीना देवी, उर्मिला देवी, सुदेश कुमारी, ममता चौधरी, ज्योति वाला, इंदिरा देवी, कमला देवी, निर्मला देवी, उषा देवी, राधा कुमारी, सुमनलता, सवर्णा देवी, शिमली देवी, सुमना देवी, सहित कई महिलाओं ने भाग लिया।

# शिक्षा के साथ मनोरंजन भी बहुत जरूरी : पवन काजल



मेधावी बच्चों के साथ विधायक पवन काजल और त्रिगर्त वैली स्कूल का स्टाफ।

**अनंत ज्ञान, गगल**

शिक्षा के साथ-साथ शरीर के लिए मनोरंजन भी जरूरी यह बात शुक्रवार को त्रिगर्त वैली पब्लिक स्कूल इच्छी में चल रहे वार्षिक समारोह में स्थानीय विधायक पवन काजल ने मुख्यातिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि जो भी बच्चा मेरे विधानसभा क्षेत्र में पूरे हिमाचल में प्रथम आएगा में उस बच्चे को एक लाख रुपए नकद राशि दूंगा। इस अवसर पर विधयक पवन काजल ने बच्चों के अभिभावको को भी आगाह किया के स्कूल में आकर अध्यापकों का साथ दें और बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें । इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र मोहन ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ कर मुख्य अतिथि को स्कूल की गतिविधियों से अवगत करवाया। स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए, जिसमें बच्चों ने पहाड़ी नाटिया, पंजाबी गिद्दा, हरियाणवी डांस आदि पेश किए। इस इस अवसर पर पवन काजल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में इच्छी के समाजसेवी रजनीश मोना, पूर्व पंचायत प्रधान विजय कुमार व अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### विधायक सुधीर शर्मा ने धर्मशाला गुरुद्वारा साहिब में टेका माथा, कहा-

# गुरु गोबिंद सिंह भवन के निर्माण के लिए दिए जाएंगे 10 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने आज गुरु पर्व के शुभ अवसर पर धर्मशाला गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाकर माथा टेका और क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के लिए अरदास की। इस अवसर पर उन्होंने गुरु नानक देव जी के महान उपदेशों और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं आज के समाज में भी प्रासंगिक हैं और हम सभी को भाईचारे और एकता की भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

गुरुद्वारा साहिब में संगत को संबोधित करते हुए सुधीर शर्मा ने घोषणा की कि गुरु गोबिंद सिंह भवन के निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा, 'गुरुद्वारा साहिब का यह भवन क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा और हमें इस महान धरोहर को सहेजने के लिए मिलकर काम करना होगा।'

उन्होंने आगे कहा कि यह राशि भवन निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने में सहायक होगी और इसके माध्यम से क्षेत्र के लोगों को एक सुविधाजनक और सुंदर स्थान मिलेगा, जहां वे धार्मिक अनुष्ठान और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधक समिति के सदस्यों ने विधायक सुधीर शर्मा का धन्यवाद व्यक्त किया और उनके इस योगदान की सराहना की। समिति ने विश्वास जताया कि भवन निर्माण कार्य जल्द ही पूरा किया जाएगा और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को इससे लाभ मिलेगा।

# चोरी मामले में पुलिस ने तीन आरोपी किए अरेस्ट

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



कांगड़ा पुलिस ने चोरों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो दिन में फेरीवालों के रूप में काम करते हैं और रात में चोरी करते हैं। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। मामले की पुष्टि डीएसपी अंकित शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि मध्यरात्रि को उज्जैन सेवकरन में एक फैक्टरी में चोरी की गई, हालांकि फैक्टरी पिछले लगाभग 4 सालों से काम करने की स्थिति में नहीं थी, लेकिन इसके अंदर बहुत सारा सामान था। उन्होंने बताया कि मास्टर माइंड दीपक कुमार (29) ने मोहन बहादुर (22) निवासी गुप्त गंगा कांगड़ा के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों ने फैक्टरी की ग्रिल तोड़कर अंदर घुसकर लाखों रुपए की लोहे की प्लेटें और अन्य सामान चोरी कर लिया। वहीं, फैक्टरी के गार्ड ने मामले की सूचना पुलिस स्टेशन कांगड़ा में दी। सूचना मिलते ही एसएचओ संजीव कुमार ने तुरंत संज्ञान लिया और एक टीम गठित की। विभिन्न सुरागों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले को सुलझाने में मदद मिली और दोनों को गुप्त गंगा से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों ने सारा सामान मटौर के एक कबाड़ी को बेच दिया था, जिसे भी इसी आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसकी पहचान बाबू उम्र 37 वर्ष के रूप में हुई है। मामले में कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# कांगड़ा में हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कांगड़ा पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर प्रहार जारी है। एक मामले में 5.77 ग्राम हेरोइन रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की पुष्टि डीएसपी अंकित शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि समेला के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियमित जांच दल तैनात किया गया था और कारों की गहनता से जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को चेकिंग करने के लिए रोका गया तो कार के डैशबोर्ड से 5.77 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। गाड़ी में तीन व्यक्ति बैठे थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान रविंदर कुमार उम्र 46 वर्ष निवासी कछियारी, अशीम कुमार उम्र 36 वर्ष सुक्कर, धर्मशाला और संजय कुमार उम्र 29 वर्ष सुक्कर, धर्मशाला के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों को एएसआई सुरिंदर प्रभारी पुलिस थाना कांगड़ा ने गिरफ्तार किया है और उन पर एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित सामग्री के अलावा पुलिस ने एक ऑल्टो कार को भी जब्त किया है।

### जयसिंहपुर कॉलेज पहुंची जांच कमेटी

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर कॉलेज में स्वमूल्यांकन रिपोर्ट की समीक्षा के लिए पांच सदस्यीय कमेटी ने महाविद्यालय का दौरा किया। कमेटी की अध्यक्षता बीएड कॉलेज धर्मशाला की प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा ने की। निरीक्षण कमेटी ने महाविद्यालय के स्वमूल्यांकन रिपोर्ट के सभी मानदंडों का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया। स्वमूल्यांकन रिपोर्ट का उद्देश्य महाविद्यालय के कार्यक्रम का विश्लेषण तथा अकादमिक मानकों में सुधार करना व छात्रों की शिक्षा को बढ़ावा देना है। यह रिपोर्ट सात मानदंडों के आधार पर संस्थान की गुणवत्ता और प्रदर्शन का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करती है। कमेटी ने रिपोर्ट की समीक्षा की और कॉलेज परिसर का भी निरीक्षण किया।

# खनन करने पर पकड़े पोकलेन और टिप्पर

## दत्याल के लोगों ने प्रशासन व सरकार के खिलाफ की नारेबाजी; कहा, खनन माफिया ने जमीन कर दी बर्बाद

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते दत्याल गांव के स्थानीय निवासी।

पठानकोट के हलका भोआ के अधीन आते गांव दत्याल में चल रही माइनिंग पर पूर्व विधायक जोगिंदर पाल ने छापामारी कर पोकलेन मशीनें और टिप्पर पकड़े हैं। दूसरी तरफ स्थानीय लोगों ने आरोप लगाए है कि माफिया द्वारा अवैध माइनिंग को अंजाम देते हुए उनकी फसलें बर्बाद की जा रही हैं। इस मामले के रोष में लोगों ने प्रशासन और सरकार खिलाफ डटकर नारेबाजी भी की है।

जानकारी देते हुए गांव के सरपंच बलविंदर सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से माफिया द्वारा अवैध माइनिंग को क्षेत्र में अंजाम दिया जा रहा है, जिससे किसानों की जमीनों और फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। रात ही नहीं दिन में भी अवैध माइनिंग को अंजाम दिया जा रहा है और इससे किसानों का भारी नुकसान हो गया है। दूसरी तरफ पूर्व विधायक जोगिंदर पाल ने कहा कि जैसे ही उन्हें गुप्त सूचना मिली कि क्षेत्र में अवैध माइनिंग को अंजाम दिया जा रहा है तो वे तुरंत गांव दत्याल पहुंचे। देखा कि गांव दत्याल में लोगों के खेतों से गन्ने की फसल काट 20 से 25 फीट तक माफिया द्वारा अवैध माइनिंग की जा चुकी थी। पूर्व विधायक ने कहा कि जब उक्त अवैध माइनिंग संबंधी एसएसपी को फोन कर जानकारी देनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध माइनिंग लोकल राजनेता और हिमाचल प्रदेश के राजनेताओं की मिलीभगत से हो रही है, जिस पर लोकल प्रशासन रोक लगा पाने में असमर्थ दिखाई दे रहा है। वहीं, मौके पर पहुंचे माइनिंग अधिकारी आकाश अग्रवाल का कहना है कि यहां माइनिंग हुई है, वे लीगल साइट है और वहां की निशानदेही भी डीजीपी सिस्टम से हो रखी है। अगर किसी को कोई समस्या है तो दोबारा भी निशानदेही करवाई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि अगर ज्यादा गहराई में माइनिंग होना पाया जाता है तो उनको नोटिस भी भेजे जाएंगे। इस मौके सरबजीत साबा, चेयरमैन राजकुमार सहोडा, जिला किस साल के अध्यक्ष रकेश बॉबी, जिला ओबीसी सैल के अध्यक्ष कुलजीत सैनी, जिला उपाध्यक्ष गोरा सैनी पूर्व चेयरमैन तरसेम रतडवां,ब्लॉक अध्यक्ष हर्ष शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सतीश सरना रविंद्र शर्मा बिंदु कुमार रानू बिट्टू मजीरी, नंबरदार दीपू ठाकुर, विक्की ठाकुर, बंटी ठाकुर, गुरजीत सिंह, बंटी सिंह, चंद आसु, कविराज दविंदर कुमार, सुरजीत सिंह, लवली कुमार, काला ठाकुर आदि मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### मारपीट करने और गाड़ी तोड़ने पर मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत मारपीट तथा गाड़ी से तोड़फोड़ मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कुनाल पत्थरी में ओम दत्त निवासी अरला ने संजू कुमारी निवासी पद्दर का रास्ता रोककर लड़ाई झगड़ा व मारपीट की तथा गाड़ी के साथ तोड़-फोड़ की। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 351(2), 352 व 332(सी) के तहत दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

**अनंत ज्ञान**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, बीना देवी** पुत्री सुन्दर राम निवासी दधोल, उप तहसील भराड़ी, जिला बिलासपुर (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि राजस्व कागजात में मेरा नाम विशन देई दर्ज है जबकि अन्य कागजात में बीना देवी दर्ज है। बीना देवी व विशन देई एक ही महिला के दो नाम हैं। सबंधित नोट करें।




**आयोजन** घोड़पीठ में मनाया गया जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस

# 150वीं जयंती पर बिरसा मुंडा को किया नमन

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस बैजनाथ उपमंडल के ग्राम पंचायत घोड़पीठ में आयोजित किया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर अपनी आदरांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरकार की ओर से जनजातीय वर्ग क उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं। इन कार्यक्रमों का पात्र लोगों तक लाभ पहुंचे इस के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर घोड़पीठ में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना भी सुनिश्चित किया गया है।

इससे पहले मुख्यातिथि ने विभिन्न विभागों जैसे उद्यान विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, स्वास्थ्य विभाग व सरस्वती महिला ग्राम संगठन की प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान मंजु देवी ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए पंचायत में चल रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि पंचायत का समुचित विकास सुनिश्चित किया जा रहा है तथा स्वच्छता तथा नशा मुक्ति के लिए भी विशेष अभियान आरंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पंचायत को दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला है। कार्यक्रम में स्वच्छता तथा नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर बच्चों तथा सांस्कृतिक दल की ओर से रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अधिकारी नीलम कटोच, आलोक धवन जिला योजना अधिकारी, राकेश पटियाल खंड विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा, सीडीपीओ रंजीत सिंह, संजीव कटोच, अमित जसरोटिया व अन्य लोग उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बेसहारा बच्चियों का सहारा बना दिव्य मानव ज्योति ट्रस्ट



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर की ओर से बेसहारा बच्चियों को पढ़ाई जारी रखने के लिए दी जा रही आर्थिक सहायता का क्रम जारी है। दिव्य - मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित अरुण प्रकाश आर्य ने कहा कि इस वर्ष भी 14 नवंबर को 250 बेसहारा बच्चियों को उनके अभिभावकों के माध्यम से इस राशि के चेक वितरित किए गए। यह व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2003-2004 से शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि इसके तहत ट्रस्ट आज तक 800 बच्चियों को एक करोड़ 24 लाख एक हजार 890 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुका। अरुण ने कहा कि दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट एक बहुत बड़ा परिवार है, जिसमें आज तक 750 लड़के शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। वर्तमान में 95 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ट्रस्ट में लड़कियों की शिक्षा को ही व्यवस्था है इसीलिए 800 लड़कियों को उनके घर में ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत ट्रस्ट द्वारा आर्थिक सहायता के तौर पर दसवीं तक शिक्षा ग्रहण कर रही बच्चियों को तीन सौ और दसवें से ऊपर पांच सौ रुपए प्रतिमाह दिया जाता है। इस राशि को दो किस्तों 14 नवंबर बाल दिवस और दूसरी 14 अप्रैल ट्रस्ट स्थापना दिवस पर दिया जाता है।

### अजय मॉडल स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर मुख्यतिथि बेटियां फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक संदीप चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अतिथि गणों ने बच्चों द्वारा तैयार की विज्ञानं व अन्य विषयो की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका भरपूर मनोरंजन किया। विद्यालय के अध्यक्ष हाकम चंद पठानिया तथा प्रधानाचार्य लता पठानिया ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों को शॉल टोपी तथा समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष पठानिया ने वार्षिक प्रतिवेदन भी लोगों के सामने रखा जिसमे स्कूल के बहुआयामी कार्यक्रमों के बारे जानकारी साँझा की, व सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों मे गर्योह पंचायत के समिति सदस्य शिव कुमार वर्मा,चोलथरा, वसंतपुर पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार, राजकुमार, बौना राम सहित अभिभावक व स्थानीय जनता मौजूद रही। जय बाबा कमलाहिया समिति के सौजन्य से सभी मौजूद जनता व विद्यार्थियों को जूस व कोकोनट तेल के गिफ्ट पैक भी वितरित किए। मुख्यातिथि संदीप ने अपने कर कमलों से बच्चों को पुरस्कार बांटे।

### कबड्डी में जोगिंद्रनगर ने फाइनल में बनाई जगह



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला कन्या जोगिंद्रनगर में शिक्षा खंड द्रंग प्रथम की 28वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी जीवन ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अंजू कश्यप ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया, जबकि प्राथमिक शिक्षक संघ दरंग प्रथम के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह ने टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कबड्डी (छात्र वर्ग) पहला मैच बासी और भराडू के बीच खेला गया, जिसमें बस्सी ने जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में बासी और जोगिंद्रनगर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें जोगिंद्रनगर ने फाइनल में जगह बनाई। वॉलीबॉल (छात्र वर्ग) पहला मैच बस्सी और घटासनी के बीच हुआ, जिसमें बस्सी विजेता रहा। बैडमिंटन (छात्रा वर्ग)15 जोगिंद्रनगर और घटासनी के बीच मैच हुआ, जिसमें जोगिंद्रनगर ने जीत हासिल की। खो-खो (छात्रा वर्ग) पहला मैच बस्सी और बरोट के बीच खेला गया, जिसमें बस्सी ने जीत दर्ज की।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस न मनाने का लिया निर्णय



**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश यूनियन आफ जर्नलिस्ट द्वारा राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन ऑनलाइन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश यूनियन आफ जर्नलिस्टस के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर रणेश राणा द्वारा की गई । प्रदेश महासचिव डा. किशोर ठाकुर व प्रदेश संगठन महामंत्री गोपाल दत्त शर्मा ने बताया कि इस बैठक में पूरे प्रदेश भर से पदाधिकारियों व कार्य कारिणी सदस्यों व जिला व उपमंडल के पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक में वर्तमान समय में पत्रकारों को समस्या एवं विशेषकर उपमंडल स्तर पर कार्य करने आ रही कठिनाइयों पर चर्चा की गई और इसके समाधान के लिए कार्य योजना बनाने के लिए सभी के सुझाव आमंत्रित किये गये बेठक में निर्णय लिया गया कि युनियन से जुडे सभी पत्रकार इस बार राष्ट्रीय प्रेस दिवस नही मनाएंगे । क्योंकि सभी का एक मत था कि युनियन वर्ष 2019 से लेकर लगातार अपने स्तर पर प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर राज्य स्तरीय प्रेस दिवसीय मनाती आ रही है, जिसमें प्रदेश के विधायकों को भी मुख्यातिथि के रुप मे आमंत्रित किया जाता रहा है । और विधायको के माध्यम से अपने समस्याओं व मांगो का एक मांग पत्र सरकारों के समक्ष रखा जाता रहा है । मगर अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नही आ पाए है।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर पदयात्रा का किया आयोजन

# भगवान बिरसा मुंडा बदलाव के प्रतीक : कुलबीर





प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते रवि शर्मा व अन्य तथा पदयात्रा निकालते स्थानीय लोग व बच्चे।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य पर आज उपमंडल स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आज पहले दिन लघु सचिवालय पट्टी से चौरासी मंदिर परिसर तक पदयात्रा निकाली गई।

पदयात्रा के आयोजन के बाद चौरासी परिसर भरमौर में जनजातीय संस्कृति, इतिहास, और भगवान बिरसा मुंडा जी के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य रवि शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा भी उपस्थित रहे। इस मौके पर कुलबीर सिंह राणा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 'भगवान बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा और बदलाव के प्रतीक हैं। उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि आयोजन न केवल भगवान बिरसा मुंडा जी को श्रद्धांजलि देने का एक माध्यम था, बल्कि जनजातीय समुदाय की एकजुटता, समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश भी था। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस आज से 26 नवंबर तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि 16 नवंबर को स्कूलों में जनजातीय जीवन शैली की चुनौतियां पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । इसी तरह 18 नवंबर को भरमौर उप मंडल में प्रत्येक उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में लोक नृत्य व लोग गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक स्कूल के विजेताओं का चयन उपमंडल स्तर के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 नवंबर को सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और वार्ड स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा ।

20 और 21 नवंबर को भरमौर क्षेत्र की पंचायत जगत और लामू में जनजातीय योजनाओं पर आधारित संयुक्त जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा और 22 व 23 नवंबर को भरमौर की सभी पंचायतों व स्कूलों में पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। कुलबीर सिंह ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस का समापन समारोह भरमौर हेलीपैड में 26 नवंबर को आयोजित होगा ।

एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी) भरमौर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपमंडल के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान और स्थानीय कलाकार हिस्सा लेंगे और उन्हें पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे । कार्यक्रम के दौरान भाषण, पारंपरिक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई।

## गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया



लंगर ग्रहण करती संगत व गुरु ग्रंथ साहिब।



**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जिला मुख्यालय, डलहौजी, डलहौजी छावनी, देवी देहरा, चीड़ीद्रबड़, सुरगाणी, खैरी के इलावा विभिन्न क्षेत्रों मे बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया गुरु पर्व। बता दें इस आयोजन में बीते कई दिनों से सुबह प्रभात फेरी का आयोजन होता आ रहा था तो वहीं आज सुबह से ही गुरु घर गुरुद्वारा साहब में तमाम संगत पहुंचना शुरू हो गई और उन्होंने गुरु ग्रंथ सब के आगे नतमस्तक होकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

गुरु नानक देव जी का 555 वां प्रकाश पर्व उत्सव के दौरान तमाम गुरुद्वारों को बड़ी ही भव्यता से सजाया गया था। इस आयोजन को लेकर बीते कई दिनों से तैयारी की जा रही थी जहां आज सुबह अखंड पाठ भोग के उपरांत दीवान सजाया गया, जिसमें जत्थेदारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देखकर गुरु का गुणगान किया। तत्पश्चात समस्त गुरुद्वारों में अटूट लंगर भी बरताया गया। इस आयोजन में आई हुई संगत ने भाग लिया।( अनंत ज्ञान)

## डॉ . मोनू ने टीम के साथ भरमौर का किया भ्रमण



भरमौर भ्रमण के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

प्रदेश के स्कूलों का हाल जानने निकली टीम शुक्रवार को भरमौर पहुंची। छुट्टी होने की वजह से उन्होंने राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर के प्रवक्ता कृष्ण पखरेटिया व प्रधानाचार्य अंजू बाला राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या भरमौर से वार्तालाप किया ।

डॉ. मोनू सिंह गुर्जर ने बताया कि पहले के अध्यापन के बजाय आज के अध्यापन में काफी परिवर्तन हुआ है। अध्यापकों को आधुनिक तौर तरीकों से छात्रों को पढ़ाने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शैक्षिक योजनाओं को स्कूलों में अमल करने की आवश्यकता है।

डॉ. मोनू ने टीम के साथ चौरासी परिसर में गद्दी संस्कृति परिधान पहने बच्चों एवं प्रधानाचार्य के साथ छाया चित्र भी लिए।

### सांसद राजीव भारद्वाज सलूणी के दौरे पर



**डलहौजी।** चंबा कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज शुक्रवार बीती शाम से चंबा के सलूणी क्षेत्र में अपने प्रवास पर हैं बता दें कि बीती शाम 4 बजे सुंडला पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं समर्थकों एवं डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने उनका भव्य स्वागत किया।

उनका रात्रि ठहराव एनएचपीसी विश्रामगृह सुरागनी में हुआ तो वही आज 10:00 बजे जवाहर पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे तो वही दोपहर 1 बजे पुंगल में आयोजित एक विशाल जनसभा में भाग लेंगे।

## शिविर में 35 लोगों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, चंबा**



कार्यक्रम में मुख्यातिथि के साथ गणमान्य लोग।

जिला मुख्यालय चंबा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सर्व प्रथम कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

अमित मेहरा ने जनजातीय क्षेत्रों से संबंधित स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री केंद्रों का भी अवलोकन किया। इसके पश्चात जनजातीय क्षेत्र भरमौर से पारंपरिक लोक गायकों रोशन व कंचन की जोड़ी ने मुसादा गायन के रूप में शिव भजन प्रस्तुत किया जबकि युवा मंडल सामरा के कलाकारों द्वारा सुप्रसिद्ध गद्दी लोक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबियां प्रदान की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 35 लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में बिहार के जमुई में आयोजित कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को बचत भवन सभागार में वर्चुअल माध्यम से दिखाया गया।

## मुख्य वन संरक्षक चंबा ने किया अहला कैचमेंट प्लांटेशन क्षेत्र का दौरा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



दौरे के दौरान मुख्य वन विभाग की टीम।

चंबा के मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) ने गुरुवार को अहला कैचमेंट प्लांटेशन क्षेत्र का दौरा किया और अहला कैचमेंट फॉरेस्ट मैनेजमेंट सोसायटी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने वन संरक्षण और पौधारोपण की रक्षा में समाज की भूमिका की प्रशंसा की। इस दौरान उनके साथ डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) डलहौजी और रेंज ऑफिसर (आर ओ) डलहौजी भी मौजूद रहे।

मुख्य वन संरक्षक ने वन विभाग के सामुदायिक आधारित वन प्रबंधन के दृष्टिकोण की प्रशंसा की, जो स्थानीय जैव विविधता को बढ़ाने और सतत प्रथाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदाय और वन अधिकारियों के संयुक्त प्रयासों ने इस पौधारोपण क्षेत्र को संरक्षित करने और इसके दीर्घकालिक सफलता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर अहला कैचमेंट फॉरेस्ट मैनेजमेंट सोसायटी के अध्यक्ष रजत महाजन और जीआईजेड कंसल्टेंट अमर सिंह भी उपस्थित थे।

### पत्नी से मारपीट करने पर केस दर्ज

**चंबा।** पुलिस थाना तीसा में एक महिला ने अपने पति के ऊपर मारपीट का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह आए दिन उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौज करता रहता था। पीड़ित महिला का कहना है कि उसका पति घर आया तो उसने आते ही उसे पीटना शुरू कर दिया । जिस पर उसने किसी तरह जान बचाते हुए वहां से अपने मायके पहुंच गई इसके बाद पीड़ित महिला ने अपने पिता के साथ पुलिस थाना तीसा जाकर मारपीट का मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने पीड़ित महिला का मेडिकल करवाकर रिपोर्ट तलब की, इसके बाद थाना तीसा में मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की पुष्टि डीएसपी सलूनी रंजन शर्मा ने की।

## विधायक हंसराज ने सीएम से की खाली पदों को भरने की अपील

**आजम डार, तीसा**



जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र चुराह विधानसभा के विधायक डॉक्टर हंसराज ने हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू से विधानसभा क्षेत्र चुराह में खाली चल रहे पदों को जल्द भरने की अपील की है। इसके लिए पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं विधायक हंसराज ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है।

चुराह में स्वास्थ्य विभाग 17 में से 14 पद डॉक्टर के रिक्त चल रहे हैं। जिसके कारण यहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह से चरमरा गई है। डॉक्टर न होने के चलते यहां पर लोगों को मजबूरी में बाहर जाकर इलाज करवाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि चुराह में तहसीलदार व नायब तहसीलदार का पद भी काफी समय से रिक्त चल रहे हैं। बिजली बोर्ड व लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता के पद भी यहां पर रिक्त चल रहे हैं। अन्य कई विभागों में काफी लंबे समय से कई पद रिक्त चल रहे हैं जिस वजह से चुराह की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पत्र हिमाचल के मुख्यमंत्री को नागरिक अस्पताल तीसा में डॉक्टरों की कमी को जल्द पूरा करने का आग्रह किया है।(अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 00118 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

16 नवंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** प्रतिपदा (11:52): **नक्षत्र** कृत्तिका (07:28), **पक्ष** : कृष्ण **योग :** परिघ (11:46) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:44-12:27), **राहुकाल** (09:25 -10:45)।

### विशेष दिन

- 16 नवंबर : अशून्य शयन व्रत आज।
- 16 नवंबर : चन्द्रभागा मेला आज होगा पूर्ण।

**मेष:** आज दिन भर आप कार्य में जुटे रहेंगे। बावजूद इसके आप थकान महसूस नहीं करेंगे। शारीरिक रूप से आज खुद को आप बेहतर महसूस करेंगे।

**वृषभ:** वृषभ राशि वालों के लिए दिन अच्छा है लेकिन गुस्से की अधिकता रहेगी। कार्यों की अधिकता रहेगी लेकिन उनके मुताबिक जोधन आपको प्राप्त होगा ।

**मिथुन:** मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य से अच्छा है। आज शाम को परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं। अगर निवेश करने की योजना बना रहे हैं तो दिन सही है।

**कर्क:** आज आप यथार्थ में जिएं। दरअसल जो आप सोच रहे हैं हकीकत उससे अलग है। आज आपके ऐसे काम बनेंगे जो भविष्य तक धन लाभ देते रहेंगे।

**सिंह:** आज आपको वाहन चलाते समय थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। सावधानी बरतें सड़क पार करते सावधान रहें। खर्च के योग आपकी राशि में दिखाई दे रहे हैं।

**कन्या :** स्वास्थ्य सुधार हैं। खर्च के योग भी आपकी राशि में आज बने हुए हैं। बेवजह खर्च करने से बचें । आज आपके पास समय की कोई कमी नहीं रहेगी।

**तुला:** बड़ा निर्णय लेने से बचें। दिन की शुरुआत अशुभ योग के साथ हो रही है। इसलिए दोपहर तक कोई भी ऐसा निर्णय न करें जो आपके भविष्य को प्रभावित करता हो।

**वृश्चिक:** आज परिवार में किसी बुजुर्ग की सेहत बिगड़ सकती है। इसलिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उदासी से बाहर आएं और खुश रहें।

**धनु :** आज लेनदेन से आपको बचना चाहिए। आज किसी को भी उधार पैसा देने से बचें। कार्य क्षेत्र में भी आज मधुरता बनाए रखें। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ सकता है।

**मकर :** कार्यक्षेत्र के तनाव को घर लेकर ना पहुंचे। इससे विवाद हो सकते हैं जब आप घर पहुंचे तो प्रसन्न मुद्रा के साथ ही जाएं। आज बच्चों की पढ़ाई पर भी ध्यान देना आवश्यक है।

**कुंभ :** आर्थिक लेन-देन के मामलों में सचेत रहना होगा। आज अचानक यात्रा आपको करनी पड़ सकती है लेकिन इससे तनाव बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें रफ्तार से बचें।

**मीन:** खुद को रिलैक्स महसूस करेंगे अचानक यात्रा के योग आपकी राशि में दिखाई दे रहे हैं। मित्रों के साथ घूमने जा सकते हैं परिवार के साथ कहीं घूमने आप जा सकते हैं।

## तेबन में नवाजे होनहार विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, करसोग**

पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तेबन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह प्रधानाचार्य नानक चंद शर्मा मुख्य अतिथि और अधीक्षक पिताम्बर ठाकुर तथा विद्यालय प्रबन्धन समिति अध्यक्ष भूप सिंह ने विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

शैक्षणिक क्षेत्र में विद्यालय की छात्रा अनीता ठाकुर ने बोर्ड की एक प्रतिशत मेरिट में अपनी जगह बनाई। इसके अतिरिक्त खेल में भी अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने वॉलीबॉल में प्रथम स्थान हासिल किया है।

ब्लाक स्तर के बाल मेले में विद्यालय की छात्राओं ने प्रश्नोतरी, समूह गान, पेंटिंग, एकल गान, एकल नृत्य, वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता बनकर विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इसके उपरांत पुरुस्कार बांटे गए।

## टिप्पर और मोटरसाइकिल में भिड़ंत, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा -साहो मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल एवं टिप्पर में आपसी भिड़ंत हो जाने के कारण मोटरसाइकिल चालक की मौके पर की मौत हो गई।

मृतक की पहचान मोनू पुत्र स्वर्गीय पुनाराम निवासी गांव झिकड़ु डाकघर साहो के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज चंबा भेज दिया है जहां शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मृतक आईटीआई से छुट्टी कर घर वापस लौट रहा था इसी दौरान जैसे ही उसकी मोटरसाइकिल भूरी सिंह पावर हाउस के पास पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे टिप्पर से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है। (अनंत ज्ञान)

## स्कूलों में निर्माण कार्यों का देना होगा उपयोगिता प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिले के सरकारी स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर खर्च हुई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र अब विभाग को देना होगा।

इसके बारे में उच्च शिक्षा विभाग ने समस्त सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को आदेश दिए हैं। फिलहाल, विभाग की ओर से इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। अगर इस अवधि में स्कूल मुखिया उपयोगिता प्रमाण नहीं भेजते हैं तो संबंधित स्कूल मुखियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जवाब तलब भी किया जाएगा। विभाग की ओर से उपयोगिता प्रमाण पत्र मंगवाने का मकसद स्कूलों में चल रहे कार्यों के दौरान खर्च हुई राशि का ब्योरा हासिल करना है। साथ ही यह भी पता लगाना है कि इस राशि का सही तरीके से स्कूल मुखिया इस्तेमाल कर रहे हैं या नहीं।

बहरहाल, विभागीय निर्देशों के अनुरूप स्कूलों को जल्द ब्योरा कार्यालय भेजना होगा। जानकारी के अनुसार जिले के 50 से अधिक स्कूलों में विभिन्न प्रकार के कार्य चल रहे हैं। कहीं स्कूल भवनों का निर्माण चल रहा है तो कहीं, स्कूलों कक्षाओं को आधुनिक भी किया जा रहा है। इसके अलावा प्रयोगशालाओं का भी निर्माण कार्य चल रहा है। सरकार की ओर से इन कार्यों के लिए बजट का प्रावधान किया गया था।

विभाग ने बजट जारी किया और अब इन स्कूलों में कार्य शुरू हो गया है। अधिकतर स्कूलों में कार्य पूर्ण हो गया है लेकिन स्कूल प्रमुखों ने इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेजा है।

बहरहाल, उच्च शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजने के निर्देश दिए हैं। उच्च शिक्षा उपनिदेशक चंबा प्यार सिंह चाढ़क ने खबर की पुष्टि की है।

## आरटीआई से सूचना न देने पर पंचायत सचिव को 25 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सही जानकारी न देने पर विकास खंड मैहला के तहत आती एक पंचायत के सचिव को 25000 जुर्माना किया गया है। इस कर्मी को अब 25,000 रुपए जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना राज्य मुख्य सूचना आयुक्त आरडी धीमान ने लगाया है।

आरटीआई कार्यकर्ता भगत राम ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत निर्माण कार्य नहर ब्रहमाणी से गांव टिक्कर के लिए जारी किए मस्टररोलों के बारे में 4 फरवरी 2022 को सूचना मांगी थी। आरटीआई अधिनियम के तहत यह सूचना उन्हें 30 दिन के भीतर प्रदान करनी अनिवार्य थी लेकिन, लोक सूचना अधिकारी एवं पंचायत सचिव ने यह जानकारी उन्हें निर्धारित समय में नहीं दी।

आरटीआई कार्यकर्ता ने लोक सूचना अधिकारी एवं पंचायत सचिव के मोबाइल नंबर के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज कर उन्हें जानकारी मुहैया करवाने को लेकर आग्रह किया। आखिरकार आरटीआई कार्यकर्ता ने पहली अपील विकास खंड अधिकारी मैहला के पास की और उनसे आग्रह किया कि लोक सूचना अधिकारी एवं पंचायत सचिव को निर्देश जारी किए जाएं कि वह मांगी गई जानकारी जल्द मुहैया करवाएं। इस पर विकास खंड अधिकारी ने अपील की सुनवाई के लिए 23 अगस्त 2022 की तिथि तय की लेकिन, उस दिन अपरिहार्य कारणों के चलते सुनवाई नहीं हो पाई।

जो शासन करते है उन्हें देखना चाहिए कि लोग कैसी प्रतिक्रिया करते हैं, क्योंकि लोकतंत्र में जनता ही मुखिया होती है। - लाल बहादुर शास्त्री

## संपादकीय

# घाटे में एचपीटीडीसी

हाईकोर्ट ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम यानी एचपीटीडीसी को उसकी बकाया राशि वसूलने के आदेश जारी कर निगम को एक तरह से संजीवनी देने का काम किया है। कभी सरकार का कमाऊ पूत कहलाने वाला एचपीटीडीसी अब गंभीर माली हालत से गुजर रहा है। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन निगम के होटल घाटे में क्यों चल रहे हैं? इसकी कई वजह हैं। एक तो सबसे बड़ी वजह यह है कि एचपीटीडीसी के होटलों को जितने भी सरकारी विभाग हैं वह सरकारी मानते हैं और उनके साथ उसी तरह ट्रीट करते हैं। यानी कोई भी पार्टी या मीटिंग या सेलिब्रेशन हो तो सरकारी विभागों को एचपीटीडीसी के होटलों की याद आती है। ये सरकारी विभाग वहां जीभर के मनमर्जी के ऑर्डर देते हैं और खाते-पीते हुए चलते बनते हैं और पीछे रह जाती है तो सिर्फ देनदारी।

इसे विडंबना ही कहेंगे कि एचपीटीडीसी के होटलों में उधारी से काम चलाया जा रहा है। ऐसी भी क्या मजबूरी कि सरकार के विभागों से पैसे या तो मांगे ही नहीं जाते हैं या फिर देनदारी के नाम पर टरका दिया जाता है। एचपीटीडीसी को सरकारी विभागों के अलावा विभिन्न निजी पार्टियों से करोड़ों की बकाया राशि लेनी है। इसके लिए एचपीटीडीसी काफी समय से जद्दोजहद कर रहा है। हिमाचल हाईकोर्ट ने एचपीटीडीसी को उसकी बकाया राशि वसूलने के आदेश दिए हैं। खास बात यह है कि निजी पार्टियों से बकाया रकम को वसूलने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया है, जबकि सरकारी विभागों को 30 नवंबर से पहले बकाया राशि का भुगतान करना होगा। इसके लिए सरकारी विभागों को बकायदा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। हिमाचल प्रदेश में मौजूदा समय में एचपीटीडीसी के करीब 60 होटल, कैफे और रेस्तरां हैं, जिनमें से 35 से अव्यवस्थाओं की वजह से घाटे में चल रहे हैं। घाटे की प्रमुख वजह देनदारियों का भुगतान है। इस समय एचपीटीडीसी को सरकारी विभागों से 4.13 करोड़ और निजी पार्टियों से एक करोड़ से अधिक की रकम लेनी है। यानी एचपीटीडीसी को कुल पांच करोड़ से अधिक की बकाया रकम की वसूली करनी है। पांच करोड़ की राशि कोई छोटी रकम नहीं होती है। यदि यह बकाया रकम एचपीटीडीसी के खाते में आ जाती है तो निश्चित रूप से उसकी माली हालत में काफी सुधार आ जाएगा। एचपीटीडीसी से पिछली तीन सालों के दौरान हुई कमाई, होटलों की कमरों की बुकिंग और उनकी दरें का विवरण भी तलब किया है। एचपीटीडीसी को 19 नवंबर को यह विवरण हाईकोर्ट के समक्ष रखना होगा। एचपीटीडीसी अपनी संपत्ति को निजी पार्टियों को शादी व अन्य आयोजनों के लिए किराए पर भी देता है। इससे भी हाईकोर्ट काफी नाराज है। बहरहाल, हाईकोर्ट ने अब ऐसी व्यवस्था बना दी है कि आयोजनों के लिए सामान तभी दिया जाएगा, जब वे अनुमानित किराए का कम से कम 80 फीसदी अग्रिम भुगतान करेंगे। एचपीटीडीसी को प्रदेश हाईकोर्ट का विशेष रूप से धन्यवाद करना चाहिए कि उन्होंने निगम को इस विकट और पेचीदा स्थिति से बाहर निकालने का रास्ता दिखाया।

अब एचपीटीडीसी को चाहिए कि वह आइंदा ऐसी कोई भी ढील न दे जिससे उसे फिर से घाटे हो। उधारी का धंधा एचपीटीडीसी को सख्ती से बंद करना होगा तथा बिल का भुगतान साथ के साथ करवाने पर जोर देना होगा। एचपीटीडीसी ने स्पष्ट किया है कि हाईकोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित डीडीओज को जिम्मेदार ठहराया जाएगा और संभावित रूप से उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन उद्योग में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण भी निगम के होटलों को घाटा हो रहा है। आधुनिक सुविधाएं और सेवाएं न होने के कारण उन्हें प्रतिस्पर्धा में पीछे छोड़ देती हैं, जबकि प्राइवेट होटल बेशक महंगे हों, लेकिन लोग आजकल पैसे की परवाह न करते हुए, उनमें ठहरने के लिए इसलिए तवज्जो देते हैं, क्योंकि वहां बेहतर सुविधा मिल जाती है। भविष्य में एचपीटीडीसी को इस ओर भी गंभीरता से ध्यान देना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि घाटे में चल रहे हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम की माली हालत जल्द ही पटरी पर आएगी। ■

# कार्तिक पूर्णिमा का महत्व व लाभ

पंचांग के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा तिथि 15 नवंबर 2024 को सुबह 06 बजकर 19 मिनट से शुरू हो गई है और इसका समापन 16 नवंबर 2024 को सुबह 02 बजकर 58 मिनट हो होगा। उदयातिथि के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार 15 नवंबर को मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। सालभर में कुल 12 पूर्णिमा तिथि आती है, जिसमें कार्तिक पूर्णिमा का खास स्थान होता है और हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर देव दिवाली भी मनाई जाती है। कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरारी पूर्णिमा भी कहते हैं। दरअसल इस तिथि पर भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नाम के एक दैत्य का वध किया था, इसलिए इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर पवित्र नदी में स्नान और दान करने का विशेष महत्व होता है। इस दिन गंगा और नदियों के किनारे दीपक जलाने पर कई गुना पुण्य लाभ मिलता है। सनातन धर्म में कार्तिक माह और पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व होता है। कार्तिक माह में गंगा स्नान और भगवान विष्णु की आराधना का विशेष महत्व होता है। शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व बताया गया है। इस दिन गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष गंगा स्नान करने का फल मिलता है।

इस दिन दीप-दान और मां लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा करने पर शुभ फलों की प्राप्ति में वृद्धि होती है। कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान विष्णु के रूप में मत्स्य अवतार हुआ था, मत्स्य अवतार को भगवान विष्णु के दस अवतारों में पहला अवतार माना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा का सिख धर्म में भी विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। सिख धर्म में इसे गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा-पाठ और लंगर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा ऐसी भी धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर ब्रह्मा जी का अवतरण पुष्कर के पवित्र नदी में हुआ था। इस कारण हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों लोग पुष्कर नदी में स्नान, पूजा-पाठ और दीपदान करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व बताया गया है। इस दिन गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष गंगा स्नान करने का फल मिलता है। पूरे महीने के दौरान भगवान शिव की पूजा बहुत श्रद्धा के साथ की जाती है और प्रार्थना की जाती है। इसे पुरुषोत्तम मास के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र महीने के दौरान भगवान शिव और भगवान विष्णु एक साथ रहते हैं। पवित्र कार्तिक महीने का महत्व दीपदान से चिह्नित है। कार्तिक पूर्णिमा के दौरान, सूर्य और चंद्रमा एक ही राशि में होते हैं, जिससे जल और वातावरण में एक शक्तिशाली, पवित्र ऊर्जा का संचार होता है। इस दिन नदियों और झीलों में स्नान करना विशेष रूप से शुभ माना जाता है, इससे नौ खगोलीय ग्रहों का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

त्रिपुरासुर के वध का दिन कार्तिक पूर्णिमा का दिन था। त्रिपुरासुर के वध के बाद देवी-देवता बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने भगवान शिव की नगरी काशी में दीप दान कर खुशियां मनाई। तभी से कार्तिक पूर्णिमा को देव दिवाली कहा जाने लगा। दिए गए नामों के लिए, कार्तिकेयन, कार्तिक, कार्तिक या, कार्तिकेय था, जिन्हें स्कंद, सुब्रह्मण्य, षण्मुख और मुरुगन के नाम से भी जाना जाता है, युद्ध के हिंदू देवता हैं। उन्हें आम तौर पर भगवान शिव और पार्वती के पुत्र और गणेश के भाई के रूप में वर्णित किया जाता है। (बहुविकल्पी),कार्तिकेय, जिन्हें स्कंद, सुब्रह्मण्य, षण्मुख और मुरुगन के नाम से भी जाना जाता है, युद्ध के हिंदू देवता हैं। उन्हें आम तौर पर भगवान शिव और पार्वती के पुत्र और गणेश के भाई के रूप में वर्णित किया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान विष्णु के रूप में मत्स्य अवतार हुआ था, मत्स्य अवतार को भगवान विष्णु के दस अवतारों में पहला अवतार माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार साल का आठवां महीना कार्तिक महीना होता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा कार्तिक पूर्णिमा कहलाती है। प्रत्येक वर्ष पंद्रह पूर्णिमाएं होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है तब इनकी संख्या बढ़कर सोलह हो जाती है। सृष्टि के आरंभ से ही यह तिथि बड़ी ही खास रही है। पुराणों में इस दिन स्नान, व्रत व तप की दृष्टि से मोक्ष प्रदान करने वाला बताया गया है। इसका महत्व सिर्फ वैष्णव भक्तों के लिए ही नहीं शैव भक्तों और सिख धर्म के लिए भी बहुत ज्यादा है।

विष्णु के भक्तों के लिए यह दिन इसलिए खास है, क्योंकि भगवान विष्णु का पहला अवतार इसी दिन हुआ था। प्रथम अवतार में भगवान विष्णु मत्स्य यानी मछली के रूप में थे। भगवान को यह अवतार वेदों की रक्षा, प्रलय के अंत तक सप्तऋषियों, अनाजों एवं राजा सत्यव्रत की रक्षा के लिए लेना पड़ा था। इससे सृष्टि का निर्माण कार्य फिर से आसान हुआ। शिव भक्तों के अनुसार इसी दिन भगवान भोलेनाथ ने त्रिपुरासुर नामक महाभयानक असुर का संहार कर दिया, जिससे वह त्रिपुरारी के रूप में पूजित हुए। इससे देवगण बहुत प्रसन्न हुए और भगवान विष्णु ने शिव जी को त्रिपुरारी नाम दिया जो शिव के अनेक नामों में से एक है। इसलिए इसे 'त्रिपुरी पूर्णिमा' भी कहते हैं। इसी तरह सिख धर्म में कार्तिक पूर्णिमा के दिन को प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन सिख संप्रदाय के संस्थापक गुरु नानक देव का जन्म हुआ था।

इस दिन सिख संप्रदाय के अनुयाई सुबह स्नान कर गुरुद्वारों में जाकर गुरुवाणी सुनते हैं और नानक जी के बताए रास्ते पर चलने की सौगंध लेते हैं। इसे गुरु पर्व भी कहा जाता है। इस तरह यह दिन एक नहीं, बल्कि कई वजहों से खास है। इस दिन गंगा-स्नान, दीपदान, अन्य दानों आदि का विशेष महत्त्व है। इस दिन क्षीरसागर दान का अनंत महत्व है, क्षीरसागर का दान 24 अंगुल के बर्तन में दूध भरकर उसमें स्वर्ण या रजत की मछली छोड़कर किया जाता है। यह उत्सव दीपावली की भांति दीप जलाकर सायंकाल में मनाया जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन कृतिका में शिव शंकर के दर्शन करने से सात जन्म तक व्यक्ति ज्ञानी और धनवान होता है। इस दिन चंद्र जब आकाश में उदित हो रहा हो उस समय शिवा, संभूति, संतति, प्रीति, अनुसूया और क्षमा इन छह कृतिकाओं का पूजन करने से शिव जी की प्रसन्नता प्राप्त होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता सोशल मीडिया

किशोरों पर सोशल मीडिया के प्रभाव ने वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताएं पैदा की है, इस बात पर बहस चल रही है कि क्या आयु प्रतिबंध इसके संभावित नुकसानों को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं या अनपेक्षित परिणामों को जन्म दे सकते हैं। साथियों के साथ बातचीत और समुदाय निर्माण की सुविधा देता है, सामाजिक कौशल विकास में सहायता करता है। प्यू रिसर्च (2023) ने पाया कि 71 प्रतिशत किशोर सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। युवाओं को पहचान तलाशने और खुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सोशल मीडिया इंटरनेट साइट्स और ऐप्स के लिए एक शब्द है जिसका उपयोग आप अपने द्वारा बनाई गई सामग्री को साझा करने के लिए कर सकते हैं। सोशल मीडिया आपको दूसरों द्वारा पोस्ट की गई सामग्री पर प्रतिक्रिया देने की सुविधा भी देता है। इसमें दूसरों द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें, टेक्स्ट, प्रतिक्रियाएं या टिप्पणियां और जानकारी के लिंक शामिल हो सकते हैं।

सोशल मीडिया साइट्स के भीतर ऑनलाइन शेयरिंग कई लोगों को दोस्तों के संपर्क में रहने या नए लोगों से जुड़ने में मदद करती है और यह अन्य आयु समूहों की तुलना में किशोरों के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण हो सकता है। दोस्ती किशोरों को उनकी पहचान बनाने में भूमिका निभाती है। इसलिए यह सोचना स्वाभाविक है कि सोशल मीडिया का उपयोग किशोरों को कैसे प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया बहुत से किशोरों के दैनिक जीवन का एक बड़ा हिस्सा है। कितना बड़ा? 13 से 17 साल के बच्चों पर 2024 में किए गए एक सर्वेक्षण से इसका संकेत मिलता है। लगभग 1, 300 प्रतिक्रियाओं के आधार पर, सर्वेक्षण में पाया गया कि 35 प्रतिशत किशोर दिन में कई बार से ज्यादा पांच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में से कम से कम एक का इस्तेमाल करते हैं।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पांच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं-यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट। सोशल मीडिया सभी किशोरों को एक जैसा प्रभावित नहीं करता है। सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर स्वस्थ और अस्वस्थ प्रभावों से जुड़ा हुआ है। ये प्रभाव एक किशोर से दूसरे किशोर में अलग-अलग होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव चीजों पर निर्भर करता है। यूनिसेफ की रिपोर्ट (2022) से पता चलता है कि सोशल मीडिया 62 प्रतिशत किशोरों में आत्म-पहचान को बढ़ावा देता है।

विशाल शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच सक्षम करता है, डिजिटल साक्षरता और कौशल को बढ़ाता है। लिंक्डइन और फेसबुक युवाओं के लिए डिजिटल कौशल पर कार्यशालाएं प्रदान करते हैं। हाशिए के समूहों के लिए समर्थन और समझ पाने के लिए सुरक्षित स्थान बनाता है। (2022) ने सीमित सोशल मीडिया एक्सपोजर वाले युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों में 20 प्रतिशत की कमी की रिपोर्ट की है। अनुचित या खतरनाक सामग्री के संपर्क को सीमित करता है, जिससे नकारात्मक प्रभावों के जोखिम कम होते हैं। फिनलैंड का मीडिया साक्षरता सप्ताह छात्रों को डिजिटल सुरक्षा और आलोचनात्मक सोच में प्रशिक्षित करता है। माता-पिता को अपने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग की निगरानी और मार्गदर्शन करने में मदद करने के लिए संसाधन प्रदान करें। 2017 चाइल्ड ऑनलाइन प्रोटेक्शन फ्रेमवर्क डिजिटल मार्गदर्शन में माता-पिता की भूमिका पर जोर देता है। उम संबंधी प्रतिबंधों के बजाय हानिकारक सामग्री को प्रतिबंधित करने पर ध्यान केंद्रित करें, जिससे सुरक्षित और संयमित उपयोग की अनुमति मिले। जुआ और हिंसा जैसी सामग्री पर फ्रांस के 2022 के चुनिंदा प्रतिबंध पूर्ण प्रतिबंध के बिना युवाओं की रक्षा करते हैं। जबकि सोशल मीडिया पर उम संबंधी प्रतिबंध सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं, एक संतुलित दृष्टिकोण जो डिजिटल शिक्षा, माता-पिता की भागीदारी और लक्षित सामग्री विनियमन को जोड़ता है, किशोरों की सुरक्षा के लिए अधिक व्यवहारिक है, जबकि उन्हें जिम्मेदारी से सोशल मीडिया से लाभ उठाने की अनुमति देता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**किसी** भी नशे के सेवन के नुकसान अलग-अलग तरह के होते हैं, लेकिन चिट्टा का एक ऐसा नशा है जिसका एक या दो बार सेवन करने के बाद, कोई भी इसका आदी हो जाता है और इसे छुड़ाने के लिए कई बार मरीज को भर्ती भी करना पड़ता है। सफेद रंग के पाउडर सा दिखने वाला यह नशा एक तरह का सिंथेटिक ड्रग्स है। हेरोइन के साथ कुछ केमिकल्स मिलाकर यह ड्रग्स तैयार किया जाता है। हाल ही में हिमाचल के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार हुए नशे के सौदागरों से यह बात सामने आई है कि कैसे वो युवाओं और बच्चों को अपने जाल में फंसाते हैं। एक लड़के ने भी इसके बारे में बताया, जो नशा करते हैं, वही इसे आगे बढ़ा रहे हैं। उन्हें इतना पैसा घर से नहीं मिलता तो वे इसका बिजनेस करने लगते हैं, ताकि खुद का काम भी चल जाए और लोगों से थोड़ा पैसा भी मिल जाए।

**प्रीतम चंद,अनसोली**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध लंबी दूरी के तैराक

**मिहिर** सेन भारत के प्रसिद्ध लंबी दूरी के तैराक थे। उन्होंने 1966 में पनामा नहर की एक छोर से दूसरे छोर तक 77 किलोमीटर की दूरी तैरकर पार की थी। मिहिर सेन 1958 में इंग्लिश चैनल तैरकर पार करने वाले प्रथम भारतीय ही नहीं, प्रथम एशियाई भी थे। उन्होंने 'साल्ट वाटर' तैराकी में अनोखी दक्षता हासिल करके 5 महत्वपूर्ण रिकार्ड बनाए थे। उन्हें 1959 में 'पद्मश्री' प्रदान किया गया तथा 1967 में 'पद्मभूषण' देकर सम्मानित किया गया था। मिहिर सेन का जन्म पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में हुआ था। इनके पिता का नाम डॉ. रमेश सेन गुप्ता तथा माता का नाम लीलावती था। पिता एक फिजीशियन थे। मिहिर सेन कलकत्ता हाईकोर्ट में बैरिस्टर थे, लेकिन उन्हें रिकॉर्ड बनाने वाले तैराक के रूप में जाना जाता है। मिहिर सेन अपनी वकालत की तैयारी के लिए इंग्लैंड गए थे, परंतु वहां वह इंग्लिश चैनल की तैराकी के प्रति आकृष्ट हो गए। शुरू में उन्होंने चैनल तैरकर पार करने के कुछ असफल प्रयास भी किए, लेकिन 27 सितंबर, 1958 को वह इंग्लिश चैनल तैरकर पार करने में सफल रहे, इस प्रकार वह इंग्लिश चैनल पार करने वाले प्रथम भारतीय ही नहीं, प्रथम एशियाई भी थे। उन्होंने इंग्लिश चैनल को पार करने में 14 घंटे 45 मिनट का समय लिया। उन्होंने यह तैराकी डोवर से कैलाइस तक की। इस प्रकार उन्होंने अपनी हिम्मत व तैराकी के द्वारा अन्य भारतीय तैराकों के लिए लंबी दूरी की तैराकी में अधिक निपुणता प्राप्त करने के नए रास्ते खोल दिए। मिहिर सेन एक अतुलनीय तैराक थे, जिन्होंने अपनी हिम्मत और मेहनत के दम पर इतनी बड़ी तैराकी का जोखिम उठाया था। वह 'एक्सप्लोरर्स क्लब ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष थे। अपने जीवन के अंतिम दिनों में उन्होंने अपनी याददाश्त खो दी थी और कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत किया। 11 जून, 1997 को मिहिर सेन का कोलकाता में 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ■



मिहिर सेन
जन्म : 16 नवंबर, 1930
मृत्यु : 11 जून, 1997

## कविता

### तू माता अनमोल है



डॉ. कौमार्या मनोज

*पढ़ा लिखा जिसके साए में, ऐ मां तू अब क्यूं रोती है।*
*सफल करूं तेरा वो सपना, जो तूने मुझमें देखा है।।*
*समय लगेगा पंख लगेगा , फिर मैं भी उड़ पाऊंगा।*
*साथ रहूंगा जब तू चाहे, तेरे साथ जी पाऊंगा।।*
*दु:ख तेरा मैं अंत करूंगा, साथ सुखी कर पाऊंगा।*
*मुझको थोड़ा पढ़ लेने दे, कुछ तेरे लिए कर पाऊंगा।।*
*तू माता अनमोल है मेरी, तू हीं मेरे आस है।*
*जो चाहूं सब कुछ मिल जाता, जब तू मेरे पास है।।*
*तू मुझको सम्मान दिलाती, तुझसे मेरी पहचान है।*
*तू मेरी शक्ति है माता, तूहीं मेरी अभिमान है।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# हम सबकी आस, जिला सिरमौर का भी हो पर्यटन के रूप में विकास

हिमाचल में को देवभूमि के साथ-साथ पर्यटन का प्रदेश और क्षेत्र भी माना जाता है, जिस प्रदेश में लोगों की देवी-देवताओं के प्रति अटूट आस्था और विश्वास है तथा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व स्तर तक पहचान मानी जाती है तो वहीं पहाड़ों में बसा हिमाचल प्रदेश बहुत ही सुंदर और प्रकृति की गोद में बसा है, तो वहीं हिमाचल प्रदेश का जिला सिरमौर जो वर्तमान में हर क्षेत्र में हिमाचल का सिरमौर बनने के लिए मानों दिन-प्रतिदिन अपनी अलग पहचान स्थापित करता जा रहा है, तो वहीं आज हम अपने लेख के माध्यम से जिला सिरमौर की अनमोल धरोहर और वातानुकूलित वातावरण और प्रकृति की वादियों से रू-ब-रू करवाने का प्रयास करेंगे, जिला सिरमौर का अधिकांश क्षेत्र पहाड़ों में बसा हुआ है। जिस जिला सिरमौर में अगर हम पर्यटन की दृष्टि से देखने एवं समझने का प्रयास करें, तो निसंदेह सिरमौर पर्यटन की दृष्टि से भी हिमाचल प्रदेश का सिरमौर बन सकता है। अगर प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग इस और विशेष ध्यान आकर्षित करती है, अगर सिरमौर के पर्यटन क्षेत्र को चिन्हित करके इन क्षेत्रों को विकसित करने का प्रयास करतीं हैं तो,अगर प्रदेश सरकार इस और विशेष ध्यान आकर्षित करती है।

निसंदेह स्थानीय जनता एवं युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। वहीं दूसरी ओर गांव से हो रहे रोजगार को लेकर शहरों में पलायन को भी काफी हद तक रोका जा सकता है, तो वहीं सबसे अच्छी बात यह भी है कि जिला सिरमौर से उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान और विधानसभा उपाध्यक्ष श्री विनय कुमार भी इसी ग्रह जिला से संबंध रखते हैं, तो इसी परिप्रेक्ष्य में उम्मीद बढ़ जाती है कि जिला सिरमौर को अगर ये दोनों राजनीति के कद्दावर राजनेता स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रदेश सरकार में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले राजनेता विशेष पहल और माननीय मुख्यमंत्री के सौजन्य से गंभीरता से प्रयास करते हैं, तो सिरमौर को पर्यटन के क्षेत्र में काफी हद तक विकसित किया जा सकता है। जिला सिरमौर में विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने कि परम् आवश्यकता है, जिसमें अनेक क्षेत्र मानें जाते हैं, जैसे माता रेणुका जी को भी अभी तक पर्यटन की दृष्टि से उस स्तर पर विकसित नहीं किया गया। जिस प्रकार की अंतरराष्ट्रीय स्तर तक इस क्षेत्र की धार्मिक के साथ-साथ पर्यटन महत्वत्ता मानीं जातीं हैं, तो वहीं हरिपुरधार क्षेत्र को भी पर्यटन के रूप में विकसित करने की परम् आवश्यकता है जो प्रकृति की गोंद में बसा है, तो वहीं राजगढ़ का हाबबन क्षेत्र पर्यटन के क्षेत्र में बहुत मशहूर माना जाता है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जिस क्षेत्र में देवदार के घने जंगल और बर्फ का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। वहीं रेणुका विधानसभा क्षेत्र का एक और सुंदर और मनमोहक, प्रकृति की गोद में बसा (गत्ताधार) का क्षेत्र जिसको पर्यटन के रूप में अगर विकसित किया जाए, तो यकीनन मानों इस क्षेत्र में चार चांद लग जाएं, तो वहीं जानकारी अनुसार इस क्षेत्र के जागरूक और सक्रिय युवाओं ने अपने क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का प्रयास भी करते आ रहे हैं, जिसमें सिरमौर की 111 विशेष विभूतियों को सम्मानित करने का प्रयास किया है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में अपनी खास पहचान स्थापित की है तो वहीं इसी उद्देश्य से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसा विशेष कार्यक्रम 23 नवंबर को किया जा रहा है, जिसमें रेसलिंग कि दुनिया में खलबली मचाने वाले ग्रेट खली ऊर्फ दलील राणा जी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जो सराहनीय पहल जिला सिरमौर ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शायद इस प्रकार का पहला प्रयास माना जा रहा है। वहीं शिलाई विधानसभा क्षेत्र का चानपुरधार, जुईन धार, में भी पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, तो वहीं शिलाई कागिरनौल, सुईनल, कफोटा, टिटियाना, जाखना इत्यादि का क्षेत्र भी पर्यटन के क्षेत्र अनुकूल माना जाता है, तो वहीं पांवटा साहिब का क्षेत्र गुरुद्वारा के लिए प्रसिद्ध है।

जिस क्षेत्र में पतीत पावनी मां यमुना का बास है। जहा पर सैकड़ों श्रद्धालु और पर्यटक दूर दराज से आस्था और पर्यटन के रूप में आते रहते हैं, परंतु अभी तक इस क्षेत्र में कोई खास सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है, तो वहीं पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के निगाली क्षेत्र में भी पर्यटन की अपार संभावनाएं देखने को मिलती हैं, तो वहीं जिला मुख्यालय नाहन का बहुत ही सुंदर और मनमोहक प्रकृति का दृश्य देखने को मिलता है, इस प्रकार जिला सिरमौर में दर्जनों ऐसे रमणीय स्थल पाएं जाते हैं जिन क्षेत्रों में अगर सड़क सुविधा, ठहरने, भोजन की सुविधा और कुछ और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो जाएं तो यकीनन सिरमौर को पर्यटन के क्षेत्र में एक अलग पहचान मिल सकती है। वहीं जिस प्रकार वर्तमान सरकार हिमाचल प्रदेश के ऐसे खास क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग और ईको टूरिज्म के क्षेत्र में कार्य करने का प्रयास कर रही है, जिसमें जैसे जिला कांगड़ा, बिलासपुर, शिमला इत्यादि जिलों के अनेक क्षेत्रों में माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने शुभारंभ और शुरू करने का प्रयास किया और पर्यटन के क्षेत्र में भविष्य में कार्य करने की भी हामी भरी, इस प्रकार की पैरागलाइडिंग और ईको टूरिज्म से जिला सिरमौर के हरिपुरधार, रेणुका जी, शिलाई, इत्यादि के क्षेत्रों में अगर सरकार पहल करती है, तो निसंदेह भविष्य में युवाओं और जनता को स्थानीय तौर पर रोजगार के अवसर और सिरमौर की पहचान देश-विदेश तक स्थापित हो सकती है, तो वहीं सरकार से भी निवेदन और सुझाव रहेगा कि अगर वह आर्थिक रूप से पर्यटन को विकसित करने में सक्षम नहीं मानीं जातीं हैं, तो प्रदेश सरकार किसी उद्योग घराने से ताल्लुक रखने वाले उद्योगपतियों के द्वारा आवेदन करवाने का भी प्रयास किया जाएं, ताकि वह हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में इन्वेस्ट करवाने का प्रयास करें, जिससे हिमाचल प्रदेश को आर्थिक रूप से भी भार नहीं पड़ेगा, तो वहीं दूसरी ओर पर्यटन के रूप में भी हिमाचल प्रदेश को विकसित किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# युगों-युगों तक मानव को अमर कर देती है अच्छाई व सच्चाई

अच्छाई युगों-युगों तक मानव को अमर कर देती है। मानव को हमेशा अच्छाई व सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। मानव जीवन अनमोल है। कहते हैं कि एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है इंसान हर रोज मंदिर जाते हैं फिर भी पत्थर ही रहते हैं। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है। प्रत्येक इंसान का एक स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए, भले ही कितनी ही विपत्ति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए। मानव को अपने स्वाभिमान के आंसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए। आधुनिक इंसान पत्थर दिल व आत्मकेंद्रित होता जा रहा है।

मानव संवेदनहीनता की हदें लांघ रहा है। यह समाज के लिए अशुभ संकेत है। मानव आज मानवता के खिलाफ होता जा रहा है। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है। आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।



लेखक : नरेंद्र भारती
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मगर आधुनिक इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते हैं, मगर दुख में साथ छोड़ देते हैं, कहते अपने ही काम आते हैं, मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है। कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं, मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब, मांस, मदिरा का प्रयोग कर रहा है। आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इंकार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है, मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। अत: प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए, प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए। जीवन बार-बार नहीं मिलता है। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है और बेईमानों का सत्यनाश हुआ है।

खुदा के घर में देर है अंधेर नहीं है। आदमी को समय से डरना चाहिए, क्योंकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है। कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए, भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू लें। एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए, क्योंकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं। हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि सच्चाई की सदा जीत हुई है। सांच को आंच नहीं आती। अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए। भूखे को रोटी खिलाओं, हमेशा अच्छा करोगे तो अमर हो जाओगे।

अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ। पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है। पैसा ही सब कुछ नहीं होता, मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते हैं अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इंसानियत को हमेशा जिंदा रखें, किसी गरीब को न सताएं। मानवता ही मानव की असली पूंजी है। समाज के हर मानव की सहायता करनी चाहिए। यह अटल सच्चाई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु नानक देव जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** एनआरएसटीसी बाथु और लालूवाल स्कूल में बाल दिवस और गुरु नानक देव जयंती का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। वीरवार को एनआरएसटीसी बाथू के सभी स्कूलों (1, 2, 3, 4, 5) और लालूवाल स्कूल में बाल दिवस और गुरु नानक देव जयंती का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए कहानी सुनाना, चित्रकला प्रतियोगिता, और प्रतिभा प्रदर्शन जैसे रोचक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। शिक्षिकाओं परवीन कुमारी, रीता देवी, ज्योति देवी, मोनिका शर्मा, ज्योति रानी और नीलम कौर ने भी बच्चों को प्रेरित किया और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इस आयोजन ने बच्चों में आत्मविश्वास और जिज्ञासा को बढ़ावा देते हुए सभी के दिलों में एक अनोखी खुशी भर दी।

### कांगड़ स्कूल में एनएसएस के उद्देश्य बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांगड़ में बच्चों को योजना के इतिहास, उद्देश्य तथा बच्चों को इससे क्या लाभ होगा, के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। आज के रिसोर्स पर्सन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों को इसके लोगो तथा उसमे प्रयोग किया जाने वाले रंगों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना केंद्र सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा चलाई गई है। इसका उद्देश्य बच्चों को लोकतांत्रिक पद्धति बारे जानकारी देना शिक्षा को समुदाय के माध्यम से प्रदान करना बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके व्यक्तित्व को निखारना है क्योंकि युवा देश की शक्ति हैं। बच्चे अधिक ऊर्जा से कार्य को अंजाम दे सकते हैं, साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना को शिक्षा के साथ जोड़ते हुए कहा कि शिक्षा समुदाय के माध्यम से दी जए तो बच्चों को अधिक लाभ होगा। पढ़ाई के लिए योजना बनाकर पढ़ना अति जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि इस आयु से 25 वर्ष तक संघर्ष करेंगे तो अपनी मंजिल को अवश्य पा लेंगे। यदि इस आयु में बच्चा आराम करता है तो उसका आने वाला भविष्य हमेशा खराब रहता है। बच्चों को उन्होंने संघर्ष एवं मेहनत करने की अपील की प्रधानाचार्य स्नेह लता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बच्चों को उनके कहे हुए शब्दों से अमल करने के लिए कहा। इस योजना के प्रभारी संदीप कुमार तथा मैडम परमजीत कौर भी उपस्थित रहे।

### शिविर में बहुत कुछ सीखने को मिलता है : विरेंद्र



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल में चल रहे एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने सुबह के सत्र में स्कूल के प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल के अध्यक्षता तथा सुनील संधू, संजीवना देवी की देखरेख में स्कूल परिसर से तलमेहड़ा मेन बाजार चौक तक प्रभातफेरी निकाली। इसके बाद स्वयंसेवियों को स्कूल के इतिहास प्रवक्ता राजीव शर्मा ने योगाभ्यास करवाया। वहीं पर बौद्धिक सत्र में चौकीमन्यार स्कूल के प्रवक्ता व एनएसएस के पूर्व प्रभारी विरेंद्र ठाकुर ने स्वयंसेवियों को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरुक किया और बताया कि ऐसे शिविरों द्वारा हमें आने वाले समय में बहुत कुछ सीखने व सिखाने को मिलता है, इसलिए हमें हर दिन किए जाने वाले कार्यों को इमानदारी से करना चाहिए। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे अन्य गतिविधियां हों, हर काम को इमानदारी से करना चाहिए। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल, एनएसएस प्रभारी सुनील संधू, सह प्रभारी संजीवना कुमारी, राकेश कुमार, सुरेंद्र शर्मा, ज्योति डोगरा, रजनी शर्मा, विशन दास सहित अन्य स्कूल स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### धमांद्री स्कूल में बाल मेले का आयोजन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** खंड प्रारंभिक शिक्षा जोन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमांद्री बाल मेला व खंड स्तरीय खेलों का आयोजन देशराज गौतम पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग आयोग उत्तरी क्षेत्र भारत सरकार द्वारा किया गया। इस मौके पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, खंड पीटीएफ प्रधान महेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी रिटायर्ड गिरधारी लाल शर्मा, ब्लॉक समिति सदस्य शोभित गौतम, कैप्टन विचित्र सिंह, पूर्व उपप्रधान कुलदीप ठाकुर, सूबेदार बख्तावर सिंह, रघुबीर सिंह, जय सिंह लंबरदार, अभिषेक महासचिव युवा कांग्रेस, पवन चौधरी सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, बलजीत, अनिल ठाकुर, योगराज, कुलदीप, सेंटर हेड टीचर नारी सतिंदर मिन्हास, सीएचटी धमांद्री नीलम कुमारी, सीएचटी बढ़ौली ओम लता, सीएचटी घंडावल लता देवी, मधुर भाषणी, ब्रिज बाला, राकेश कुमार, यशपाल, रजनीश, गुरदीप सिंह, राजेश कुमार, सतिंदर मिन्हास व अन्य पदाधिकारी व अध्यापक उपस्थित थे। बच्चों ने बहुत से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर देश राज गौतम ने सभी अध्यापकों व उनके अभिभावकों को सफल आयोजन के लिए बाल दिवस व खेलों के आयोजन के शुभारंभ पर सभी को शुभकामनाएं दीं व अपनी तरफ से 5100 रुपए दिए।

# पंच भीष्म : रुद्रानंद धाम में लाखों श्रद्धालु नतमस्तक

## पूर्णाहुति के साथ पंच भीष्म महापर्व संपन्न, लाखों श्रद्धालुओं ने डेरे में अखंड धूणा पर माथा टेकने के साथ वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज से लिया आशीर्वाद







डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी बसाल ऊना में पंच भीष्म महापर्व पर अखंड धूना पर माथा टेकने पहुंचे श्रद्धालु, (मध्य) कोटि गायत्री महायज्ञ में पूर्णाहुति डालते वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज, (दाएं) लंगर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**राजेश शर्मा, ऊना**

भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद धाम में शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ पंच भीष्म महापर्व संपन्न हो गया। लाखों श्रद्धालुओं ने डेरे में अखंड धूणा पर माथा टेकने के साथ वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज जी से आशीर्वाद लिया।

कई धार्मिक संस्थाओं ने डेरा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जलपान के स्टॉल लगाए थे। समापन अवसर पर विधायक विवेक शर्मा और सुदर्शन बबलू भी उपस्थित रहे। हिमाचल देवी-देवताओं की पवित्र भूमि है और इसमें हिमाचल प्रदेश को विशेष रूप से देवों की स्थली माना गया है। हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के गांव नारी में विराजमान डेरा (ब्रह्मचारी गद्दी) डेरा बाबा रुद्रानंद के नाम से सुप्रसिद्ध अपनी समसामयिक, सामाजिक, अध्यात्मिक तथा रचनात्मक गतिविधियों के कारण विशेष व महत्वपूर्ण स्थान रखता है। करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र भी है। यहां पंचभीष्म मेले में श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगाई। इसके अलावा डेरा बाबा जोगापंगा में भी ऐसा आयोजन हुआ।

डेरा बाबा रुद्रानंद देश ही नहीं बल्कि विदेश में रहने वालों की भी आस्था का केंद्र है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां श्रमदान किया और बहुत बड़े आयोजन में सहभागिता निभाई। डेरा बाबा रुद्रानंद में पिछले करीब 170 वर्षों से अखंड धूणा निरंतर प्रज्वलित है। इसमें लाखों लोग सात दिनों में माथा टेकने पहुंचते हैं।

इस आश्रम का प्रमुख देवता अग्निदेव है, अत: आश्रम में हजारों लाखों श्रद्धालु यहां केवल अखंड अग्नि के प्रति अपनी श्रद्धा भेंट करने के लिए अखंड धूना के सम्मुख नतमस्तक होते हैं। इस अखंड धूने को 1850 में बाबा रुद्रानंद जी ने बसंत पंचमी के दिन अग्नि देव को साक्षी मान स्थापित किया था। इस धूने में हर रोज वैदिक मंत्रों से हवन डाला जाता है, यह सिलसिला शुरू से चलता आ रहा है। अखंड धूणे की विभूति को लोग चमत्कारिक मानते हैं।

वर्तमान में डेरा के अधिष्ठाता एवं वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज सालों से चली आ रही इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। हर साल पंचभीष्म के उपलक्ष्य में जहां कोटि गायत्री महायज्ञ होता है। इसमें देशभर से आए विद्धान विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं और विद्वान ब्राह्मण यज्ञशाला में कोटि गायत्री का जाप करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पीपल की परिक्रमा और धूने की विभूति लगाने मात्र से उतर जाता है सांप का जहर

डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी के प्रांगण में विद्यमान पांच पीपल कोई साधारण वृक्ष नहीं हैं। यह पांचों पीपल चमत्कारिक हैं। क्योंकि इस जगह सालों पहले पांच ऋषियों ने घोर तप करने के साथ योग समाधि ली थी, जो बाद में पांच पीपलों के रूप में प्रकट हुए। यह बोध वृक्ष देव तुल्य माने जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इनके नीचे सर्प दंशित व्यक्ति का जहर अखंड धूने की विभूति लगाने से उतर जाता है। पीपलों की परिक्रमा करने से भूतप्रेत बाधा और मानसिक रोगों से मुक्ति मिलती है। हर रोज आश्रम में आने वाले सैंकड़ों श्रद्धालु इन पीपलों की परिक्रमा करते हैं।

### परख परीक्षा का 4 दिसंबर से होगा आयोजन

**ऊना।** परख परीक्षा 2024 का आयोजन 4 दिसंबर को किया जाएगा। इसके संबंध में जिले के सभी स्कूलों में मॉकटेस्ट करवा जाएगा। यह जानकारी नरेश जसवाल जिला नोडल अधिकारी परख ने दी है।

जैसा कि विदित है कि इस परीक्षा में कक्षा 3, 6 और 9 के विद्यार्थी ही भाग लेंगे। इस संबंध में जिले के प्रत्येक विद्यालय में विशेष कक्षाएं अध्यापकों द्वारा ली जा रही हैं। उन्होंने सभी प्रधानाचार्य को अपील की है कि परख परीक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी करवाई जाए ताकि जिला का प्रदर्शन अच्छा रहे।

शिक्षा निदेशक सेकेंडरी राजेंद्र कौशल अलग-अलग शिक्षा खंडों में जाकर इस संबंध में निरीक्षण भी कर रहे हैं और जायजा भी ले रहे हैं। उन्होंने बताया निरीक्षण में पाया गया कि तैयारी बढ़िया ढंग से चल रही है।

# काम जल्द होगा, लेकिन कब तक करना पड़ेगा इंतजार...

## गगरेट और चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र का विकास नाममात्र, प्रशासन सुस्त, जनता रुष्ट

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**



गोंड़पुर बनेहड़ा का प्राचीन तालाब सहित क्षेत्र के अन्य कार्यों की कोई सुध नहीं ली जा रही है।

हिमाचल के सबसे छोटे जिले ऊना के गगरेट एवं चिंतपूर्णी क्षेत्र में सही व्यवस्था न के बराबर है। चाहे बात पंचायत की हो, स्कूल प्रशासन की हो, लोक निर्माण विभाग की हो या फिर पुलिस और जिला प्रशासन की हो, ऊना जिला सभी प्रकार में व्यवस्था के तौर पर ज्यादा प्रगतिशील नही है। गगरेट क्षेत्र में पांडवों के समय में बना गोंदपुर बनेहड़ा के तालाब का कार्य इतना समय बीत जाने के बाद भी अधर में लटका हुआ है। पंचायत से भी कारण पूछा जाए तो बात को तकनीकी दिक्कत का नाम देकर रोक दिया जाता है।

वहीं, गगरेट व चिंतपूर्णी क्षेत्र का लोक निर्माण विभाग भी अपने काम के प्रति जागरूक नही दिखाई देता है चाहें नकड़ोह-सुकली-मुबारिकपुर संपर्क मार्ग पर पड़े गड्ढे, अधर में लटका अमलैहड़-चिंतपूर्णी मार्ग, चिंतपूर्णी हेलिपैड या फिर भद्रकाली चौराहे पर मिरर लगाने की बात हो, विभाग ने ये काम इतना समय पूरा होने के बावजूद भी पूरे नहीं किए हैं।

प्रशासन की बात की जाए तो सबसे पहले स्कूल प्रशासन की बात होगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के ग्राउंड की लेबलिंग का काम लोक निर्माण विभाग ने पूरा किया था, लेकिन उसके बाद पहली बरसात में ही ग्राउंड की मिट्टी बहकर बाहर रास्ते पर आ पहुंची लेकिन लगभग पांच महीने बीत जाने के बाद भी इस मामले पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया।

बता दें कि गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल में शौचालय भी सही व्यवस्था में नहीं है, लेकिन इस पर भी कोई खास ध्यान नहीं दिया गया है, वहीं प्रशासन का काम होता है अपने इलाके को स्वच्छ, सशक्त, प्रगतीशील और शांतिप्रिय बनाना लेकिन गगरेट क्षेत्र के अधिकारी इस काम मे न जाने क्यों विफल दिखाई देते हैं, क्योंकि गगरेट क्षेत्र में लॉ एंड आर्डर, रूरल डेवलपमेंट के नाम पर केवल नाम मात्र काम ही हो रहा है। गगरेट क्षेत्र में रात्रि के समय बुलेट पटाकों को रोकने में प्रशासन विफल है, अपने क्षेत्र में छोटे बच्चों को सुरक्षा देने से प्रशासन विफल है। बता दें कि गगरेट क्षेत्र में कुछ महीने पहले एक छोटी बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया था, जिसके बाद प्रशासन को चाहिए था कि अपने क्षेत्र में इस समस्या को सुलझाने के लिए कुछ करे, लेकिन अधिकारियों को अपने ऑफिस के कामों से फुरसत मिले, तब तो वे अपने क्षेत्र की व्यवस्था परिवर्तन के लिए कुछ करें।

वहीं, माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के लिफ्ट के पास मौजूद पुलिस कर्मी केवल लिफ्ट के पास व्यवस्था के लिए जवाबदेह हैं, क्योंकि उस स्थान पर सरकारी वाहन खड़े होते हैं। दुखद है कि उन्हें लिफ्ट के पास कोई रुकावट नहीं चाहिए लेकिन लिफ्ट से आगे या पीछे चाहे जाम लग जाए लेकिन तैनात कर्मी अपनी जगह से टस से मस नहीं होंगे, जिससे यह साबित होता है कि केवल पुलिस कर्मी भी अधिकारियों के लिए ही हैं, आमजनमानस के लिए नहीं। सरकार एवं प्रशासन को चाहिए कि इन समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक करें ताकि आमजनमानस को कोई समस्या न हो।

इस मौके पर उपयुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि माता चिंतपूर्णी मंदिर में आमजनमानस के हित के लिए जल्द से जल्द समस्याओं का संज्ञान लिया जाएगा और जल्द उनका निपटारा किया जाएगा। बीडीओ गगरेट सुरिंद्र कुमार का कहना था कि प्राचीन धरोहर गोंदपुर बनेहड़ा का तालाब का काम जल्द शुरू करवाया जाएगा।

# गुरु रविदास मंदिर भटोली में आदि प्रकाश ग्रंथ की स्थापना

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला मुख्यालय के अंतर्गत पड़ती उप तहसील मैहतपुर बसदेहड़ा के तहत पड़ते गांव भटोली के गुरु रविदास मंदिर में शुक्रवार को आदि प्रकाश ग्रंथ की स्थापना की गई । इसके उपलक्ष्य में गुरु रविदास मंदिर बसदेहड़ा से एक भव्य शोभायात्रा के रूप में आदि प्रकाश ग्रंथ को फूलों की पालकी में सुशोभित कर यात्रा का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता गुरु रविदास साधु संप्रदाय सोसायटी हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष संत रविंद्र दास डेरा खानपुर ने की।

इनके साथ विशेष तौर पर ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास चरण छोह गंगा अम्रत कुंड खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास की मौजूदगी में अरदास कर बैंड-बाजों के साथ मंदिर परिसर से शुरू होकर अलग-अलग गांव से होते हुए गुरु रविदास मंदिर भटोली में आदि प्रकाश ग्रंथ को सुशोभित किया गया।



गुरु रविदास मंदिर बसदेहड़ा से आदि प्रकाश ग्रंथ को फूलों की पालकी में सुशोभित कर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

यह स्थान गुरु रविदास महाराज जी के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा के दौरान संगत ने चाय बिस्कुट व पकोड़ों के लंगर लगाए गए थे। इसके उपरांत कीर्तन दरबार सजाए गए जिसमें संत-महापुरुषों द्वारा गुरु की महिमा का गुणगान कर जीवनी पर प्रकाश डाल संगत को गुरु की बाणी से जोड़ा।

इसके बाद गुरु का लंगर अटूट चला। इस अवसर पर मैहतपुर बसदेहड़ा चेयरमैन अंजू, संत गुरदयाल सिंह रायपुर, संत कमलजीत सिंह सुनहरा, संत जगमोहन, संत दयाल सिंह, संत राम शरण, संत विजय भनाम, संत राम किशन बेहल ऊना, महाऋषि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा प्रदेशाध्यक्ष अमित वाल्मीकि, मुख्य सलाहकार बलराम महे महाऋषि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा ऊना, अधिवक्ता नरेश सेंसोवाल, रमेश बंगा रायपुर मैदान, तरसेम लाल सहोता, लंबरदार बक्शी राम भट्टी, अजय बंगा, ग्रंथि दिप विन्जी, प्रधान गुरु रविदास सभा भटोली मोहन लाल, रणजीत सिंह बंधन, विपन बंधन, अमरीक सिंह, सतीश मल्ली, व्यास देव भटोली, दर्शन कुमार, देश राज संधू सहित अन्य श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आज प्रेस के बदलते स्वरूप विषय पर होगी परिचर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर 16 नवंबर को सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा जिला स्तरीय समारोह का आयोजन प्रातः 11:30 बजे ऊना स्थित होटल जेएस प्लाजा में किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त जतिन लाल करेंगे। यह जानकारी देते हुए विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि इस वर्ष भारतीय प्रेस परिषद ने 'प्रेस का बदलता स्वरूप'' विषय पर परिचर्चा करने के निर्देश दिए हैं। यह समारोह हर वर्ष निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पत्रकारिता के मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन व पत्रकारों के सम्मान में आयोजित किया जाता है।

### गोंदपुर बनेहड़ा में किया जा रहा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा में श्रीमद् भागवत कथा करते हुए महेश कृष्ण ठाकुर। (छाया : आशीष शर्मा)

### विधायक राकेश कालिया 20 को कुनेरन और 21 नवंबर को गोंदपुर बनेहड़ा में

**गोंदपुर बनेहड़ा।** क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया 20 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कुनैरन व 21 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में स्कूल के वार्षिक पारितोषिक इनाम वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, यह जानकारी स्कूल प्रशासन ने दी।

### ज्वाल चोला में शिव-पार्वती मंदिर स्थापना समारोह 17 नवंबर को

**गोंदपुर बनेहड़ा।** चिंतपूर्णी के समीप ज्वाल ढूहल भटवाला चोला में शिवपार्वती मंदिर स्थापना समारोह 17 नवम्बर को हो रहा है। इस अवसर पर विद्वानों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना, हवन यज्ञ किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। यह जानकारी राजन शर्मा ने दी।

**सहायता** भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो ने भरमौती मंदिर को दिए 21 हजार

# छह परिवारों की आर्थिक रूप से की मदद

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने पंचभीष्म महापर्व की पूर्णिमा पर कुटलैहड़ विस क्षेत्र के एतिहासिक धार्मिक स्थल और देश के ब्रह्मा जी के दूसरे मंदिर ब्रह्मौति में निर्माणाधीन कार्य को पूरा करने के लिए 21000 हजार रुपए फांके राम को दिए। वहीं, कुटलैहड़ के पंचायत बल्ह के गांव बल्ह में एक अग्निकांड द्वारा जले मकान वाले पीड़ित परिवार को 10,000 रुपए आर्थिक मदद के रूप में प्रदान किए।

इसके अलावा कुटलैहड़ के चताड़ा पंचायत के निवासी बलबीर सिंह की अकस्मात मृत्यु पर उनके परिवार में पत्नि ओर बेटी को 5000 रुपए की आर्थिक मदद की। अरलू पंचायत के गांव करौड़ के एक गरीब परिवार को 5000 रुपए दवाई खर्च के लिए प्रदान किए और उक्त परिवार को हर माह पांच हजार के दवाई खर्च देने का विश्वास दिलाया। वहीं, कुटलैहड़ विस क्षेत्र के करीब एक दर्जन गरीब परिवारों के बच्चों को दो दो स्कूल वर्दी ओर एक-एक कोटी प्रदान की। कुटलैहड़ के दो गरीब परिवारों के मकान की मरम्मत के लिए अलग से मैटीरियल देने के लिए कहा गया ताकि उक्त परिवार मकान की मरम्मत करवाकर अपने मकान में निवास कर सकें क्योंकि वर्तमान में यह परिवार किसी दूसरे के मकान में रह रहा है।



देवेंद्र भुट्टो तथा ब्रह्मौति मंदिर के महंत।

**बोले-गरीब की न तो कोई पार्टी होती है और न ही कोई सरकार**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमारभुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हर उस परिवार की मदद की जाएगी, जो जरूरतमंद परिवार है और जो वर्तमान समय में गरीबी रेखा के नीचे हैं। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कोई भी गरीब परिवार का बच्चा पैसे की तंगी के कारण पढ़ाई से वांछित नहीं रहेगा और कोई भी परिवार स्वास्थ्य लाभ के बिना घर पर बीमार नहीं रहेगा।

भुट्टो ने कहा कि हमारा उद्देश्य जनता की सेवा करना है और उन परिवारों तक पहुंचकर उन्हें आर्थिक रूप से मदद करना है, जिनकी कहीं न कोई सुनवाई है ओर न ही कोई सरकार तक पहुंच है।

भुट्टो ने कहा कि गरीब की न तो कोई पार्टी होती है और न ही कोई सरकार, जो वक्त पर उन्हें आर्थिक रूप से मदद करें, बही उनकी सरकार होती है। इस कारण हम बिना राजनीति पक्षपात से गरीब परिवारों की सेवा में समर्पित रहते हैं, ताकि उन परिवारों को भी समाज में अच्छी जिंदगी जीने के लिए समय मिल सके और उनकी आर्थिक रूप से सभी समस्याओं का समाधान हो सके।

### श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया



**दौलतपुर चौक।** श्री गुरु रविदास सभा डंगोह खास के तत्वावधान में प्रधान गुरदेव सिंह के नेतृत्व और उपप्रधान जीत सिंह, सचिव रमेश चंद, उपसचिव सुखदेव सिंह, कोषाध्यक्ष छज्जू राम तथा अन्य सभा सदस्यों के सहयोग से श्री गुरु नानक देव जी का 555वां प्रकाश उत्सव धूमधाम और श्रद्धा से मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरवाणी कीर्तन से हुई, जिसमें रागी जत्थों ने संगत को गुरवाणी के मधुर शब्दों से निहाल किया। इसके बाद सहज पाठ के भोग डाले गए। आयोजन के अंत में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया और गुरु घर की कृपा का अनुभव किया। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आनंद का माहौल छाया रहा।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गुरु नानक देव जी का प्रकाश दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी के वंशजों द्वारा बसाई गई ऊना नगरी स्थित किला बाबा साहिब सिंह बेदी में शुक्रवार को गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्ध एवं उत्साह पूर्वक गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी तथा इलाका निवासी समूह साध संगत द्वारा मनाया गया।

सुबह श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए, उपरांत रागी जत्थों द्वारा कथा कीर्तन द्वारा गुरु नानक देव जी की वाणी का शब्द कीर्तन गायन किया गया और उनके जीवन इतिहास के बारे में उपस्थित संगत जानकारी दी गई। इस अवसर पर भाई बलविंद्र सिंह, भाई इकबाल सिंह, भाई अनिल सिंह, भाई हरप्रीत सिंह, भाई गोपाल सिंह बालीवाल, भाई ओंकार सिंह, भाई संता सिंह ने कथा कीर्तन निहाल किया गया। आयोजन के दौरान गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सर्वजोत सिंह बेदी ने संगत को प्रवचनों द्वारा निहाल किया। इस मौके पर उन्होंने गुरु नानक देव जी के बताए मार्ग पर चलने सहित किरत करो वंड शको नाम जपो का संदेश दिया। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में गुरु नानक देव जी का संदेश ही संसार को सही मार्ग प्रदान कर सकता है।



समागम में उपस्थित संगत व कीर्तन करता रागी जत्था।

गुरु नानक देव जी ने हमें सर्व-सांझी बाल्ता का सन्देश दिया है जो आपसी परसपर प्रेम, भाईचारे का प्रतीक है। इस मौके पर बाबा अमनदीप सिंह, बाबा सुरिंदर सिंह, हरपाल सिंह कोटला, परमजीत सिंह, बलविंद्र सिंह, जोगमान सिंह, इंदरजीत सिंह, दर्शन सिंह सुखविंदर सिंह, परमजीत सिंह,सतनाम सिंह, अंग्रेज सिंह, सोहन सिंह, सुरजीत सिंह, बलबीर सिंह, महिंदरपाल सिंह, प्रिंस मककड़, प्रभजोत सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही। इस अवसर पर गुरु के लंगर का आयोजन भी किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में युवाओं ने सीखी सुदर्शन क्रिया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भुंतर (खोखन) में किया गया। 8 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान योग, ध्यान, गहन ज्ञान और श्वास तकनीक सुदर्शन क्रिया को सिखाया गया। वहीं, प्रशिक्षक बलदेव ठाकुर ने बताया कि शिविर में कुल्लू के विभिन्न जगहों से प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस प्रोग्राम में योग के साथ सुदर्शन क्रिया करवाई गई जो भावनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और जीवन को बेहतर बनाने में मदद करतीं हैं। वहीं, शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को जीवन जीने के महत्व बारे बताया गया। उन्होंने कहा कि आसान निर्देशित ध्यान, प्राणायाम और आसन के साथ विश्राम के आसान तरीके व सुदर्शन क्रिया सिखाई। एक सरल, लेकिन शक्तिशाली लयबद्ध श्वास तकनीक जो सहजता से आपको ध्यान की गहरी अवस्था में ले जाती है और तनाव को दूर करने में आपकी मदद करती है। गौरव चंदेल ने कहा कि वर्तमान समय जो दुर्भाग्यवश युवा पीढ़ी अवसाद व नशे के फैलते प्रकोप से ग्रसित होते जा रहे हैं। ऐसे युवाओं को युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में अवश्य भाग लेना चाहिए। इस शिविर में व्यावहारिक ज्ञान आपको एक सकारात्मक जीवन जीने व दिन-प्रतिदन के तनाव और खिंचाव के बीच खुश रहकर जीवन का आनंद लेना

### रोहतांग में ओवरटेक करने वालों की खैर नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** अटल टनल रोहतांग में ओवरटेक करने वालों की खैर नहीं। लाहौल-स्पीति पुलिस ने गाइड लाइन जारी की है। पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सीमित दृश्यता और सीमित परिस्थितियों के कारण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अटल सुरंग रोहतांग के भीतर ओवरटेकिंग सख्त वर्जित कर दी है। गाइड लाइन अनुसार अपनी लेन बनाए रखें। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। गति सीमा का पालन करें। हेडलाइट चालू रखें। जरूरत पड़ने पर आपातकालीन निकास या फोन का इस्तेमाल करें। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि वाहन चालक गाइड लाइन का पालन करें। सुरक्षित ढंग से वाहन चलाएं और मौसम की परिस्थितियों के अनुसार ही सफर करें।



### कुंजम दर्रे में पानी जमने से सफर जोखिम भरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** मनाली से काजा की ओर जा रहे हैं तो समय का ध्यान रखें। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर समय निर्धारित कर दिया है। सुबह 11 से शाम 3 बजे तक ही सफर करने की अनुमति रहेगी। कुंजम दर्रे सहित छाया वाले क्षेत्रों में पानी जमने से सफर जोखिम भरा हो गया है। जोखिम को ध्यान में रखते हुए ही सफर करने की सलाह दी है। प्रशासन का कहना है कि निरीक्षण के दौरान सुबह-शाम सड़क में ब्लैक आईस जमी हुई पाई गई। प्रशासन ने समय को ध्यान में रखने के साथ-साथ मौसम को भी ध्यान में रखने की बात कही है। प्रशासन की मानें तो मौसम विभाग ने 16 नवंबर को बर्फबारी होने की आशंका जाहिर की है। प्रशासन ने मनाली काजा मार्ग पर सफर करने वालों को सावधानीपूर्वक सफर करने की सलाह दी है। उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने लोगों व पर्यटकों से आग्रह किया कि निर्धारित समय अनुसार ही काजा मार्ग पर सफर करें।

# कसोल में बिना पंजीकरण चल रहे 45 होमस्टे, होटल और कैंपिंग साइट

## पर्यटन विभाग ने की कार्रवाई; जल्द जारी होंगे नोटिस, नियमानुसार लगेगा जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला की मणिकर्ण घाटी के पर्यटन स्थल कसोल में बिना पंजीकरण के चल रहे होटलों, होमस्टे व कैंपिंग साइट पर विभाग ने लगाम कसना शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कसोल में बिना पंजीकरण चल रहे 45 होटलों, होमस्टे और कैंपिंग साइट पर विभाग की ओर से कार्रवाई अमल में लाई गई है।

प्रशासन की ओर से संयुक्त कमेटी की जांच के बाद पर्यटन विभाग ने इन सभी व्यवसायिक गतिविधियों को आगामी आदेश तक बंद कर दिया है। साथ ही पर्यटन विभाग की ओर से सभी को नोटिस भी जारी किए जाएंगे। इसके अलावा इन सभी 45 होमस्टे, होटल व कैंपिंग साइट संचालकों को विभाग की ओर से नियमानुसार जुर्माना भी किया जाएगा। विभाग के अनुसार इन कारोबारियों को पहले अपने होटल, होमस्टे और कैंपिंग साइटों का पर्यटन विभाग के पास पंजीकरण करना होगा।




> पर्यटन स्थल कसोल में अवैध निर्माण के साथ-साथ पर्यटन से जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। इसके लिए एक विभिन्न विभागों की एक संयुक्त कमेटी बनी है और जांच लगातार जारी है।
> –विकास शुक्ला एसडीएम कुल्लू

पिछले एक सप्ताह से एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला की अगुवाई में 8 से 9 सरकारी विभागों की गठित की गई एक संयुक्त टीम जांच कर रही है। इसमें पर्यटन विभाग के साथ लोकनिर्माण विभाग, वन, जलशक्ति, प्रदूषण बोर्ड, नगर नियोजन, राजस्व विभाग आदि शामिल हैं। अभी तक जांच में कसोल में पार्वती नदी किनारे के साथ अन्य जगह करीब 15 ऐसी कैंपिंग साइट पाई गई हैं, जो बिना पंजीकरण चल रही थीं।

इस तरह से चल रही यह कैंपिंग साइट सरकार को भी चूना लगा रही थी। कुछ होटल और होमस्टे ऐसे भी पाए गए, जहां कमरे अधिक चल रहे थे और कागजों में कम दिखाए गए हैं। सब संयुक्त जांच टीम की पकड़ में आ गए हैं। अब कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

जिला पर्यटन अधिकारी सुनयना शर्मा ने कहा कि अभी तक की जांच में करीब 45 ऐसी व्यावसायिक गतिविधियों में खामियां पाई गई हैं। इनमें अधिकतर बिना पंजीकरण चल रही थीं। अब इन्हें विभाग की ओर से नोटिस जारी होगा। उनके कागजों का फिर से मिलान होगा। तब तक इनका संचालन बंद कर दिया है। इसमें किस-किस तरह का उल्लंघन है, उसके हिसाब से कार्रवाई और जुर्माना होगा।

## जंगल में आग लगाने वालों के खिलाफ होगी एफआईआर दर्ज

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जिला मुख्यालय कुल्लू और पर्यटन नगरी मनाली के मध्य दुआड़ा में नेशनल हाईवे से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित जंगल में लगी विकराल आग से लाखों के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वन विभाग स्थानीय लोगों की मदद से देर रात तक जंगल की आग को बुझाने में जुटा रहा। विभाग ने इस आगजनी के लिए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का मन बनाया है और आग लगाने वाले आरोपी को खोज रहा है। पतलीकूहल में तैनात वन परिक्षेत्र अधिकारी टीटू ने बताया कि आगजनी में पुराने पेड़ों सहित 17 हेक्टेयर में लगाई नए पौधों की नर्सरी जलकर खाक हो गई है। विभाग नुकसान के आकलन में जुट गया है। उन्होंने कहा कि इन दिनों बारिश नहीं हो रही है। लोगों को लगता है कि जंगल में आग लगाने से आसमान से बादल बरसने लगेंगे। बेशक बादल और धुआं एक जैसे प्रतीत होते हैं, लेकिन बादलों में जहां वाष्पीकृत जल होता है।

उधर, एसपी कुल्लू कार्तिकेयन ने कहा कि वन विभाग से शिकायत मिलने की सूरत में जंगल में आग लगाने वाले को खोजकर सलाखों के पीछे डाल देगी। (अनंत ज्ञान)

## केलांग व सीसू में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत नशीले पदार्थों व मादक द्रव्यों के खिलाफ जिला कल्याण विभाग लाहौल और स्पीति के सौजन्य से आज केलांग व सीसू में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया गया। मन्नत कला मंच कुल्लू के कलाकारों ने लोगों का मनोरंजन करते हुए नशे के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रमों में मंच के कलाकारों नवनीत भारद्वाज, मानचंद, खूब राम, गोपाल, अशोक, संजय, अंजलि और चंपा ने समूह गीत गांव गांव शहर शहर में यह अभियान चलाना है, छोड़ नशे की बुरी आदतें, सब को यह समझाना है, लोक गीत छोड़ी दे मेरे सजना शराबो रा नशा के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में फैल रहे आधुनिक नशे, जिनमें हीरोइन, चिट्टा, ब्राउन शुगर आदि के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। कलाकारों ने बताया कि नशा आज एक गंभीर सामाजिक बुराई का रूप धारण कर चुकी है। भारत में प्रतिवर्ष लाखों लोगों की विभिन्न नशों के सेवन से मौत हो जाती हैं। आज जहां नशा तंबाकू, शराब, सिगरेट, बीड़ी, गुटका, खैनी आदि विभिन्न रूपों में प्रयोग किया जाता हैं वहीं अब चरस, हेरोइन, चिट्टा आदि आधुनिक नशे की ओर हमारे युवा बढ़ते जा रहे है।

मंच के संयोजक नवनीत भारद्वाज ने कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि जिला कुल्लू के भूंतर में सरकारी नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किया गया है तथा युवा परामर्श केंद्र भी चलाया जा रहा है जहां पर डॉ सत्यव्रत वैद्य नशे के आदी युवा वर्ग व अन्य लोगों का सफलतापूर्वक इलाज कर रहे हैं। उन्होंने अपील की कि नशे के आदी लोगों को यहां लाएं, ताकि उनका इलाज कर उन्हें समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा जा सके।

## लाउडस्पीकर की आवाज से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

**प्रशासन से की उचित कदम उठाने की मांग**

जिला कुल्लू की उझी घाटी में पर्यटकों को खुश करने की एवज में रात भर लाउड स्पीकर बजाए जा रहे हैं। जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उझी घाटी के नग्गर रोड़ स्थित माहिली गांव में देर रात तक लाउड स्पीकर बजता रहता है, जिससे आसपास के गांव के लोगों की रात की नींद हराम हो गई है। जानकारी के अनुसार नग्गर रोड स्थित निजी रिजॉर्ट्स में आए दिन रात 10 बजे के बाद लाऊड स्पीकर का इस्तेमाल होता है।

हैरत की बात है कि अनेक बार लाउड स्पीकर सुबह 2 बजे तक बजता रहता है। जटेहढ़, कटराईं, बशकोला गांव के लोगों ने बताया कि लाउड स्पीकर बजाने का टाइम रात 10 बजे बाद का है। तब तक किसी तरह का कोई हो हल्ला नहीं होता, लेकिन रात 11 बजे के बाद लाउड स्पीकर बजना शुरू होता है जो सुबह तक बजता रहता है। जटेहढ़ बिहाल गांव के राकेश, हेमराज व संजीव ने बताया कि लाउड स्पीकर की आवाज की शिकायत मौखिक रूप से कई बार पुलिस विभाग को भी की गई।

पुलिस द्वारा उन्हें कई बार चेतावनी भी दी गई, लेकिन निजी होटल के कर्मचारियों पर इसका असर एक दो दिन ही रहता है। बशकोला गांव के अमित शर्मा ने बताया कि बीती रात रात एक बजे तक लाउड स्पीकर का शोर घाटी में गूंजता रहा। उन्होंने इसकी शिकायत 100 नंबर पर भी की थी। जटेहढ़ बिहाल गांव के ग्रामीणों ने बताया कि निजी रिजॉर्ट्स के मैनेजर को भी कई बार इस बारे चेताया गया है, मगर उन पर किसी तरह का कोई असर होता नहीं दिखाई दे रहा। उन्होंने चेताया कि अगर यही हालात रहे तो युवाओं को अपने स्तर पर कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने पुलिस व प्रशासन से मांग की है कि रिजॉर्ट्स के कर्मचारियों पर नकेल कसी जाए।

## स्वतंत्रता संग्राम में भगवान बिरसा मुंडा का अहम योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



स्टॉल का निरीक्षण करते हुए सहायक आयुक्त संकल्प गौतम और एसडीएम रजनीश शर्मा व नृत्य करती छात्राएं।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर लाहौल-स्पीति के केलांग में जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एकीकृत जनजातीय विकास विभाग लाहौल द्वारा पुराने परिधि गृह केलांग में किया गया। सहायक आयुक्त लाहौल-स्पीति संकल्प गौतम और एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। गौरव दिवस के मौके पर दुर्गा माता मंदिर से पुराना परिधि गृह तक शोभायात्रा निकाली गई। उत्सव में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, कृषि और बागवानी विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई गईं। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादों की बिक्री के लिए स्टॉल लगाए गए।

इस अवसर पर विशेष अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। एसडीएम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हमारे स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख सेनानी, समाज सुधारक और जनजातीय अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले महानायक थे। आज का यह दिन जनजातीय लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास के प्रयासों को आगे बढ़ाने का भी एक सुअवसर है। परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास विभाग मनोज कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन के बारे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी (आइसीडीएस), जिला पंचायत अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुलशन बने हिमाचल पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की कार्यकारिणी।

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की राज्य कार्यकारिणी के चुनाव अटल सदन कुल्लू में आयोजित हुए। इस मौके पर पीठासीन अधिकारी नरेंद्र कुमार (कांगड़ा) तथा पर्यवेक्षक पूर्व जिला भाषा अधिकारी कुल्लू सीताराम ठाकुर की देख-रेख में करवाए गए। जिसमें एलआर गुलशन को प्रदेशाध्यक्ष, मनोहर ठाकुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, सुनंदा नेगी को उपाध्यक्ष (महिला विंग), मिलाप चंद को महासचिव, तेजसिंह को कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार को संयुक्त सचिव, रमेश कुमार को संगठन सचिव, नीरज शर्मा को प्रैस सचिव चुना गया।

इसके अतिरिक्त पेंशनभोगी संघ की जिला कुल्लू कार्यकारिणी का भी संवैधानिक प्रक्रिया से गठन किया गया, जिसमें दयाल सिंह ठाकुर अध्यक्ष, ओंकार शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भाग चंद ठाकुर उपाध्यक्ष, लीला देवी उपाध्यक्ष (महिला विंग), किरण चंद शर्मा महासचिव, भगत राम कोषाध्यक्ष, मनोरमा डोगरा को संगठन सचिव और हरजिंद्र सिंह को प्रैस सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष गुलशन ने कहा कि जो विश्वास प्रदेश के पेंशनर्स ने उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलकर मांगपत्र सौंपेगा तथा पेंशनरों के सभी वित्तीय लाभों की अदायगी करने की मांग करेगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा जिसमें योग्य, कर्मठ एवं जुझारू पेंशनधारकों को मनोनीत किया जाएगा।

## कंडुगाड–कांडा सड़क खस्ताहाल

**अनंत ज्ञान, आनी**



कंडुगाड से कांडा सड़क वाया शमदी, बनाला सड़क की खस्ताहालत को लेकर किसान सभा के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्णय लिया कि यदि इस सड़क की हालत जल्द न सुधारी गई तो 20 नवंबर को एक बार फिर से लोक निर्माण विभाग के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

किसान सभा नेता पदम प्रभाकर ने बताया कि ग्रामीण पूर्व में भी धरने पर बैठे थे और 28 अक्तूबर को लोक निर्माण विभाग के आनी के अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरने को समाप्त किया था। विभाग ने ग्रामीणों को 20 दिनों का समय भी दिया था। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रशासन और लोक निर्माण विभाग खानापूर्ति कर रहा है, यह जनता के साथ धोखा है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की थी कि फौरी तौर पर पानी की निकासी के लिए निकास नालियों को बनाने और गड्डों को भरने के साथ सड़क को बस चलाने योग्य बनाने की मांग की थी, लेकिन अफसोस है कि मशीनें भेजी लेकिन काम शुन्य है। लगभग 13 महीने पहले सड़क के डंगे गिरे हैं, जिन्हें अभी तक लगाने का काम शुरू नहीं हुआ है।

## तीरंदाजी में जतिन व रूबिक क्यूब में उपलक्ष ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



प्रतियोगिता के विजेता बच्चों के साथ शिक्षक व विद्यार्थी।

ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला कुल्लू में दो दिवसीय खेल उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य गणेश दत्त भारद्वाज ने रिबन काटकर खेल उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन के आवश्यक हिस्सा हैं। इससे शारीरिक बल और मानसिक शक्ति बढ़ती है। वर्तमान दौर में बच्चों को पारंपरिक खेलों की ओर मोड़ना अति-आवश्यक है।

स्कूल प्रशासक कैलाश गौतम ने कहा कि अध्यापक अनु व आदित्य ने इस दो दिवसीय खेल उत्सव की बागडोर संभाली थी। मंच संचालन हिमानी, प्रेमा और गीतांजलि ने किया। स्कूल कैप्टन गौरव कुमार तथा वाइस कैप्टन अक्षिता ने इस आयोजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। पारंपरिक खेलों में फाइव स्टोन गेम में पहला स्थान स्वामी विवेकानंद हाउस और द्वितीय स्थान भगत सिंह हाउस ने हासिल किया। हॉपस्कॉच में संत कबीर दास हाउस प्रथम और आर्यभट्ट हाउस द्वितीय रहा। रूबिक क्यूब खेल दो वर्गों में खेला गया। जूनियर वर्ग में रुद्राक्ष वत्सल ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, सीनियर वर्ग में उपलक्ष महाजन ने पहला स्थान प्राप्त किया। सेवन टाइल्स गेम में भगत सिंह हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया। तीरंदाजी में जतिन प्रथम, स्वामी विवेकानंद सदन ने वॉलीबॉल की ट्रॉफी कप्तान निखिल के नेतृत्व में जीती और भगत सिंह सदन ने विवेक की कप्तानी में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा अन्य खेलों में भी बच्चों ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। पुरस्कार वितरण समारोह में चेयरमैन कैलाश गौतम, प्रिंसीपल गणेश दत्त भारद्वाज, ऑफिस इंचार्ज जगदीश आदि उपस्थित रहे।

अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## महिलाओं को अपने हक के लिए होना पड़ेगा आत्मनिर्भर



निर्मला ठाकुर, कुल्लू

**आज** के समय में महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा में काफी कमी आ चुकी है, क्योंकि समाज पहले के मुकाबले ज्यादा शिक्षित हो चुका है और शिक्षित समाज में इस तरह की घटनाओं का घटना अब धीरे-धीरे कम होता जा रहा है, लेकिन आज भी कुछ घटनाएं महिलाओं के साथ घट रही हैं, जो कि दुखद है। इसके लिए जरूरी है बेटियों और महिलाओं को शिक्षित कर उन्हें अपने अधिकारों के लिए जागरूक करना। शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा जैसी अप्रिय घटना की संभावना बहुत कम हो जाती है। आज वक्त बदलाव का है इसलिए किसी और के लिए न सही, मगर महिलाओं को अपने हक के लिए और अपने आत्म सम्मान के लिए भी आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा न हो इसके लिए सरकार को भी महिलाओं के हक में कुछ सख्त कानून बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेटियों के सभी माता-पिता को चाहिए कि वे अपनी बेटियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें और उसे आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करें। बेटियों का आत्मनिर्भर होना और शिक्षित होना ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है।

## महिलाओं की सहनशीलता पुरुषों से कहीं अधिक

> सादगी, समर्पण और सहनशीलता महिलाओं का असली गहना

**सादगी,** समर्पण और सहनशीलता का दूसरा नाम नारी है और नारी ने ही समाज को स्थिरता प्रदान की है। नारी को अक्सर पुरुष प्रधान समाज ने शारीरिक रूप से कमजोर मान कर उसके मनोबल पर लगातार चोट की है, लेकिन नारी ने तब भी अपना धैर्य नहीं खोया और हमेशा ही सहनशीलता का परिचय दिया। प्रकृति ने महिला और पुरुष दोनों को ही अलग-अलग गुणों से नवाजा है, लेकिन बात जब सहनशीलता की होती है तो ऐसे में कहीं न कहीं महिलाओं की सहनशीलता पुरुषों से कहीं अधिक ज्यादा है। सदियों से महिलाओं के ऊपर कई तरह के अत्याचार होते रहे हैं, लेकिन महिलाओं ने अपनी सहनशीलता के दम पर इतिहास को बदल कर रख दिया। महिलाओं के बिना न तो परिवार की कल्पना की जा सकती है और न ही समाज की। यह भी एक कड़वा सच है कि आज भी बहुत से लोग महिलाओं के साथ अत्याचार करते हैं। वैसे महिलाओं ने जब से शिक्षा का दामन थामा है, तब से महिलाओं के प्रति लोगों की सोच में कुछ परिवर्तन तो आया है। अब सरकार को भी चाहिए कि कुछ मामलों में जैसे कि घरेलू हिंसा जैसी घटनाएं घट रही है उसे रोकने के लिए कोई ठोस कोई भी किसी भी तरह की हिंसा न कर पाए। इन्हीं विषयों के ऊपर महिलाओं के विचारों से भी रुबरु होते हैं। (प्रस्तुति :कमलेश वर्मा, कुल्लू)

## महिलाओं के हक में बने कानूनों को थोड़ा और सख्त बनाने की जरूरत



गंगा देवी, देवधार कुल्लू

**वैसे** तो महिलाओं के हक में बहुत से कानून बन चुके हैं, लेकिन अब भी उन कानूनों को थोड़ा और सख्त बनाने की जरूरत है, क्योंकि अकसर देखा जाता है कि कानून के जानकार ही कानून का इस्तेमाल गलत तरीकों से भी करते हैं। मुझे तो घरेलू हिंसा के नाम से ही घृणा होती है, क्योंकि घरेलू हिंसा का नाम सुनते ही लगता है कि कोई न कोई महिला किसी न किसी के जुल्मों को सहन कर रही है या फिर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रही है। मुझे भी खबरों के माध्यम से जब पता चलता है कि महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है तो बहुत दुख होता है। मैं मानती हूं कि हर महिला को आत्मनिर्भर होना ही चाहिए, क्योंकि आत्मनिर्भरता महिलाओं के आत्म विश्वास को बढ़ावा देती है और इससे महिलाओं में अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार का विरोध करने की शक्ति मिलती है। जब तक महिला आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर रखेगी, तब तक उसके अंदर आत्मविश्वास का संचार नही हो सकता। आज भी हजारों ऐसे मामले कोर्ट में लंबित पड़े है जोकि आज भी हल नही हुए और पीड़ित महिलाओं को न्याय तक नही मिला इसलिए कानून ऐसे बनें की महिलाओं की खिलाफ कोई भी घिनौनी हरकत न कर सके।

## आज भी कुछ लोग महिलाओं को समझते हैं कमजोर



अनुराधा ठाकुर, हवाई (कुल्लू)

**आज** भी महिलाओं को तंग, मारा-पीटा और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, जैसे शब्द जब सुनती हूं तो ऐसे में समाज के इस डरावने रूप से घबराहट और असुरक्षा की भावना पैदा होती है। मैं मानती हूं कि समाज में हर तरह के लोग होते हैं और कुछ अच्छे हैं और कुछ बुरे। ऐसे में एक तरफ जहां महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट करने वाले लोग मौजूद हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग महिलाओं को कमजोर समझने के साथ-साथ महिलाओं के साथ हिंसा करने में भी गुरेज नहीं करते। ऐसे में बहुत जरूरी हो जाता है महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए और उन्हें शिक्षित कर आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा दी जाए। महिलाओं का आत्मनिर्भर होना ही महिलाओं को समाज मे सम्मान दिलाता है और इससे महिलाओं को खुद पर भरोसा होने लगता है जो कि बहुत जरूरी है। अपने खिलाफ हो रहे हिंसा को खामोशी से सहने की बजाय अपने हक के लिए आवाज उठाना भी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही महिलाओं को कानून की जानकारी भी समय-समय पर सरकार के द्वारा दी जानी चाहिए।

## घरेलू हिंसा अभी भी व्यापक रूप से है मौजूद



रमा, देहणीधार (कुल्लू)

**घरेलू** हिंसा के मामलों में जागरूकता बढ़ी है, जो कि एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि, वास्तविकता यह है कि घरेलू हिंसा अभी भी व्यापक रूप से मौजूद है। सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक कारणों से ऐसी घटनाएं लगातार होती रहती हैं, और कई बार पीड़ित महिलाएं समर्थन या सुरक्षा के बिना रहती हैं। हां, महिलाओं के शिक्षित और आत्मनिर्भर होने से घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी आ सकती है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता से महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं और अधिक आत्म-विश्वास के साथ हिंसा के खिलाफ आवाज उठा सकती हैं। यह सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है, जिससे वे हिंसा के मामलों में बेहतर निर्णय ले सकती हैं और समर्थन प्राप्त कर सकती हैं। सरकार और कानून घरेलू हिंसा को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इसके लिए प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी की आवश्यकता होती है। कानूनी ढांचा और सुरक्षा उपाय महत्वपूर्ण हैं, लेकिन समाज में जागरूकता, शिक्षा, और समर्थन प्रणालियों के साथ मिलकर ही इनका प्रभावी रूप से उपयोग किया जा सकता है।

# नशा निवारण केंद्रों में बिना मनोवैज्ञानिक डॉक्टर की सलाह से एडमिट हो रहे मरीज

## स्वास्थ्य विभाग सोलन ने लिया संज्ञान, कार्रवाई की दी चेतावनी

**आर मोहन चौहान, सोलन**




नशा छुड़ाने के लालच में जिले में चल रहे कुछ नशा निवारण केंद्रों में बिना मनोवैज्ञानिक डॉक्टर की सलाह से ही मरीजों को एडमिट किया जा रहा है। नियम के तहत नशे की आदत से मजबूर व्यक्ति को यदि परिजन नशा निवारण केंद्र में भेजना चाहें तो उनकी पहले मनोवैज्ञानिक डॉक्टर से सलाह लेने के साथ इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को देना जरूरी होता है, पर सोलन जिले में चल रहे नशा निवारण केंद्रों के संचालक मनमर्जी कर ऐसे रोगियों को भर्ती कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने इसका संज्ञान लेकर कुछ समय पहले परवाणू के एक नशा निवारण केंद्र से ऐसे व्यक्ति का रेस्क्यू किया, जिसे परिजनों ने जबरन नशा निवारण केंद्र में भर्ती कर दिया था। इसकी तरह एक अन्य व्यक्ति का भी रेस्क्यू कर घर भेजा गया। (अनंत ज्ञान)

### 18 नशा निवारण केंद्र हो चुके हैं बंद

गत वर्ष औद्योगिक क्षेत्र परवाणू में बने नशा निवारण केंद्र में हुए बवाल के बाद सोलन स्वास्थ्य विभाग सख्त हो गया था। इसके बाद सोलन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ जिला के कई केंद्रों में कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 18 नशा निवारण केंद्र पर ताला लगा दिया गया। फिलहाल वर्तमान में सिर्फ चार ही नशा निवारण केंद्र कम कर रहे हैं।

### कम सुविधाएं बड़ा मुनाफा

फिलहाल सोलन जिले के भीतर बने नशा निवारण केंद्रों में बिना डॉक्टर के परामर्श के ही मरीजों को एडमिट किया जा रहा है तुर्रा यह कि यहां सुविधाएं कम मुनाफा बड़ा की नीति अपनाई जा रही है। इन केंद्रों में सुविधा के नाम पर भी बहुत कम फेसिलिटी है। यही वजह है कि जब भी स्टेट मेंटल अथॉरिटी की टीम भी जिला में विजिट करती है तो इन्हीं नशा निवारण केंद्रों में कई प्रकार की अनिमितताएं पाई जाती हैं।

### डॉक्टर की सलाह जरूरी

जानकारी के मुताबिक डॉक्टर की एडवाइस पर ही केंद्रों में मरीजों को एडमिट किया जाना चाहिए। नशा निवारण केंद्रों की मनमानी रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन के समक्ष मामले को उठाया। विभाग की माने पहले मरीज को नशा निवारण केंद्र भेजने से पहले मनोवैज्ञानिक डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है। इसके बाद ही नशा निवारण केंद्र में उसकी एंट्री होनी चाहिए। हालांकि नियम अनुसार समय-समय पर इन केंद्रों में मनोवैज्ञानिक डॉक्टर का आना लगा रहता है, लेकिन एंट्री से पहले किसी डॉक्टर से कंसल्ट करना भी जरूरी है। सोलन जिले में बने नशा निवारण केंद्र में फिलहाल किसी भी मरीज को किसी की भी परमिशन के बिना एंट्री मिल जाती है।

"नशा निवारण केंद्र के निरीक्षण में पाया गया कि यहां बिना डॉक्टर की सलाह के ही मरीजों को एडमिट किया जा रहा है। नियम के तहत किसी भी व्यक्ति को नशा निवारण केंद्र भेजने से पहले मनोवैज्ञानिक डॉक्टर का परामर्श जरूरी होता है। ऐसे केंद्र के संचालकों को नियमों की पालना करने साथ कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**डॉ. अमित रंजन तलवाड़, सीएमओ सोलन (अतिरिक्त कार्यभार)**

## हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की बैठक

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ने ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हिमाचल युनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रणेश राणा द्वारा की गई।

बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी, जिला व उपमंडल के पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक में वर्तमान समय में पत्रकारों को समस्या एवं विशेषकर उपमंडल स्तर पर कार्य करने आ रही कठिनाइयों पर चर्चा की गई और इसके समाधान के लिए कार्य योजना बनाने के लिए सभी के सुझाव आमंत्रित किऐ गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि यूनियन से जुड़े सभी पत्रकार इस बार राष्ट्रीय प्रेस दिवस नहीं मनाएंगे क्योंकि सभी का एक मत था कि यूनियन वर्ष 2019 से लेकर लगातार अपने स्तर पर प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर राज्य स्तरीय प्रेस दिवस मनाती आ रही है। इसमे प्रदेश के विधायकों को भी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता रहा है। विधायकों के माध्यम से अपने समस्याओं व मांगों का एक मांग पत्र सरकार के समक्ष रखा जाता रहा है।

### कल्पा में रोलर स्केटिंग रिंक का नेगी ने किया उद्घाटन, बोले-

## मुख्यमंत्री सुक्खू जनजातीय लोगों के कल्याण के लिए निरंतर कर रहे कार्य



प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल्पा में 49 लाख रुपए की राशि से निर्मित रोलर स्केटिंग रिंक का उद्घाटन किया। वह रोलर स्केटिंग रिंक/आदस स्केटिंग रिंक कल्पा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। राजस्व मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 जिसके तहत भूमिहीन एवं उपेक्षित वर्गों को जमीन का मालिकाना हक मिला है, केंद्र में डॉ. मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार की देन है।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार सदैव जनजातीय समुदाय के हितों के लिए कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि जन-जातीय गौरव दिवस मनाने का मकसद हमारी युवा पीढ़ी को लोक संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत करवाना है तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जनजातीय लोगों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और वर्तमान प्रदेश सरकार की समावेशी नीतियों से इन क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिल रहा है। उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों से उन्हें अवगत करवाया।

बागवानी मंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जनजातीय जिलों से आए विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देने पर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर, उपमंडलाधिकारी कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्त सहित अन्य अधिकारी व लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर डीसी शर्मा होंगे मुख्यातिथि

**सोलन।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर 16 नवंबर को ज़िला स्तरीय कार्यक्रम सोलन के चिल्ड्रन पार्क स्थित प्रेस कक्ष में आयोजित किया जा रहा है। सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आरंभ होगा। भारतीय प्रेस परिषद ने इस वर्ष 'प्रेस का बदलता स्वरूप विषय पर चर्चा करने का सुझाव दिया है।

### पर्यावरण फिल्म फेस्टिवल रिकांगपिओ में

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** जिला प्रशासन एवं पर्यावरण, विज्ञान विभाग शिमला संयुक्त रूप से 24 नवंबर को बचत भवन रिकांगपिओ में पर्यावरण फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल का उद्देश्य जनजातीय जिला किन्नौर के लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करना व जलवायु परिवर्तन के प्रति सजग करना है।

### धुंदन में अंडर-12 खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**दाड़लाघाट।** शिक्षा खंड धुंदन की 29 वीं खंड स्तरीय अंडर-12 खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला हनुमान बड़ोग में किया गया। इस प्रतियोगिता में खंड धुंदन के चार जोन धुंदन, दाड़ला, मांगल व बलेरा के लगभग 280 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाजसेवी हनुमानबड़ोग राकेश शर्मा मुख्य अतिथि रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में नरेश कुमार, अशोक शर्मा और अश्विनी शर्मा, हेम चंद, पंकज शर्मा ने शिरकत की। इस प्रतियोगिता में वॉलीबाल, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, क्विज और भाषण जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गईं। विभिन्न जोन के बच्चों ने विभिन्न स्पर्धाओं में जीत हासिल की। इसमें वॉलीबाल स्पर्धा में छात्र वर्ग में दाड़ला जोन, बैडमिंटन में छात्र वर्ग में बलेरा जोन व छात्रा में दाड़ला जोन और खो-खो में छात्र व छात्रा वर्ग में बलेरा जोन, कबड्डी में छात्र वर्ग में मांगल जोन और छात्रा में बलेरा जोन, क्विज में बलेरा जोन, भाषण में दाड़ला जोन विजेता रहे। परेड कमांडर श्यामलाल गौतम के नेतृत्व में बच्चों ने शानदार मार्चपास्ट किया। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बृजलाल पंवर ने मुख्य अतिथि और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। खंड प्राथमिक शिक्षा अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने संक्षिप्त रिपोर्ट पढ़ी और सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर अनिल बंसल, राजेश गुप्ता, चेतराम, कुलदीप ठाकुर, राम चंद, कामेश्वर वर्मा, नरेश कुमार, राकेश कपिला, रामलाल भाटिया, हीरालाल गांधी, चित्रा शुक्ला, ज्ञान ठाकुर, सीमा देवी, लकी शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



## समस्याओं से निपटने के लिए विभाग रहें तैयार : डीसी किन्नौर



विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते किन्नौर के उपायुक्त डॉ. अमित।

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय सम्मेलन कक्ष में सभी विभागों के साथ शीतकालीन तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को शीतकालीन से होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए।

इसमें सड़कों की मरम्मत, बिजली आपूर्ति, संचार व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं और लोगों को जागरूक करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शीतकाल में होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए विभागों के बीच समन्वय और तैयारी सुनिश्चित करना था। उपायुक्त ने विभागों को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने और शीतकाल में लोगों की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बैठक पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर, उपमंडलाधिकारी कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता सहित पुलिस, होम गार्ड, फायर, आर्मी, आईटीबीपी, हाइड्रो प्रोजेक्ट, जल शक्ति विभाग, बिजली और आपदा प्रबंधन, ग्रेफ के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# एसपी इल्मा ने 9 माह में कसी माफिया पर नकेल

## बद्दी में खनन माफिया ने डरकर बेच दी मशीनें और टिप्पर, नशा तस्करों ने बंद कर दिया काम

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

एसपी बद्दी इल्मा अफरोज इन दिनों चर्चा की विषय बनी हुई हैं जो कि पिछले कुछ दिनों से छुट्टी पर चल रही है। चर्चाएं यह है कि उन्हें राजनीति दबाव के चलते जबरन छुट्टी पर भेजा गया है ताकि उनका तबादला किया जा सके। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज के 9 माह के कार्यकाल में पुलिस का डर अपराधियों में इस कदर बन चुका है कि खनन माफिया पुलिस कार्रवाई से डरकर अपनी मशीनें व टिप्पर तक बेचने को मजबूर हो चुके हैं, जबकि नशा तस्करों ने नशा तस्करी का काम तक बंद कर दिया है।



**नशा मुक्त के लिए चलाया अभियान**

बीबीएन के कई युवा हर वर्ष चिट्टे जैसे नशे से मर रहे हैं। एसपी बद्दी ने एरिया को चिट्टा व नशा मुक्त करने का एक अभियान चलाया था जिस अभियान के तहत रिहाइशी एरिया में जाकर एसपी खुद लोगों व युवाओं से मिल रही थी और उन्हें नशों के खिलाफ जागरूक किया जा रहा था। इसके अलावा नशा तस्करों पर रोजाना पुलिस कार्रवाई कर रही थी और कई तस्करों को भारी मात्रा में नशे के साथ भी पकड़ा जा चुका है।

**अवैध माइनिंग पर की एनजीटी की कार्रवाई :** बीबीएन में अवैध खनन कई सालों से रिकॉर्ड तोड़ रहा है। खनन माफियाओं ने सरकारी जमीनों से लेकर नदियों को छलनी कर अब तक करोड़ों रुपए का खनिज चोरी कर लिया था लेकिन एसपी बद्दी के कार्यभार संभालते हुए खनन माफिया को पूरी तरह से तोड़ दिया और हर चालान को एनजीटी में भेजा।

बद्दी पुलिस पहला जिला बना, जहां पर पुलिस ने एनजीटी की कड़ी कार्रवाई की। वहीं, अगस्त माह में बद्दी ट्रक यूनियन के समीप नशा खरीदने आए एक युवक की कई युवकों द्वारा बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने निष्पक्ष जांच करते हुए हत्या के मामले में कुल 18 गिरफ्तारियां कीं।

### चला रही थी इवनिंग स्कूल

एसपी बद्दी रोजाना शाम को अपने कार्यालय में उन प्रवासी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा के साथ जोड़ने का काम कर रही थीं जो बच्चे शिक्षा को छोड़कर गली-गली कचरा एकत्रित कर रहे थे, ताकि वे बच्चे अपराध से दूर रह सकें।

### रातों-रात सरकारी आवास को किया था खाली

6 नवंबर को एसपी बद्दी शिमला में मुख्यमंत्री से सभी एसपी व डीसी की होने वाली बैठक के लिए पहुंची थी लेकिन बैठक से पहले ही अचानक एसपी वापस बद्दी पहुंची और रातों-रात सामान समेट कर अपने पैतृक घर उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद के गांव कुंदरकी पहुंची। सूत्रों के अनुसार एसपी की मुलाकात शिमला में बड़े अधिकारियों से हुई और उन्हें छुट्टी पर भेजा गया।

### विधायक के साथ चल रहा था टकराव

एसपी इल्मा व दून विधायक राम कुमार चौधरी के बीच काफी समय से टकराव चल रहा है। एसपी ने अगस्त माह में विधायक की पत्नी के पोकलेन मशीन व टिप्पर का अवैध माइनिंग का चालान काटा था। सूत्रों के अनुसार इस घटना के बाद से विधायक एसपी के तबादले को लेकर दबाव बना रहे थे और कई बार मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं। यह भी पता लगा है कि विधायक राम कुमार पुलिस जिला को अपने अनुसार चलाना चाहते थे लेकिन एसपी ने उनके कहने पर किसी भी स्टाफ को नहीं बदला। इसके अलावा स्क्रैप कारोबारी के द्वारा खुद पर रचे गोलीकांड के मामले में भी एसपी ने बिना किसी दबाव में निष्पक्ष जांच करते हुए स्क्रैप कारोबारी राम किशन का पर्दाफाश किया, जिसके कुछ दिन बाद एसपी अचानक छुट्टी पर गई।

## सोलन में गुरु पर्व पर श्रद्धा की बयार





सपरून गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सिखों के प्रथम गुरु नानक देव की जयंती और प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सोलन जिले के सभी गुरुद्वारा साहिब में शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हाजिरी भरी। सोलन के सपरून गुरुद्वारा साहिब कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया।

कीर्तन दरबार में स्थानीय रागी जत्थों ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा साहिब के चेयरमैन अमरप्रीत सिंह ने बताया कि गुरु पर्व को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वहीं, शहर के अप्पर बाजार और सर्कुलर रोड गुरुद्वारा साहिब में गुरु पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### लॉरेंस स्कूल सनावर में हर्षोल्लास से मनाया गुरु पर्व



**सोलन।** लॉरेंस स्कूल सनावर में गुरु पर्व को आध्यात्मिक और उल्लासपूर्ण समारोह के साथ मनाया। अपनी समृद्ध परंपरा और एकता, शांति और समावेशिता के मूल्यों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रसिद्ध इस स्कूल ने गुरु नानक देव की जयंती को अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। प्रात:काल में विद्यार्थी गढ़खल के स्थानीय गुरुद्वारे में गए और पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब (बीड़) को प्रकाश उत्सव के आयोजन के लिए लाए। छात्र और स्टाफ सदस्य सोमदत्त स्पोर्ट्स सेंटर (एसएससी) में एकत्र हुए और गुरु नानक देव जी से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की। अकाल अकादमी-बड़ू साहिब के बारह छात्रों का एक समूह भी अपने शिक्षकों के साथ इस समारोह में शामिल हुआ। वातावरण में कीर्तन, शब्द, अरदास और जप जी साहिब के गान की स्वर लहरियां गूंजने लगीं, जिससे पूरे परिसर में शांति और भक्ति का माहौल बन गया। कुछ विद्यार्थियों ने गुरु नानक जी के जीवन और उनके संदेश पर भाषण दिए। प्रार्थना सभा के बाद, गुरु का लंगर (सामुदायिक भोजन) का आयोजन किया गया, जहां छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर सनावर के समुदाय के लोगों को भोजन परोसा। हेडमास्टर, हिम्मत सिंह ढिल्लों ने छात्रों को गुरु नानक जी के संदेश जैसे समानता, विनम्रता और मानवता की सेवा को अपने विचारों और कार्यों में अपनाने का परामर्श दिया, ताकि उनका जीवन अर्थपूर्ण और सार्थक बन सके।

### सम्मान | नेशनल कुडो चैंपियनशिप में मेडल जीत कर आए विजेता खिलाड़ियों का सोलन में किया भव्य स्वागत

# कुडो खेल को मान्यता प्रदान करे प्रदेश की सुक्खू सरकार





गुजरात के सूरत में हुई कुडो चैंपियनशिप में मेडल जीत कर लौटे खिलाड़ियों का सोलन पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

गुजरात के सूरत में दीनदयाल इंडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल, फेडरेशन कप और अक्षय कुमार इंटरनेशनल चैंपियनशिप में मेडल जीतकर आए खिलाड़ियों का सोलन पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कुडो फेडरेशन के अध्यक्ष अजय जसवाल ने बताया कि खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर कुडो आर्ट को मान्यता प्राप्त है। इससे खिलाड़ियों को केंद्रीय सेवाओं में भर्ती का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कुडो फेडरेशन की प्रदेशभर में शाखाएं चल रही हैं जिसमें करीब 7 हजार बच्चे कुडो आर्ट का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में प्रदेश सरकार को भी कुडो आर्ट को मान्यता देकर खिलाड़ियों को नौकरियों के लिए स्पोर्ट्स कोटे का लाभ देना चाहिए। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश कुडो फेडरेशन के अध्यक्ष अजय जसवाल की अगुवाई में कुल 55 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 73 मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया।

खिलाड़ियों ने 25 गोल्ड, 16 सिलवर और 32 ब्रॉन्ज मेडल जीतने में कामयाबी हासिल की। इसमें सोलन जिले के 40 मेडल भी शामिल हैं। फेडरेशन के महासचिव विक्रम सिंह ने बताया कि जूनियर वर्ग में अनाया जस्वाल और वेदांश शर्मा ने तीनों प्रतियोगिता में 3-3 गोल्ड मेडल जीते हैं।

कैरवी नेगी ने एक गोल्ड व दो ब्रॉन्ज, सीनियर वर्ग में पेमा ठाकुर, प्रिया कुमारी थापा तीन-तीन और प्रियांशु ने दो गोल्ड और मनत राणा ने एक गोल्ड मेडल जीतकर नाम चमकाया। इसी तरह पीयूष जसवाल ने दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता। अनीश ठाकुर ने एक सिल्वर व एक ब्राउन और यथार्थ चौहान ने एक सिल्वर और ब्राउन मेडल जीता।

अनीश ने एक सिल्वर और दो ब्राउन, दिग्विजय ने एक सिल्वर और एक ब्राउन मेडल, आरव ने ब्राउन मेडल, अनिरुद्ध ने एक सिल्वर एक ब्राउन, अमन डोगरा ने एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज, मृदुल ने एक सिल्वर जीतकर नाम चमकाया। मेडल विजेता खिलाड़ियों को कुडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष फिल्म स्टार अक्षय कुमार, सुनील शेठी, परेश रावल और स्थानीय पुलिस कमिश्नर की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनु बंसल, भूपेंद्र जसवाल, विजय ठाकुर, बलविंद्र, संजय जसवाल मौजूद रहे।



# चीन के खिलाफ हॉकी मैच में भारत के लिए कठिन चुनौती

**एजेंसी, राजगीर (बिहार)**

गत चैंपियन भारत के सामने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की सबसे कठिन चुनौती होगी, जब शनिवार को उसका सामना ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से होगा।

भारत और चीन दोनों अभी तक टूर्नामेंट में अपराजेय रहे हैं और तीनों मैच जीते हैं। चीन बेहतर गोल औसत के आधार पर भारत से आगे है। चीन का गोल औसत 21 है जबकि भारत का 18 है। राउंड रॉबिन दौर के बाद चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी



दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला इस साल फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में हुआ था और दोनों बार चीन जीता था। भारत के पास अब बदला चुकता करने का सुनहरा मौका है।

भारत और चीन दोनों ने इस टूर्नामेंट में अब तक ढेरों गोल दागे हैं। थाईलैंड को 13-0 से हराकर भारत के 20 गोल हो गए हैं जबकि चीन के 22 गोल हैं। थाईलैंड के खिलाफ भारत ने शानदार खेल दिखाया और आठ फील्ड गोल के साथ पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। पहले दो मैचों में चिंता का सबब रहा पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करने में भी बेहतर हो गया है। थाईलैंड के खिलाफ भारत ने 12 में से पांच पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए।

भारतीय डिफेंडरों को थाईलैंड से चुनौती नहीं मिली जबकि दीपिका की अगुवाई में फॉरवर्ड पंक्ति ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। दीपिका

| | |
|---|---|
| **21** | गोल औसत है चीन का जबकि भारत का 18 |
| **03** | 03 मैच दोनों टीमों ने जीते हैं अबतक टूर्नामेंट में |

के अलावा प्रीति दुबे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी, ब्यूटी डुंगडुंग और संगीता कुमारी का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। मिडफील्ड में कप्तान सलीमा टेटे, नेहा गोयल, सुशीला चानू और उदिता प्रभावी रहे। भारत के लिए चिंता का एकमात्र सबब यही है कि उसके डिफेंडरों और गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी को अभी तक चुनौती नहीं मिली है। वहीं चीन की टीम जवाबी हमलों में माहिर है।

भारतीय कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, ''मैं टीम के प्रदर्शन से खुश हूं जिस तरह से टीम ने विरोधी सर्कल में जाकर गोल किए। डिफेंडरों और मिडफील्डरों के बीच अच्छा तालमेल था।''

# अंशुल रणजी ट्रॉफी में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने

**एजेंसी, लाहली (हरियाणा)**

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। इस 23 वर्षीय गेंदबाज ने केरल के खिलाफ ग्रुप-सी के मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर दस विकेट लिए। रणजी ट्रॉफी में उनसे पहले बंगाल के प्रेमांगशु चटर्जी (20 रन देकर 10 विकेट, बंगाल बनाम असम, 1956) और राजस्थान के प्रदीप सुंदरम (78 रन



देकर 10 विकेट, राजस्थान बनाम विदर्भ, 1985) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। कुल मिलाकर कंबोज प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। अनिल कुंबले, सुभाष गुप्ते और देबाशीष मोहंती इस सूची में शामिल अन्य गेंदबाज हैं।

कंबोज को तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने बासिल थम्पी और शॉन रोजर के विकेट लेकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी शानदार गेंदबाजी से हरियाणा ने केरल को पहली पारी में 291 रन पर आउट कर दिया।

### प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10/20 | प्रेमांगशु चटर्जी | बंगाल बनाम असम | (1956–57) | रणजी ट्रॉफी |
| 10/46 | देबाशीष मोहंती | पूर्वी क्षेत्र बनाम दक्षिण क्षेत्र | (2000–01) | दलीप ट्रॉफी |
| 10/49 | अंशुल कंबोज | हरियाणा बनाम केरल | (2024–25) | रणजी ट्रॉफी |
| 10/74 | अनिल कुंबले | भारत बनाम पाकिस्तान | (1999) | कोटला टेस्ट |
| 10/78 | प्रदीप सुंदरम | राजस्थान बनाम विदर्भ | (1985–86) | रणजी ट्रॉफी |
| 10/78 | सुभाष गुप्ते | मुंबई बनाम पाकिस्तान | (1954–55) | प्रदर्शनी मैच |

## स्पोर्ट्स विंडो

### टेनिस अंपायर को अपशब्द कहने पर फ्रांसिस टियाफो पर जुर्माना

**तूरिन।** अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल खेलने वाले फ्रांसिस टियाफो पर पिछले महीने शंघाई मास्टर्स के दौरान एक मैच हारने के बाद चेयर अंपायर को लगातार अपशब्द कहने के कारण 1,20,000 डॉलर जुर्माना लगाया गया है, लेकिन वह प्रतिबंध से बच गए। एटीपी ने शुक्रवार को कहा कि उसकी दंड समिति ने टियाफो पर 1,20,000 डॉलर जुर्माना लगाने का फैसला किया है। शंघाई में तीसरे दौर में 61वीं रैंकिंग वाले रोमन साफिउलिन से हारने के बाद टियाफो ने मैच अधिकारी जिम्मी पिनोरगोट को अपशब्द कहे थे। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर माफी मांग ली थी।



### बिली जीन किंग कप फाइनल्स में स्लोवाकिया ने अमेरिका को हराया

**मालागा (स्पेन)।** एशलिन क्रूएगर और टेलर टाउनसेंड निर्णायक युगल मैच हार गए और स्लोवाकिया ने इस जीत के साथ बिली जीन किंग्स कप टेनिस फाइनल्स में अमेरिका को मात दी। क्रूएगर और टेलर को टेरेजा मिहालिकोवा और विक्टोरिया एच ने 6-3, 3-6, 10-8 से हराया। इससे पहले टाउनसेंड ने एकल मुकाबले में रेनाटा जैमरिचोवा को 7-5, 6-4 से हराया, लेकिन रेबेका एस ने डेनियेले कोलिंगस को 6-2, 7-5 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया। स्लोवाकिया का सामना क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगा। जापान भी रोमानिया को 2-1 से हराकर 2013 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। अब उसका सामना इटली से होगा।

### प्लेबॉय मैग्जीन के लिए सेलिना का फोटोशूट

**नई दिल्ली।** सेलिना वाग्नेर एक जर्मन फुटबॉलर है। वे मिडफील्डर के रूप में खेलती है। सेलिना प्लेबॉय मैग्जीन के लिए फोटोशूट भी करवा चुकी हैं। सेलिना के सोशल मीडिया पर लाखों फैंस है। वह बुंडेसलीगा में एससी सैंड के लिए मिडफील्डर के रूप में खेलती हैं।



### भारतीय गोल्फर हिताशी बख्शी ने बनाई तीन शॉट की बढ़त

**विकाराबाद।** फॉर्म में चल रही भारतीय महिला गोल्फर हिताशी बख्शी ने शुक्रवार को यहां बूटी गोल्फ काउंटी में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 14वें चरण में पांच अंडर 67 का मजबूत कार्ड खेलकर शानदार शुरूआत की। 19 साल की हिताशी इस सत्र में दो बार खिताब जीत चुकी हैं। उन्होंने पहले दौर में छह बर्डी लगाई और एक बोगी की। हिताशी ने इस तरह विधात्री उर्स और स्नेहा सिंह पर तीन शॉट की बढ़त बना ली है जिन्होंने दो अंडर 70 के कार्ड खेले। तीन खिलाड़ी खुशी खानिजाऊ, नयनिका सांगा और एमेच्योर श्रीहिता मांडावा ने एक अंडर 71 के कार्ड खेले जिससे वे संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर बनी हुई हैं।



### प्रजनेश गुणेश्वरन ने पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की

**चेन्नई।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रजनेश गुणेश्वरन ने शुक्रवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की। जकार्ता एशियाई खेलों 2018 में एकल कांस्य पदक जीतने वाले 35 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, ''मैं खेल को अलविदा कह रहा हूं। धन्यवाद।'' गुणेश्वरन 2019 में एटीपी रैंकिंग में अपने सर्वश्रेष्ठ 75 वें पायदान पर पहुंचे थे। उन्होंने कई वर्षों तक शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए आभार व्यक्त किया। गुणेश्वरन ने कहा, '' मैं जब यह लिख रहा हूं तो मेरा दिल कृतज्ञता, गर्व और पुरानी यादों के स्पर्श से भर रहा है। आज, मैं आखिरी बार प्रतिस्पर्धी टेनिस कोर्ट से बाहर निकल रहा हूं।'' उन्होंने लिखा, ''तीन दशकों से अधिक समय से, यह खेल मेरा जीवन, मेरा सबसे बड़ा शिक्षक और मेरा सबसे वफादार साथी रहा है। पहली बार रैकेट पकड़ने से लेकर बड़े टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की यात्रा मेरे लिए असाधारण रही है।'' चेन्नई में जन्मा यह खिलाड़ी 2010 में पेशेवर बना था। एकल मैचों में उनके जीत-हार का रिकॉर्ड 11-28 है जबकि युगल में उनका रिकॉर्ड 1-1 का रहा हे। उनकी सर्वोच्च युगल रैंकिंग 248 थी।



# अभ्यास मैच में राहुल की कोहनी में चोट लगी, पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध

**एजेंसी, पर्थ**

भारतीय टीम के आपस में खेले गए अभ्यास मैच के दौरान शुक्रवार को यहां केएल राहुल की दाईं कोहनी में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा, जिससे उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है।

राहुल तब 29 रन बनाकर खेल रहे थे जब तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की उठती गेंद उनकी कोहनी पर लगी। इस बल्लेबाज ने फिजियो से सलाह मशविरा करने के बाद मैदान छोड़ दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैच की सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाते हैं तो राहुल टीम में उनकी जगह लेने की दौड़ में शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने कहा, ''जहां तक राहुल की बात है तो उनकी कोहनी पर अभी चोट लगी है और उसका आकलन करने में समय लगेगा।''

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

राहुल की नजर टेस्ट टीम में वापसी पर लगी है क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले महीने बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच के बाद उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था।



राहुल ने टेस्ट क्रिकेट में अपना अंतिम शतक दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में लगाया था। इसके बाद वह नौ पारियों में केवल दो अर्धशतक ही लगा पाए। इस बीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का अज्ञात चोट के लिए गुरुवार को स्कैन कराया गया था। इस बल्लेबाज ने हालांकि शुक्रवार को टीम के बीच आपस में खेले गए मैच में हिस्सा लिया और 15 रन बनाए। बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा, ''विराट कोहली को लेकर फिलहाल कोई चिंता नहीं है।''

कोहली भी पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना अंतिम शतक जुलाई 2023 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में बनाया था। इसके बाद यह 36 वर्षीय बल्लेबाज 14 टेस्ट पारियों में केवल दो अर्धशतक लगा पाया है।

### तीनों प्रारूपों में खेलना चाहते हैं लोकेश राहुल

**पिछले** कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लोकेश राहुल भारत की तरफ से क्रिकेट के तीनों प्रारूप में खेलना चाहते हैं उनका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टी-20 टीम में वापसी करना है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाते हैं तो राहुल को पारी की शुरुआत करने का मौका मिल सकता है। भारतीय टीम के लिए राहुल की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है लेकिन यह 32 वर्षीय बल्लेबाज इसको लेकर चिंतित नहीं है।राहुल ने कहा,''मेरा लक्ष्य निश्चित तौर पर टी-20 टीम में वापसी करना है। मैं तीनों प्रारूप में खेलना चाहता हूं और इतने वर्षों में इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैं भारत के लिए तीनों प्रारूप में खेलना चाहता हूं जैसा कि कई वर्षों से कर रहा हूं।'' उन्होंने कहा,''मैं पिछले कुछ समय से टी-20 टीम से बाहर हूं तथा मैं जानता हूं कि एक खिलाड़ी के रूप में मैं अभी किस स्तर पर हूं और मुझे वापसी करने के लिए क्या करना है। इसके लिए मैं आईपीएल के नए सत्र का इंतजार कर रहा हूं।''

### राशिद खान ने खेला 61 का शानदार कार्ड

**जयपुर।** दिल्ली के गोल्फ खिलाड़ी अर्जुन प्रसाद ने शुक्रवार को यहां जयपुर ओपन 2024 के तीसरे दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेलकर लगातार तीसरे दिन अपनी बढ़त बरकरार रखी। पच्चीस साल के अर्जुन (62-64-66) का कुल स्कोर 18-अंडर 192 हो गया और उनके पास एक शॉट की बढ़त है। इस बीच दो बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता और राशिद खान नौ अंडर 61 का शानदार कार्ड खेल कर संयुक्त 12वें से तालिका में दूसरे पायदान पर आ गए हैं। दिल्ली के इस खिलाड़ी का कुल स्कोर 17 अंडर 191 (64-68-61) है।

### पंजाब ने बिहार को हराकर चखा जीत का स्वाद

**मोहाली।** पंजाब ने रणजी ट्रॉफी में बिहार पर पारी और 67 रन की शानदार जीत हासिल की। मौजूदा सत्र की पहली जीत के बाद टीम 11 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

गुरनूर बराड़ के पांच विकेट की मदद से पंजाब ने बिहार की दूसरी पारी को 98 रन पर समेट कर पारी और 67 रन की जीत के साथ नॉकआउट चरण की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी। पंजाब की टीम दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 262 रन पर करने के बाद 300 रन पर आउट हो गई, जिससे टीम ने पहली पारी में 165 रनों की बढ़त हासिल की।

# भारत में न्यूजीलैंड के 'क्लीन स्वीप' के नायक रहे ऐजाज पटेल टीम से बाहर

**एजेंसी, वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)**

भारत के खिलाफ इस महीने के शुरू में तीसरे टेस्ट में 11 विकेट लेकर न्यूजीलैंड के ऐतिहासिक क्लीन स्वीप में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर ऐजाज पटेल को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया है।



पटेल ने भारत के खिलाफ मुंबई में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में 160 रन देकर 11 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने यह मैच 26 रन से जीता। वह तीन या इससे अधिक टेस्ट मैच की सीरीज में भारत का उसकी धरती पर सूपड़ा साफ करने वाली पहली टीम बन गई।

न्यूजीलैंड के चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें पटेल को जगह नहीं दी गई है। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 157 रन देकर 13 विकेट लेने वाले मिशेल सेंटनर टीम में शामिल एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर हैं, हालांकि वह केवल दूसरे और तीसरे टेस्ट में ही खेलेंगे।

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में 28 नवंबर से शुरू होगा। दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से वेलिंगटन में और तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से हैमिल्टन में खेला जाएगा।

**टीम।** टॉम लाथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, नाथन स्मिथ, टिम साउथी, केन विलियम्सन और विल यंग।

### घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद क्रिकेट से विदा लेंगे टिम साउथी

**न्यूजीलैंड** के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी इंग्लैंड के खिलाफ दिसंबर में घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेंगे। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में रिचर्ड हैडली (385) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज साउथी ने कहा कि हैमिल्टन में घरेलू मैदान पर तीसरा टेस्ट उनका आखिरी होगा। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 100 से अधिक टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी-20 मैच खेले हैं।



# इंग्लैंड ने जीती ट्वेंटी-20 सीरीज



**एजेंसी, ग्रोस आइलेट**

तेज गेंदबाज साकिब महमूद के शानदार प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर दो मैच बाकी रहते सीरीज जीत ली।

जीत के लिए 146 रन का लक्ष्य इंग्लैंड ने चार गेंद और तीन विकेट बाकी रहते हासिल कर लिया। सैम कुरेन (41) ने विल जैक्स (32) के साथ 38 और लियाम लिविंगस्टोन (39) के साथ 39 रन की साझेदारी की।

लिविंगस्टोन को छह, आठ और 21 रन के स्कोर पर जीवनदान भी मिला था। 'प्लेयर आफ द मैच' महमूद ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने मैच के पहले ही ओवर में एविन लुईस (तीन) को आउट किया। इसके बाद रोस्टन चेस (सात) और शिमरोन हेटमायेर (दो) के विकेट चटकाए।

वेस्टइंडीज ने पावरप्ले के भीतर 6 ओवर में 5 विकेट 39 रन पर गंवा दिए थे। कप्तान रोवमैन पावेल ने 54 रन बनाकर वेस्टइंडीज को आठ विकेट पर 145 रन तक पहुंचाया। चौथा मैच शनिवार को यहीं खेला जाएगा।

## फुटबॉल

### ब्राजील को विश्व कप क्वालीफाइंग में वेनेजुएला ने 1-1 से ड्रॉ पर रोका

# पराग्वे ने अर्जेंटीना को हराकर किया उलटफेर

**एजेंसी, एसनसियोन (पराग्वे)**

अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी और ब्राजील के विनिशियस जूनियर के लिए दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग दौर का मैच निराशाजनक रहा।

मेसी की अर्जेंटीना को पराग्वे ने 2-1 से हराया जबकि ब्राजील ने वेनेजुएला से 1-1 से ड्रॉ खेला। अर्जेंटीना इस हार के बावजूद दस टीमों के राउंड रॉबिन दौर में 11 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं ब्राजील 17 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। अन्य मैचों में इक्वाडोर ने बोलिविया को 4-0 से हराया। इक्वाडोर 16 अंक लेकर 5वें स्थान पर है जबकि बोलिविया 12 अंक के साथ 8वें स्थान पर है।

अर्जेंटीना ने पराग्वे में मैच खेला और मेजबान टीम ने स्थानीय प्रशंसकों के मेसी की शर्ट पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अधिकांश दर्शक पराग्वे की लाल और सफेद रंग की जर्सी पहने थे। अर्जेंटीना के लिए लौटारो मार्टिनेज ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। पराग्वे ने आठ मिनट बाद अंतोनियो सनाब्रिया ने बराबरी का गोल दागा। मेजबान खिलाड़ी एल्डेरेटे ने 47वें मिनट में विजयी गोल किया।



### दक्षिण कोरिया ने कुवैत को क्वालीफाइंग मैच में हराया

**मेलबोर्न।** सोन हियुंग मिन ने अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा, जिसकी मदद से दक्षिण कोरिया ने विश्व कप फटबॉल क्वालीफाइंग मुकाबले में कुवैत को 3-1 से मात दी। टोटेनहम के फॉरवर्ड मिन ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दक्षिण कोरिया ने एशिया के विश्व कप क्वालीफायर ग्रुप-बी में लगातार चौथी जीत दर्ज करके शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। दक्षिण कोरिया के लिए दूसरा गोल ओ सि हुन ने किया था। कुवैत के लिए मोहम्मद दाहम ने गोल किया, लेकिन कोरिया के बाए जुन हो ने तीसरा गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी। जोर्डन दूसरे और ईराक तीसरे स्थान पर है। वहीं ओमान उनके बाद है जिसने फलस्तीन को एक गोल से हराया। ग्रुप-ए में लाओस में ईरान ने उत्तर कोरिया को 3-2 से हराकर 13 अंक हासिल कर लिए। उजबेकिस्तान उससे तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है, जिसे कतर ने 2-3 से हराया। ग्रुप-सी में मेलबोर्न में ऑस्ट्रेलिया और सउदी अरब ने गोलरहित ड्रॉ खेला। इस ग्रुप में जापान शीर्ष पर है।

### स्नूकर खिलाड़ी पर पांच साल का प्रतिबंध

**शेफील्ड (इंग्लैंड)।** इंग्लैंड के स्नूकर खिलाड़ी मार्क किंग को मैच फिक्सिंग और खेल की छवि खराब करने के कारण शुक्रवार को पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।



50 वर्षीय किंग को यह सजा वेल्श ओपन में पिछले साल 13 फरवरी को जो पेरी के खिलाफ खेले गए मैच को फिक्स करने के लिए दी गई। किंग अपने करियर में 2003 में अपनी सर्वोच्च रैंकिंग 11 पर पहुंचे थे।

विश्व स्नूकर की सर्वोच्च संस्था ने किंग को इस मैच के एक महीने बाद ही निलंबित कर दिया था। अब एक स्वतंत्र अनुशासनात्मक आयोग ने फैसला सुनाया है कि किंग ने वह मैच फिक्स किया था। किंग पर यह प्रतिबंध 17 मार्च 2028 तक लागू रहेगा।